kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-285 | बुधवार, 19 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



नरेन्द्र मोदी जी के 'जल शक्ति के लिए जन शक्ति'' के प्रेरणादायी मंत्र को आत्मसात करते हुए ''नया उत्तर प्रदेश'' जल संरक्षण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यह उपलब्धि जन-भागीदारी, सुशासन और जल प्रबंधन के प्रति दृढ़ संकल्प का सशक्त परिणाम है। योगी आदित्यनाथ

सबकी भागीदारी से ही प्रभावी जल प्रबंधन संभव : मुर्मु 11

डॉ. डी.एन. मिश्रा को मिला 'बेहतर शिक्षाविद' अवार्ड 12

## संक्षेप

### दो एएसपी के तबादले, एक का निरस्त

**लखनऊ।** शासन ने मंगलवार को दो एएसपी का तबादला कर दिया गया जबकि एक एएसपी का पूर्व में किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। डीजीपी मुख्यालय के मुताबिक अरुण कुमार सिंह द्वितीय को 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के उपसेनानायक पद से एएसपी फतेहगढ़ बनाया गया है। इसी तरह गोरखपुर के एएसपी दक्षिणी जितेन्द्र कुमार प्रथम को 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ का उपसेनानायक बनाया गया है। उन्हें पहले पुलिस भर्ती बोर्ड के एएसपी पद पर भेजा गया था, जिसे निरस्त कर नई तैनाती दी है। इसके अलावा पुलिस भर्ती बोर्ड के एएसपी आलोक कुमार जायसवाल का एएसपी फतेहगढ़ के पद पर किया गया स्थानान्तरण निरस्त कर दिया गया है।

### मौर्य बिहार भाजपा विधायक दल के नेता चयन के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाये गए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बिहार भाजपा विधायक दल के नेता चयन के लिए केन्द्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया है। बिहार चुनाव के सह प्रभारी श्री मौर्य को भाजपा ने बुधवार को होने वाली विधायक दल के नेता चयन की बैठक के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा की तरफ़ से जारी की गई सूची के मुताबिक़ श्री केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और साध्वी निरंजन ज्योति को सह पर्यवेक्षक बनाया गया है। बिहार चुनाव की कमान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने हाथ में ले रखी थी लेकिन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को सह प्रभारी बनाया गया था। श्री मौर्य ने बिहार विस चुनाव परिणाम के बाद एक्स पर पोस्ट किया ''मगध जीता, अवध भी जीतेंगे। 2027 में 2017 दोहराएंगे।

### अनियमितताओं में सहकारिता के चार अधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश में विभिन्न जनपदों के कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों की जांच उपरांत सहकारिता विभाग तथा उप्र कोऑपरेटिव फ़ेडरेशन लिमिटेड के कुल चार अधिकारियों को कार्य में अनियमितता एवं गंभीर लापरवाही पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही इनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की गई है।
निलंबित अधिकारियों में महोबा के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक विनय कुमार तिवारी, उप्र कोऑपरेटिव फ़ेडरेशन लिमिटेड, महोबा के जिला प्रबंधक रज्जन लाल, देवरिया के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक रमेश त्रिपाठी और उप्र कोऑपरेटिव फ़ेडरेशन लिमिटेड, देवरिया के जिला प्रबंधक वीरेन्द्र यादव शामिल हैं। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि यह कार्रवाई स्पष्ट करती कि प्रदेश सरकार किसानों एवं आम जनता के हितों के प्रतिकूल कार्य करने वाले किसी भी अधिकारी को बख्शेगी नहीं।

# गृहमंत्री के अल्टीमेटम से 12 दिन पहले मारा गया नक्सली हिडमा

## हिडमा पर एक करोड़, पत्नी पर था 50 हजार का ईनाम, पांच अन्य नक्सली भी मारे गए

एजेंसी

नयी दिल्ली/राजमुंद्री /मारेडुमिली। आंध्र प्रदेश के राजमुंद्री के निकट अल्लूरी सीताराम राजू जिले के मारेडुमिली वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में छह माओवादी मार गिराए हैं। इनमें मोस्ट वांटेड माओवादी नेता और केंद्रीय समिति के सदस्य माडवी हिडमा और उसकी पत्नी राजक्का भी शामिल हैं। हिडमा पर एक करोड़ और उसकी पत्नी पर पचास लाख रुपये का इनाम था। सुरक्षा बलों ने मोस्ट वांटेड नक्सली 'कमांडर' मदवी हिडमा को जिस तरह 30 नवंबर की समय सीमा से 12 दिन पहले ही मार गिराया और नक्सलियों के खिलाफ जिस तरह से अभियान चल रहा है उससे लगता है कि देश से वामपंथी उग्रवाद का सफाया भी आगामी मार्च से पहले ही होने की संभावना है।

सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा से संबंधित एक बैठक में मदवी हिडमा को 30 नवम्बर तक खत्म करने के निर्देश दिये थे। सुरक्षा बलों ने इस निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 44 वर्षीय नक्सली नेता को आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के त्रि-जंक्शन पर स्थित घने पुल्लागंडी जंगलों में मार गिराया।

सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने देश से माओवादी समस्या के उन्मूलन के लिए



अगले वर्ष 31 मार्च की समय सीमा तय की है लेकिन जिस तरह से नक्सलियों के खिलाफ अभियान चल रहे हैं उससे वामपंथी उग्रवाद के इस समय सीमा से पहले ही खत्म हो जाने की संभावना है।

वर्ष 1981 में सुकमा में जन्मा हिडमा पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) की बटालियन का कमांडर और माओवादी केंद्रीय समिति का सदस्य था। सूत्रों का कहना है कि ऐसा माना जाता था कि वह बस्तर से इस शीर्ष नेतृत्व समूह का हिस्सा बनने वाला एकमात्र आदिवासी सदस्य था। वह 26 से अधिक बड़े नक्सली हमलों में शामिल था जिससे वह सबसे खूंखार नक्सलियों में शुमार था।आंध्र प्रदेश के पुलिस महानिदेशक हरीश कुमार गुप्ता ने बताया कि आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों में माओवादियों की गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबल ने मंगलवार सुबह छह बजे से इलाके में तलाशी अभियान चलाया था। इसके चलते उत्तर आंध्र में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मारेडुमिली वन क्षेत्र में माओवादियों ने सुरक्षाबल को देखकर फायरिंग कर दी। इसके जवाब में सुरक्षाबलों ने जवाबी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने छह माओवादियों को ढेर कर दिया। मारे गए लोगों की पहचान मोस्ट वांटेड माओवादी नेता और केंद्रीय समिति के सदस्य माडवी हिडमा, उसकी पत्नी राजक्का के अलावा उसके साथी मल्ला, देवे, चेल्लूरी नारायण उर्फ सुरेश और टेक शंकर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हिडमा पर एक करोड़ और उसकी पत्नी ● शेष पेज 11 पर

### आंध्र में पुलिस ने 31 माओवादियों को गिरफ्तार किया

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने मंगलवार को विजयवाड़ा जिले में 21 महिलाओं समेत 27 माओवादियों को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार विजयवाड़ा में हिरासत में लिए गए 27 माओवादियों में 21 महिलाएं और छह पुरुष शामिल हैं, जो सभी न्यू ऑटोनगर इलाके में एक आवासीय इमारत में छिपे हुए थे। पुलिस ने एक अलग अभियान में काकीनाडा में चार और माओवादियों को गिरफ्तार किया गया, जिससे गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 31 हो गई। काकीनाडा में गिरफ्तार किए गए चार लोग एक घर में पाए गए, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर अस्थायी ठिकाने के रूप में किया जा रहा था। आंध्र प्रदेश इंटेलिजेंस के अतिरिक्त महानिदेशक महेश चंद्र लड्डा ने पुष्टि की कि नौ केंद्रीय समिति सदस्यों समेत 31 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों ने खुलासा किया है कि एएसआर ज़िले के मारेदुमिल्ली में हुई भीषण मुठभेड़ के दौरान, जहां शीर्ष माओवादी नेता हिडमा और पांच अन्य मारे गए थे, पुलिस ने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ भी बरामद किए। इन दस्तावेज़ों में कथित तौर पर विजयवाड़ा और काकीनाडा में छिपे माओवादी कार्यकर्ताओं का ज़िक्र था। इस खुफिया जानकारी के आधार पर, ग्रेहाउंड्स और ऑक्टोपस के जवानों ने दोनों जगहों पर ताबड़तोड़ छापे मारे और ये गिरफ्तारियां की। । उन्होंने बताया कि ग्रेहाउंड्स और ऑक्टोपस के पुलिसकर्मी गिरफ्तार माओवादियों को पूछताछ के लिए एक अज्ञात जगह ले गए। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इमारत से हथियार भी बरामद किए हैं। यह भी बताया गया है कि महिला संगठन का नेतृत्व कर रही एक महिला ने माओवादियों को इमारत में शरण दिलाने में मदद की थी। गिरफ्तार माओवादियों को पूछताछ के लिए एक अज्ञात जगह ले जाया गया। यह भी पता चला है कि इमारत से हथियार भी बरामद किए गए हैं।

# फसल बीमा योजना का दायरा बढ़ा

एजेंसी



**राहत**

❒ जंगली जानवरों और जलभराव से हुए किसानों के नुकसान की होगी भरपायी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दायरे में अब जंगली जानवरों और धान जलभराव के कारण फसल के होने वाले नुकसान को भी शामिल कर लिया गया है। इससे संबंधित नयी प्रक्रियाएं खरीफ 2026 के सत्र से लागू होंगी।

यह जानकारी मंगलवार को यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में दी गयी। नए नियम के अनुसार अगर कोई जानवर किसी किसान की बीमित फसल को नुकसान पहुंचाता है तो उसे बीमे की रकम मिल सकेगी। फसल बीमा का लाभ लेने के लिए किसान को जंगली जानवर के फसल को नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर फसल बीमा ऐप पर जियो-टैग्ड फोटो सहित दर्ज करनी होगी। इसमें कहा गया है कि जंगली जानवरों से हुए फसल के नुकसान को 'स्थानीयकृत जोखिम श्रेणी' में पाँचवें 'ऐड-ऑन कवर' के रूप में मान्यता दी गई है। राज्यों को ऐसे प्रभावित इलाकों की पहचान करने और नुकसान पहुंचाने वाले जंगली जानवरों की सूची जारी करने को कहा गया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने मंत्रालय का कहना है कि यह कदम लंबे समय से राज्यों की मांगों के अनुरूप है और इसका उद्देश्य अचानक होने वाले नुकसान से किसानों को राहत देना है। इसी के साथ धान के जलभराव से होने वाले नुकसान को भी 'स्थानीयकृत आपदा श्रेणी' में दोबारा शामिल कर लिया गया है। वर्ष 2018 में इस जोखिम को हटाए जाने के बाद किसानों को बीमा सुरक्षा को लेकर समस्या आ रही थी। जलभराव के चलते तटीय और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में धान के किसानों को अक्सर जलभराव से भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

गौरतलब है कि देशभर में किसान लंबे समय से हाथी, जंगली सूअर, नीलगाय, हिरन और बंदरों जैसे जंगली जानवरों के हमलों के कारण फसल के नुकसान का सामना करते रहे हैं। यह समस्या जंगलों के पास खेती करने वाले किसानों को अधिक आती है। अब तक ऐसे नुकसान फसल बीमा योजना के दायरे में नहीं आते थे, जिसके कारण किसानों को भारी नुकसान हो जाता था। दूसरी और तटीय एवं बाढ़ संभावित क्षेत्रों में धान के किसानों को वर्षा और नदी-नालों के उफान से होने वाले जलभराव के कारण समान रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ता रहा है। इस मामले में गठित विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वीकृत कर दिया है। मंत्रालय का कहना है कि नई प्रक्रियाएँ वैज्ञानिक, ● शेष पेज 11 पर

# सीआईसी चयन सूची सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) में नियुक्ति के लिए चुने गये उम्मीदवारों के नामों का सार्वजनिक रूप से खुलासा करने का निर्देश देने से एक बार फिर इनकार कर दिया है। इसके साथ ही आगाह किया है कि इस समय ऐसा खुलासा प्रतिकूल साबित हो सकता है और प्रक्रिया में और देरी हो सकती है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ सोमवार को आरटीआई कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें केंद्रीय और राज्य सूचना आयोगों में अधिक पारदर्शिता और समय पर नियुक्तियों की मांग की गयी थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने तर्क दिया कि चयनित उम्मीदवारों का खुलासा आवश्यक है ताकि नियुक्तियों को अंतिम रूप देने से पहले उनकी योग्यता या आचरण के बारे में



उपयुक्त जानकारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति सामने आ सके। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के 2018 के फैसले का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि सूचना आयोगों के लिए चयनित उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक किये जाने चाहिये। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने हालांकि यह भी कहा कि समय से पहले खुलासा करने से आरोप-प्रत्यारोप लग सकते हैं जिससे सरकार को नियुक्तियों को स्थगित रखने का औचित्य मिल सकता है। पीठ ने कहा, ''अगर किसी गलत व्यक्ति की नियुक्ति होती है तो आप ● शेष पेज 11 पर

## सोनभद्र खनन हादसा रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म, सात शव बरामद

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में ओबरा थाना क्षेत्र के बील्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में पहाड़ी धंसने से मलबे में दबे सात मजदूरों के शव बरामद करने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया गया है। जिलाधिकारी बी एन सिंह ने मंगलवार को बताया की खनन हादसे के बाद चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में कुल सात मजदूरों के शव बरामद किए गए है। मृतकों में राजू सिंह गोड़ (28), रविन्द्र गोड़ (25), इन्द्रजीत यादव (34) , संतोष यादव (32) रामखेलावन खरवार (35) गुलाब खरवार (32) तथा कृपा शंकर (30) के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए है। जिलाधिकारी ने बताया की खनन हादसे की सुचना मिलते ही आसपास की कंपनियों व एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमों द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। शनिवार की रात से मंगलवार के दोपहर तक शवों को खोजने का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया था। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ व एसडीआरएफ व खान सुरक्षा से संबंधित अधिकारियों की ● शेष पेज 11 पर

# अल-फलाह विवि के कार्यालय व परिसरों पर ईडी का छापा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विस्फोट मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय और दिल्ली के ओखला स्थित कार्यालय समेत 25 से अधिक परिसरों पर छापे मारे हैं।

यह छापेमारी दिल्ली में लाल किला के पास हुए विस्फोट से जुड़े धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण की विस्तारित जांच का एक हिस्सा है। इस विस्फोट में 15 लोगों की जानें गयी थीं। ईडी टीमों ने मंगलवार सुबह 5:15 बजे शुरू हुए एक समन्वित अभियान में अल-फलाह विश्वविद्यालय के ओखला कार्यालय सहित दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। जांच का उद्देश्य उस वित्तीय नेटवर्क का पता लगाना है, जिसने विस्फोट करने वालों की मदद की थी। यह मामला तब शुरू हुआ, जब अल-फलाह विश्वविद्यालय से जुड़े एक डॉक्टर डॉ. उमर नबी की पहचान उस आई20 कार के चालक के रूप में हुई, जिसमें विस्फोट हुआ था। विश्वविद्यालय ने हालांकि शुरुआत में डॉ. नबी से खुद को अलग रखा, लेकिन बाद में दिल्ली अपराध शाखा और हरियाणा पुलिस की जांच में संस्थान के भीतर बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। इसके बाद ईडी ने हस्तक्षेप किया और धन शोधन की जांच शुरू की। इस छापेमारी ने वित्तीय धोखाधड़ी के एक जटिल जाल का पर्दाफाश किया है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अल फलाह समूह से जुड़ी कम से कम नौ फर्जी कंपनियां एक ही पते पर पंजीकृत हैं और सभी जांच के घेरे में हैं। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ञअल फलाह ट्रस्ट और उससे जुड़ी संस्थाओं की भूमिका पर कड़ी नजर रखी जा ● शेष पेज 11 पर

## चयन आयोग ने टीजीटी 2022 परीक्षा किया स्थगित

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज ने प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक परीक्षा (टीजीटी) चयन लिखित परीक्षा विज्ञापन संख्या 01-2022 को आज स्थगित कर दिया है। यह परीक्षा 18 व 19 दिसम्बर को प्रदेश में आयोजित होने वाली थी। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज की आज हुई बैठक में परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। आयोग के उप सचिव ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि टीजीटी के परीक्षा कार्यक्रम की आगामी तिथि बाद में घोषित की जाएगी। आयोग के टीजीटी परीक्षा स्थगित करने की जानकारी उप सचिव ने दी है। जबकि परीक्षा से सम्बंधित जानकारी देने के लिए आयोग में परीक्षा नियंत्रक देवेन्द्र प्रताप सिंह हैं। लेकिन वह परीक्षा से सम्बंधित कोई जानकारी नहीं देते हैं। इससे आये दिन उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज की खूब किरकिरी होती है। उल्लेखनीय है कि, उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज की अध्यक्ष प्रो (डॉ) कीर्ति पाण्डेय ने इस्तीफा दे दिया है। प्रभारी अध्यक्ष रामसुचित परीक्षा से सम्बंधित कोई निर्णय नही लें पा रहे हैं। इससे लाखों प्रतियोगियों को भारी परेशानी हो रही है।

# आतंकवाद को लेकर कोई लीपापोती नहीं की जा सकती : डा. जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री डा.एस जयशंकर ने आतंकवाद को गंभीर खतरा बताते हुए दुनिया से इसे कतई बर्दाश्त नहीं करने का आह्वान किया है और कहा है कि आतंकवाद को लेकर कोई लीपापोती नहीं की जा सकती। डा. जयशंकर ने बदलती परिस्थितियों के अनुरूप शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की कार्य प्रणाली में सुधारों की भी पुरजोर वकालत की है। दुनिया भर में आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच आपूर्ति से संबंधित जोखिमों को भी उन्होंने चिंता का विषय करार दिया।

विदेश मंत्री ने मंगलवार को रूस की राजधानी मास्को में एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि इस संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की बुराइयों से निपटने के लिए की गयी थी लेकिन बीते वर्षों में ये खतरे और गंभीर हो गये हैं। उन्होंने सभी तरह के आतंकवाद



को कतई बर्दाश्त नहीं करने का आह्वान करते हुए कहा कि इसे किसी भी तरीके से उचित नहीं ठहराया जा सकता और इस मामले में कोई लीपापोती नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवादी हमलों के जवाब में अपने लोगों की रक्षा करने के अधिकार का इस्तेमाल किया है।

उन्होंने कहा , '' हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि एससीओ की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की तीन बुराइयों से निपटने के लिए की गई थी। बीते वर्षों में ये खतरे और भी गंभीर हो गए हैं। यह आवश्यक है कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और ● शेष पेज 11 पर

## सीएम योगी ने उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का किया लोकार्पण, कहा–

# अब प्रदेश को अपराध और अपराधी स्वीकार नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के बाद का नया उत्तर प्रदेश अपराध को कतई स्वीकार नहीं करता है। यदि किसी ने यहां अपराध करने की जुर्रत की तो उसे हरहाल में उसकी कीमत भी चुकानी होगी। वह दौर खत्म हो गया जब पीड़ित तड़पता, भटकता था और अपराधी मौज-मस्ती करते थे। अब प्रदेश सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत साक्ष्य संकलन और फॉरेंसिक साइंस लैब्स (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) के जरिए इसके प्रमाणन की ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर दी है कि कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा।

सीएम योगी मंगलवार को बी से ए क्लास में उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला (आरएफएसएल) गोरखपुर के नवीन उच्चीकृत भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। छह मंजिला हाईटेक नवीन भवन के निर्माण पर 72.78 करोड़ रुपये की लागत आई है।

**योगी बोले**

❒ 2.78 करोड़ रुपये की लागत से बना छह मंजिला हाईटेक नवीन भवन

❒ बी से ए क्लास में उच्चीकृत हुई क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला

उच्चीकृत आरएफएसएल का फीता काटकर उद्घाटन करने और यहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि आबादी के लिहाज से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सिर्फ चार फॉरेंसिक साइंस लैब थे। सरकार बनने के बाद उन्होंने यह तय किया कि हर कमिश्नरी में एक फॉरेंसिक साइंस लैब होनी चाहिए। इससे आठ वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है। छह लैब निर्माणाधीन हैं। जल्द ही सभी कमिश्नरी में फॉरेंसिक



साइंस लैब होंगे। इन लैब्स में हर प्रकार की फॉरेंसिक जांच होगी जो साक्ष्य को प्रमाणित कर अपराधियों को कठोर दंड दिलाने का आधार बनेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले साक्ष्य इकट्ठे होने पर भी अच्छी फॉरेंसिक साइंस लैब के अभाव में अपराधी बच जाते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में गत वर्ष जुलाई से तीन नए कानून (भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य संहिता 2023) लागू होने के बाद फॉरेंसिक साइंस लैब्स की उपयोगिता और बढ़ गई है। नए कानून में सात वर्ष से अधिक कारावास वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच को अनिवार्य कर दिया है। इन कानूनों के लागू होने से काफी पहले ही यूपी सरकार ने लैब्स स्थापित करने की तैयारी शुरू कर दी थी।

सीएम योगी ने बताया कि गोरखपुर में अपग्रेडेड फॉरेंसिक साइंस लैब में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी जो सटीक जांच करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर की यह उच्चीकृत लैब उन चुनिंदा संस्थानों में शामिल होगी जहां बैलेस्टिक, नार्कोटिक्स, सेरोलॉजी, साइबर फॉरेंसिक, डीएनए प्रोफाइलिंग, डाक्यूमेंट विश्लेषण से लेकर सभी उन्नत फॉरेंसिक परीक्षण संभव होंगे। ऐसी क्षमता से पुलिस के कार्य में गति, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इसे लागू करने प्रयासों के तहत आठ सालों में प्रदेश में 2 लाख 19 हजार पुलिस कार्मिकों की भर्ती की गई है। इसमें 60244 कार्मिकों की भर्ती हाल ही में संपन्न हुई है। उन्होंने कहा कि आठ वर्षों में यूपी में जितनी पुलिस भर्ती हुई है, उतनी कई राज्यों की कुल पुलिस फोर्स नहीं है। सीएम ने कहा कि 2017 में पुलिस ट्रेनिंग की कुल क्षमता 6000 की थी। तब 30000 भर्ती होने पर किराए पर ट्रेनिंग सेंटर लेने पड़े थे। आज प्रदेश में ● शेष पेज 11 पर

# दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

**तिलक समारोह से लौट रहे थे दोनों, एसडीएम और पूर्व विधायक ने पहुंचकर बंधाया ढांढस**

**शव पहुंचते ही नगराम कस्बे में कोहराम मच गया, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल**





कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। बीते सोमवार की देर रात नगराम कस्बा स्थित ब्राह्मण टोला के दो युवकों की एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गंगागंज में सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी के समीप स्थित कट पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नगराम कस्बे के ब्राह्मण टोला निवासी अश्वनी यादव (40 वर्ष) व जितेंद्र कुमार यादव उर्फ बबलू (44 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों करीमनगर में तिलक समारोह में शामिल होकर सोमवार रात लगभग 10 बजे घर लौट रहे थे। परिजनों ने बताया कि कट पर अचानक आए अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी, जिससे दोनों दोस्त सड़क पर ही ढेर हो गए। सूचना पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक अश्वनी यादव पूर्व में सभासद रह चुके हैं, जबकि वर्तमान में उनकी पत्नी मीनू यादव नगराम की सभासद हैं। अश्वनी यादव अपनी दो बेटियों शगुन और क्यूटी के साथ परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। वहीं जितेंद्र उर्फ बबलू अविवाहित थे और अपने परिवार में बड़े भाई थे। मंगलवार शाम जब दोनों युवकों के शव नगराम पहुंचे तो पूरे कस्बे में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मोहनलालगंज उपजिलाधिकारी पवन पटेल और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर भी मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर सम्भव सरकारी मदद दिलाने का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

# ऊर्जा मंत्री ने दोहरीघाट-गोठां मार्ग के सुदृढ़ीकरण कार्य का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने मऊ प्रवास के दौरान भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा दोहरीघाट में सरयू नदी से गोठां ग्राम तक बनाई गई सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का लोकार्पण किया। कुल 5.3 किलोमीटर लंबी इस सड़क के उन्नयन पर 5.71 करोड़ रुपए की लागत आई है।

सड़क के सुदृढ़ीकरण से स्थानीय लोगों को सुगम, सुरक्षित और तेज़ आवागमन की सुविधा मिलेगी। दोहरीघाट कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसान, व्यापारी, विद्यार्थी, मरीज और रोज़मर्रा के यात्रियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर सड़क से न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी।




ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने इस सड़क के उन्नयन हेतु सहयोग के लिए भारत सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार जनता के हितों के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और क्षेत्र में जो भी विकास कार्य आवश्यक होंगे, उन्हें हर हाल में कराया जाएगा। श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि रखी जाए और निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे हों। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि विकास योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिले की किसी भी समस्या या जनहित के किसी भी कार्य की जानकारी उन्हें देते रहें। हम जनसेवा के लिए निकले हैं और जनसेवा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी, अन्य विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## कोरांव में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जंयती के उपलक्ष्य में एकता यात्रा का आयोजन

**कोराव प्रयागराज।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर नगर पंचायत कोरांव में एकता यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के आदेश के क्रम में पुलिस बल और जिला अपराध निरोधक कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर तहसील सचिव दिग्विजय सिंह, संयुक्त सचिव संगम लाल जायसवाल, मीडिया प्रभारी मोहम्मद असलम, क्षेत्रीय प्रभारी चंद्र प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व राज्यमंत्री ने बिहार चुनाव के नतीजों पर उठाए सवाल



**लखनऊ।** पूर्व राज्यमंत्री व सपा नेता सलाहुद्दीन सिद्दीकी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए दावा किया कि गरीबों और अल्पसंख्यकों के वोट जानबूझकर काटे गए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 30 सितंबर 2025 तक बिहार में मतदाता संख्या 7.42 करोड़ थी। पहले चरण में 3,75,13,207 लोगों ने मतदान किया (65.08%), जबकि दूसरे चरण में 3,70,13,556 लोगों ने मतदान किया (68.76%)। दोनों चरणों को मिलाकर कुल मतदाता 7,45,26,858 और औसत मतदान प्रतिशत 66.91% हुआ यानी कुल वोट 4,98,65,920 पड़ने चाहिए।

## अवैध ढाबों पर पीडीए का बुलडोजर, चार ढाबे ध्वस्त

**प्रयागराज।** अवैध निर्माण और अनधिकृत व्यापार के खिलाफ प्रयागराज विकास प्राधिकरण का अभियान लगातार जारी है। सोमवार को पीडीए की प्रवर्तन टीम ने जोनल अधिकारी के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए चार ढाबों को ध्वस्त कर दिया। ये ढाबे बिना अनुमति के बनाए गए थे और लंबे समय से अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि इन ढाबों को रविवार को ही सील कर दिया गया था, जिसके बाद सोमवार को अंतिम चरण की कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया गया। प्राधिकरण ने सभी संबद्ध व्यक्तियों के खिलाफ कैंट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। पीडीए ने स्पष्ट किया है कि अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## माघ मेला की तैयारियों का निरीक्षण, पुलिस कमिश्नर अलर्ट

**प्रयागराज।** आगामी माघ मेला 2026 को सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। सोमवार को पुलिस कमिश्नर योगेंद्र कुमार ने एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजय पाल शर्मा के साथ मेला क्षेत्र का विस्तृत भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, पुलिस प्वाइंट, बैरिकेडिंग और सुरक्षा चेकिंग व्यवस्थाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए। मौके पर क्द्ध सिटी मनीष कुमार शांडिल्य और एसीपी झूंसी विमल किशोर मिश्रा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश भी दिए गए।

## सिंचाई विभाग का ड्राफ्टमैन घूस लेते गिरफ्तार

**प्रयागराज।** सिंचाई विभाग में भ्रष्टाचार का एक और मामला सामने आया है। विजिलेंस टीम ने ड्राफ्टमैन जितेंद्र कुमार को 11 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर एक फर्म संचालक से कंस्ट्रक्शन वर्क पास कराने के नाम पर एक प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप था। शिकायत मिलते ही विजिलेंस ने जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत की रकम स्वीकार करते ही गिरफ्तार कर लिया। टीम ने मौके से रकम बरामद कर उसे हिरासत में ले लिया। विभागीय अधिकारियों को भी पूरे प्रकरण की जानकारी भेज दी गई है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विजिलेंस टीम ने साफ कहा कि सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## दो तस्कर गिरफ्तार, 230 ग्राम नशीला पाउडर बरामद

**प्रयागराज।** नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। सोमवार को ट्टग्क्क यमुनानगर और मेजा कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने दो आरोपियों—बालकुमार और कोमल केसरी—को गिरफ्तार किया है। टीम ने उनके कब्जे से 230 ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया, जिसकी बाजार कीमत लाखों में बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी क्षेत्र में नशीले पदार्थ की सप्लाई का काम कर रहे थे। टीम लंबे समय से इनके मूवमेंट पर नजर रख रही थी और मुखबिर की सूचना पर दोनों को दबोच लिया गया। पुलिस ने बरामद पाउडर को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है। आरोपियों पर गक्ष्ड्ड एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्रवाई में दोनों टीमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## टीजीटी चयन परीक्षा स्थगित, नई तिथि जल्द जारी करेगा आयोग

**प्रयागराज।** यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग ने टीजीटी चयन परीक्षा (विज्ञापन संख्या 01–2022) को स्थगित करने का निर्णय लिया है। यह परीक्षा 18 और 19 दिसंबर को आयोजित होनी थी, लेकिन मंगलवार को हुई समीक्षा बैठक में परीक्षा को फिलहाल टालने का फैसला लिया गया। आयोग ने बताया कि कुछ प्रशासनिक और तकनीकी कारणों के चलते परीक्षा स्थगित करना आवश्यक हो गया। नई तिथि जल्द घोषित की जाएगी। परीक्षा स्थगित होने से हजारों अभ्यर्थियों में निराशा है, क्योंकि कई परीक्षार्थियों ने यात्रा और रहने की तैयारी पहले से कर रखी थी। आयोग ने अभ्यर्थियों से आधिकारिक वेबसाइट पर अपडेट देखते रहने की अपील की है ताकि नई तिथि जारी होने पर उन्हें तुरंत जानकारी मिल सके।

## 25 नवम्बर को आयोजित होगी सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) अदालत

प्रयागराज। महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वितीय कार्यालय के वरिष्ठ लेखाधिकारी/निधि–1 ने जानकारी दी कि लेखा परीक्षा सप्ताह 16 से 27 नवम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत 25 नवम्बर, मंगलवार को अपरान्ह 3:00 से 5:00 बजे तक सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) कार्यशाला एवं जीपीएफ अदालत का आयोजन जिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में प्रस्तावित है। अधिकारियों ने बताया कि जीपीएफ से जुड़े जिन अभिदाताओं की शिकायतें या प्रकरण लंबित हैं, वे इस अदालत के माध्यम से समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

## अवध प्रान्त में 20 नवंबर से गृह सम्पर्क अभियान शुरू करेगा आरएसएस

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अवध प्रान्त में 20 नवंबर से गृह सम्पर्क अभियान शुरू करेगा। संघ ने अवध प्रान्त में 40 लाख घरों से सम्पर्क की योजना बनाई है। इस अभियान में 20 हजार टोलियों के माध्यम से करीब एक 80 हजार कार्यकर्ता एक माह तक घर–घर जाकर लोगों से सम्पर्क करेंगे। सम्पर्क अभियान के तहत हर गांव, हर बस्ती के अधिकतम घरों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। यह अभियान एक तरह से सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी होगा।

# नवयुग कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को दी गई एसआईआर की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय लखनऊ में मंगलवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय ने की।

सिटी मजिस्ट्रेट सतीश त्रिपाठी ने एनसीसी कैडेट एवं एनएसएस की स्वयंसेविकाओं को बताया कि आगामी निर्वाचन की शुचिता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी एप के माध्यम से किस प्रकार से प्रत्येक मतदाता के पहचान पत्र का पुनरीक्षण किया जा रहा है ताकि आगामी चुनाव में वोटर लिस्ट में किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा कमी शेष न रह सकेऋ उन्होंने उपस्थित एनसीसी कैडेट एवं एनएसएस की स्वयंसेविकाओं को एसआईआर के लिए भरे जाने वाले फॉर्म के विषय में विस्तृत जानकारी दी और फार्म को भरने तथा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का प्रशिक्षण भी दिया। उन्होंने छात्राओं को फार्म 6, फार्म 7 एवं फॉर्म 8 के विषय में बताते हुए कहा कि जिन छात्राओं के नाम अभी मतदाता सूची में नहीं है वह ऑनलाइन फॉर्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करवा सकती हैं।

यह कार्यक्रम एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के संचालन तथा एनएसएस अधिकारी डॉ चंदन मौर्य, डॉ मनीषा बरौनिया, दीक्षा के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट एवं एनएसएस की स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं। इसके अलावा कॉलेज में आज नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता के लिए छात्राओं को प्राचार्या ने शपथ दिलाई गई। छात्राओं ने शपथ ली कि वे सभी अपनी क्षमता के अनुसार प्रदेश और देश को नशा मुक्त करने का हर संभव प्रयास करेंगी।

# पुलिस आयुक्त ने साइबर अपराध और अपराध शाखा की समीक्षा कर दिए कड़े निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल ने आज साइबर अपराध तथा अपराध शाखा की व्यापक समीक्षा की। इस बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम, प्रभावी जांच और त्वरित कार्रवाई के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए।

पुलिस आयुक्त ने राष्ट्रीय साइबर शिकायत मंच पर दर्ज सभी शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, गंभीर मामलों को प्राथमिकता देने, पाँच लाख रुपये से अधिक की ठगी में तत्काल मुकदमा दर्ज करने तथा लंबित शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिया कि साइबर अपराध में प्रयुक्त मोबाइल नंबर और यंत्रों की पहचान संख्या को तुरंत बंद कराने, उसका अलग रजिस्टर बनाए रखने तथा ओटीपी और फर्जी नंबरों से जुड़े आंकड़े साझा किए जाएँ।



साथ ही कथित खातों (म्यूल खाते) की पहचान, बैंकों से समन्वय, खातों को तत्काल रोकने, थानों में अलग रजिस्टर बनाने और दोबारा गलती न दोहराने के लिए निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। प्यूमेंट मशीन (स्वाइप मशीन) से जुड़े धोखाधड़ी मामलों में संबंधित मशीन की सत्यापन जांच कर दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आदतन साइबर अपराधियों का विस्तृत डेटा-भंडार तैयार कर उनकी गतिविधियों की सतत निगरानी, डिजिटल विवरण बनाने तथा दोबारा अपराध करने पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। प्रतिबिम्ब मंच के माध्यम से संदिग्ध मोबाइल नंबर वाले हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर योजनाबद्ध कार्रवाई तथा विवेचना की समयबद्ध प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य की गई। बैठक के दौरान पुलिस उपायुक्त अपराध श्री सरवणन टी., अपर पुलिस उपायुक्त साइबर अपराध श्रीमती नीतू, सहायक पुलिस उपायुक्त साइबर अपराध श्री विदुष सक्सेना सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संरक्षित वन भूमि के अभिलेख अद्यतन के लिए जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संरक्षित वन भूमि से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वन विभाग में निहित ऐसी भूमि की सूची तैयार करने के निर्देश दिए, जिनका अब तक राजस्व अभिलेखों में अमलदरामद नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि संबंधित उपजिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी ऐसी भूमियों को राजस्व अभिलेखों में वन विभाग के नाम दर्ज किया जाए।

बैठक में बताया गया कि अधिकांश लंबित भूमि तहसील सोरांव, बारा और मेजा के अंतर्गत आती है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से अमलदरामद की कार्रवाई कराने को कहा। उन्होंने भारतीय वन अधिनियम की धारा 4 और धारा 20 के अंतर्गत



विज्ञापित वन भूमि को राजस्व अभिलेखों व नक्शों में अद्यतन कराने के निर्देश भी दिए। इसी क्रम में, उपजिलाधिकारी सोरांव, मेजा और बारा को वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत प्राप्त गैर-वन भूमि को राजस्व नक्शे में तरमीम करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत जनपद के 388 वेटलैंड्स का ग्राउंड टूथिंग और बाउंड्री डिमार्केशन चार दिनों में पूरा कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बारा को वनबंदोबस्त अधिकारी के रूप में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 6 और 20 से संबंधित अवशेष कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में सभी उपजिलाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे।

# ध्वजारोहण रामराज्य परिकल्पना की स्थापना, केसरिया ध्वज पर अंकित सूर्य के मध्य 'ऊं' श्रीराम के वंश का प्रतीक: चम्पत राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में ध्वजारोहण को राम राज्य की परिकल्पना, निर्भयता के निर्माण के वातावरण का सृजन और राम सब के और सब के राम की भावना की स्थापना बताया।

मंगलवार को मंदिर परिसर में पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने मंदिरके ध्वज पर अंकित प्रतीकों के सम्बन्ध में भी विस्तार से बताया। महामंत्री ने बताया कि ध्वज का केसरिया रंग ज्वाला और त्याग का प्रतीक है। इसे 161 फिट ऊंचे शिखर पर बाहर तीस फिट ध्वजदंड (कुल42 फिट) है। धरती से 191 फिट की ऊंचाई पर इसे चढ़ाया जाना है।

ट्रस्ट के महासचिव राय ने बताया कि केसरिया ध्वज पर सूर्य के मध्य 'ऊं' अंकित है। सूर्य प्रभु श्रीराम के वंश का प्रतीक और 'ऊं' परमात्मा का प्रथम नामाक्षर है। इसके अतिरिक्त कोविदार वृक्ष अयोध्या के राजवंश की सत्ता का चिह्न रहा है, जो वाल्मीकि रामायण और हरिवंश पुराण में वर्णित है। कोविदार के बारे में ज्ञानीजन बताते हैं कि तत्कालीन कश्यप ऋषि ने पारिजात और मंदार के संयोग से तैयार किया था। मान्यता है कि यह संसार का पहला हाइब्रिड प्लान्ट था। यह भी उल्लेख मिलता है कि इसी वृक्ष पर चढ़कर लक्ष्मण ने भरत को सेना के साथ वन में आते देखा था। उन्होंने बताया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिए आमंत्रित अतिथियों में तीन हजार अयोध्या जनपद के हैं। शेष प्रदेश के अन्य जिलों से हैं।

उल्लेखनीय है कि भगवान राम की नगरी अयोध्या में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा देश-विदेश की कई प्रमुख हस्तियां शामिल होने की संभावना है। ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों को तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## गाँजे के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कोराव (प्रयागराज ) कोराव पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक युवक को गाँजे के साथ धर दबोचा और विधिक कार्रवाही कर जेल भेज दिया , थाना कोराव पुलिस के अनुसार रत्योंरा मोड़ पेट्रोल पंप के आसपास एक ब्यक्ति एक झोला हाथ मे लेकर पैदल जा रहा था पुलिस को शक हुआ तो झोला की तलासी ली झोला में एक किलो 150 ग्राम लगभग कुल गांजा निकला जिसमे कुछ गाँजे की पुड़िया व कुछ खुला गाजा था पूछताछ में अपना नाम शैलेश जायसवाल पुत्र नेब्बू लाल निवासी कोसफ़रा थाना कोराव बताया यह कार्रवाही सहायक पुलिस आयुक्त मेजा एसपी उपध्याय के निर्देशन में हुआ गिरफ्तार करने में मुख्य रूप से थाना कोराव में तैनात उपनिरीक्षक मनीष सिह , गिरीश कुमार राय ,कांस्टेबल धर्मेश व नितेश ने गिरफ्तार कर धारा 8/10 एनडीपीएस के तहत अभियोग पंजिकृत कर न्यायालय पेश किया इस कार्रवाही से अन्य गाजा तस्करों में खलबली मच गई है।

# मीना मंच एवं पावर एंजिल सशक्तिकरण कार्यशाला सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव प्रयागराज। स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत मीना मंच तथा पावर एंजिल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता तथा जीवन कौशल शिक्षा विकसित करने तथा सेल्फ एस्टीम के क्रियान्वयन हेतु

राज्य परियोजना विभाग समग्र शिक्षा के तत्वावधान में राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त संदर्भदाता रमेंद्र कुमार सक्सेना तथा आभा रानी श्रीवास्तव ने सुगमकर्ताओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया । इस प्रशिक्षण में कुल 86 सुगमकर्ताओं ने प्रतिभाग किया । प्रशिक्षण का शुभारंभ के अवसर राज्य परियोजना विभाग समग्र शिक्षा प्रयागराज से ठगत्रख्क्क से इंजी. मोहम्मद कमर ने ऑनलाइन उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी कोराव मोहम्मद रिजवान ने सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सुगमकर्ताओं के द्वारा



जीवन कौशल एवं मॉड्यूल प्रगति के पंख, यूनिसेफ द्वारा निर्मित आधा फुल कॉमिक्स बुक के माध्यम से जेंडर स्टीरियोटाइप को तोड़ने के लिए सुगम कर्ताओं के प्रस्तुतीकरण की सराहना की । संदर्भदाता के रूप में रमेंद्र कुमार सक्सेना एवं आभा रानी ने सभी सत्रों को समयानुसार संपन्न किया इस दौरान वीरांगना ऐप, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, अरमान मॉड्यूल , पॉक्सो एक्ट आदि के बारे में भी प्रशिक्षण देते हुए प्रत्येक शनिवार को मीना मंच कैलेंडर एवं आदेशों निर्देशों के अनुरूप इस कार्यक्रम के संचालन की जानकारी भी दी गई । बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन एवं जिला समन्वयक ( बालिका शिक्षा) संतोष कुमार तिवारी के सपोर्टिव सुपरविजन में एवं खंड शिक्षा अधिकारी कोराव के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई । प्रशिक्षण के दूसरे दिवस पर ठगत्रख्क्क की ओर से इंजी. मोहम्मद कमर रजा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान ने सभी सुगमकर्ताओं से फीडबैक लिया एवम्‌ प्रमाणपत्र वितरित करके कार्यक्रम का समापन किया ।

## गार्डनिंग क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं: डॉ. वीरेंद्र सिंह

प्रयागराज। खुसरोबाग स्थित औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र में एकीकृत बागवानी विकास मिशन अंतर्गत माली (गार्डनर) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि गार्डनिंग ऐसा क्षेत्र है, जहां कम लागत में बड़ा व्यवसाय स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नए गार्डन विकास, पुष्प व्यवसाय, नर्सरी संचालन, किचन गार्डन सहित कई क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मौजूद हैं। तकनीकी सत्र में अजय श्रीवास्तव ने जैविक खाद व वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन की तकनीक समझाई। उद्यान निरीक्षक संदीप सिंह ने विभागीय योजनाओं व आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। केंद्र के विवेक श्रीवास्तव व अमित सिंह ने भी तकनीकी प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, भदोही, चित्रकूट, बांदा व ललितपुर के 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रशिक्षण वी.के. सिंह ने किया।

बेसिक शिक्षा मंत्री की नई पहल, किताबों की पढ़ाई तक सीमित न रहकर वास्तविक जीवन की परिस्थितियों को समझेंगे और सीखेंगे बच्चे

# उप्र में 'आनंदम' से बदलेगा स्कूली शिक्षा का स्वरूप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में स्कूली शिक्षा अब एक नए स्वरूप में दिखाई देगी। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह की इस नई पहल के तहत बच्चों को नए प्रयोगों के साथ ही स्थानीय उद्योगों से भी परिचित कराया जाएगा। इसके तहत कक्षा 6, 7 और 8 के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक शैक्षिक सत्र में 10 बैगलेस दिवस अनिवार्य किए गए हैं।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से तैयार 'आनंदम मार्गदर्शिका' के आधार पर सभी 75 जिलों के बीएसए को विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। इसका उद्देश्य बच्चों को आनंदपूर्ण, कौशल आधारित और अनुभवात्मक शिक्षा से जोड़ना है।

इन बैगलेस दिनों में छात्र बिना बैग के स्कूल आएंगे और शैक्षिक भ्रमण, प्रयोग, कला-शिल्प, खेल, वैज्ञानिक गतिविधियों, स्थानीय व्यवसायों से परिचय, प्राकृतिक अन्वेषण और सामुदायिक सहभागिता जैसी गतिविधियों में भाग लेंगे। विशेष रूप से, पहली बार बच्चे केस स्टडी भी करेंगे, जिससे वे केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रहकर वास्तविक जीवन की परिस्थितियों को समझेंगे और उनसे सीखेंगे।

बच्चों को व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाने वाले कौशल से जोड़ने का अवसर

कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य बच्चों में अवलोकन क्षमता, विश्लेषण, तर्क, रचनात्मकता, कौशल विकास, श्रम की गरिमा, आत्मनिर्भरता और स्थानीय संस्कृति से जुड़ाव को बढ़ावा देना है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि यह कार्यक्रम बच्चों को भविष्य में व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाने वाले कौशल से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

बच्चों में विकसित होगा रचनात्मकता, आत्मविश्वास और संस्कृति से गहरा जुड़ाव




## इस तरह सीखेंगे बच्चे

1. कौशल और अनुभव आधारित शिक्षा : बच्चे अवलोकन, प्रयोग, विश्लेषण, वर्गीकरण, तर्क और निष्कर्ष निकालने जैसे कौशल सीखेंगे।
2. वोकल फॉर लोकल और ओडीओपी से जुड़ाव : स्थानीय कलाकारों, कारीगरों और उद्योगों से सीधा संवाद होगा। स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को मजबूती मिलेगी।
3. श्रम की गरिमा और आत्मनिर्भरता : कौशल आधारित गतिविधियों से बच्चे श्रम का महत्व समझेंगे और भविष्य के व्यवसायों का व्यावहारिक अनुभव पायेंगे।
4. सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जागरूकता : स्मारकों, ऐतिहासिक स्थलों, संग्रहालयों और स्थानीय विरासत के बारे में गहरा ज्ञान बढ़ेगा।
5. समुदाय–स्कूल साझेदारी : प्रत्येक गतिविधि में समुदाय, अभिभावकों और विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी होगी, जिससे बच्चों को वास्तविक जीवन से जुड़ी जानकारी मिलेगी।

एससीईआरटी लखनऊ के निदेशक डॉ. गणेश कुमार का कहना है कि एससीईआरटी ने इस कार्यक्रम के लिए विभिन्न गतिविधियों की एक सूची तैयार की है, जिन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्थानीय उद्योग-व्यवसाय, तथा कला-संस्कृति-इतिहास श्रेणियों में बांटा गया है। प्रत्येक गतिविधि में आवश्यकतानुसार कारीगर, शिल्पकार, विशेषज्ञ, अभिभावक और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए भी एक समावेशी योजना तैयार की गई है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने इसे नवाचार की नई राह बताते हुए कहा कि इससे बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और राष्ट्र की संस्कृति से गहरा जुड़ाव विकसित होगा।

## उधार दिए गए रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उधरी का पैसा वापस मांगने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर आरोपी के खिलाफ जाँच कर कार्यवाई की माँग की है। गोसाईगंज के चाँद सराय गांव के बस स्टॉप निवासी सुखदेव सिंह का आरोप है कि उन्होंने सात माह पहले सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के अर्जुनगंज निवासी धीरज कुमार दीक्षित को करीब 21 हजार रुपये उधार दिए थे। जिसका मोबाइल से ऑन लाइन भुगतान किया गया था। लेकिन सात माह का समय बीत जाने के बाद जब आरोपी से रकम वापस मांगी गई। उधारी की रकम वापस करने के बजाय मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़ित के मुताबिक आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है।

## 43 लाभार्थियों को दिया गया 2.15 करोड़ का ऋण

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज ब्लॉक में मंगलवार को संपन्न हुई बीएलबीसी की बैठक में 43 लाभार्थियों को 2.15 करोड़ के ऋण वितरित किए गए। इस सभा में मुख्य रूप से एलडीएम मनीष पाठक के साथ विभिन्न बैंकों के अधिकारी व ऋण प्राप्तकर्ता उपस्थित रहे। एलडीएम मनीष पाठक ने कहा जिले के ऋणजमा अनुपात को बढ़ाने की दिशा में जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में यह विशेष प्रयास किया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा जिन्हें स्वीकृत पत्र दिया गया उनसे अपील है कि जिस कार्य हेतु ले रहे हैं वह कार्य ढंग से करें और लाभ प्राप्त होने पर समय अनुसार ऋण जमा भी करते रहें ताकि बैंक का भी घाटा ना हो और अपने जीवन में भी प्रगति कर सकें। एडीओ आईएसबी सर्वेश्वर पांडेय के साथ सभी बीएमएम व समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

## कैम्प लगा कर की जा रही एसआईआर प्रक्रिया

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंगलवार को पश्चिम मंडल दो के अंतर्गत कन्हैया माधवपुर द्वितीय वार्ड में मंडल महामंत्री मनोज चौरसिया एवं मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सुमित गुप्ता गोलू के द्वारा कराया गया। एस आई आर (मतदाता गहन पुनरिरीक्षण) बूथ नंबर क्रमशः 23 ,24, 25 के बी एल ओ के साथ कैंप लगाकर कार्य किया गया जिसमें मुख्य रूप से मंडल के उपाध्यक्ष रंजीत गुप्ता पूर्व मंडल महामंत्री भारत द्विवेदी पूर्व उपाध्यक्ष मोहित द्विवेदी वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह दीपू वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष मिश्रा राजू भैया जी गड़ी पीर का की पार्षद प्रत्याशी प्रतिभा मिश्रा कन्हैया माधवपुर प्रथम के पार्षद प्रत्याशी उदय चौरसिया कन्हैया माधोपुर द्वितीय के पार्षद प्रत्याशी प्रमोद प्रजापति शीतल रावत, किशोरी लाल ,धीरज लोधी आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भारत में 5.5 करोड़ से अधिक लोग सीओपीडी से पीड़ित : प्रो. वेद प्रकाश

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रो. (डॉ.) वेद प्रकाश ने कहा कि सीओपीडी विश्व में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है। वर्ष 2025 में दुनिया भर में 50 करोड़ से अधिक लोग इससे प्रभावित रहेंगे जबकि 2023 में यह संख्या 48 करोड़ के आसपास थी। उन्होंने बताया कि भारत में 5.5 करोड़ से अधिक लोग सीओपीडी से पीड़ित हैं। प्रो. (डॉ.) वेद प्रकाश ने मंगलवार को विश्व सीओपीडी दिवस2025 की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि इस वर्ष के थीम का उद्देश्य सांस फूलने जैसे प्रारम्भिक संकेतों की अनदेखी न करने और समय पर जांच कराकर उचित उपचार अपनाने पर बल देना है। उन्होंने कहा कि धूम्रपान, बढ़ता प्रदूषण, घरेलू बायोमास ईंधन का उपयोग, औद्योगिक धूलधुओं और बार–बार होने वाले श्वसन संक्रमण इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि पीएम2.5, पीएम10, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड जैसे प्रदूषकों के लगातार संपर्क से फ़ेफड़ों में सूजन और क्षति बढ़ती है, जिससे खांसी, बलगम, सांस लेने में कठिनाई, सीने में जकड़न और थकान जैसे लक्षण उभरते हैं। खराब वायु गुणवता सीओपीडी रोगियों में सांस फूलना बढ़ाने के साथ अस्पताल में भर्ती होने का खतरा कई गुना बढ़ा देती है। रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के प्रो आर एस कुशवाहा ने कहा कि पल्मोनरी विभाग में सीओपीडी की स्टेजिंग, फ़ेफड़ों की कार्यक्षमता जांच (स्पाइरोमेट्री), 6–मिनट वॉक टेस्ट, उच्च स्तरीय ऑक्सीजन थेरेपी, नॉन–इंवेसिव वेंटिलेशन, आईसीयू सुविधाएँ और पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन उपलब्ध हैं, जो मरीजों को बेहतर जीवन गुणवत्ता प्रदान करने में मदद करती हैं। गंभीर रोगियों के लिए समय पर क्रिटिकल केयर पहुँच जीवन रक्षक सिद्ध होती है। इस दौरान विशेषज्ञों ने सीओपीडी के उपचार में ब्रॉन्कोडाइलेटर, इन्हेल्ड कॉर्टिकोस्टेरॉइड, ऑक्सीजन थेरेपी, पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन और सर्जरी को महत्वपूर्ण बताया। धूम्रपान छोड़ना सबसे प्रभावी रोकथाम है।

# सरदार पटेल जी की दूरदर्शिता से अखंड भारत का निर्माण : पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश की 565 रियासतों के सफल एवं शांतिपूर्ण एकीकरण का अतिदुर्लभ कार्य सरदार पटेल ने अपनी लौह इच्छाशक्ति, अदम्य साहस, दूरदर्शिता तथा उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता से पूरा किया।

उन्होंने कहा कि आज का अखंड एवं सशक्त भारत, सरदार पटेल की राष्ट्रहित में अटूट निष्ठा और दृढ़ नेतृत्व की ऐतिहासिक देन है। उपमुख्यमंत्री श्री पाठक ने मंगलवार को लखनऊ में आयोजित 'सरदार पटेल एकता पदयात्रा' में प्रतिभाग किया। यह पदयात्रा आलमबाग से मवैया तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के सदस्यों तथा विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पदयात्रा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ा रही हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाएँ समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त, सुरक्षित और एकीकृत कर रही हैं। ये योजनाएँ सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि हैं। लखनऊ के विकास पर बोलते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में राजधानी ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र और राज्य सरकार ने लखनऊ को आधुनिक नगरीय ढाँचा, बेहतर कनेक्टिविटी तथा नए औद्योगिक अवसर प्रदान किए हैं। शहर में विभिन्न उद्योगों की स्थापना के साथ ब्रह्मोस यूनिट की स्थापना ने न केवल विकास को नई दिशा दी है, बल्कि सरदार पटेल के स्वावलंबी और सशक्त भारत के संकल्प को भी मजबूत किया है।

# फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों की रुक सकती है किसान सम्मान निधि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों की किसान सम्मान निधि की अगली किस्त रोकी जा सकती है। शासन प्रशासन द्वारा इन दिनों फार्मर रजिस्ट्री का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। जन सुविधा केदो पर कैंप के माध्यम से एवं पंचायत सहायकों को भी फार्मर रजिस्ट्री हेतु ऐप डाउनलोड कर कर फॉर्मर रजिस्ट्री कराई जा रही है। यह जानकारी देते हुए गोसाईगंज के खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह ने कहा की फॉर्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों की किसान सम्मान निधि रोकी जा सकती है। इसलिए कोई भी लापरवाही किए बिना समय से सभी किसान फार्मर रजिस्ट्री करा लें। खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह ने अपील की के आधार व खतौनी के साथ किसान लिंक मोबाइल नंबर लेकर जाएं और फार्मर रजिस्ट्री करा लें। आपको बता दें जिलाधिकारी विशाख जी के निर्देशानुसार



जिले के कई विभागों के अधिकारी फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य में जोर-जोर से लगे हुए हैं। पंचायत सचिव विनोद कुमार गौड़ द्वारा बक्कास व पहाड़ नगर टिकरिया गांव में भ्रमण कर कार्य किया गया वहीं सलेमपुर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान कुसुमा देवी व पंचायत सचिव राकेश यादव द्वारा वृहद स्तर पर कैंप लगाकर फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य करवाया गया।जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गौड़ भी कई बार ब्लॉकों का दौरा कर गांव गांव भ्रमण कर रहे हैं। एडीओ पंचायत, पंचायत सचिवों के साथ पंचायत सहायक व जन सुविधा केंद्र संचालक इस कार्य में जुटे हुए हैं।

# बच्चों को दिया गया यातायात जागरूकता का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव और सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को थाना ठाकुरगंज क्षेत्र के मल्लहपुर स्थित ब्राइट कैरियर स्कूल में यातायात जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक यातायात पार्क के प्रतिनिधि सुमित मिश्रा ने बच्चों को विभिन्न यातायात नियमों, संकेतों तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर व्यक्ति का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है।

अभियान में काकोरी टीआई देवेश शाही, अलीगंज के सहायक टीआई प्रमेश पाठक, खास मेहमान के तौर पर सीनियर जर्नलिस्ट जुनैद पठान, स्कूल का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। सभी ने



बच्चों को सुरक्षित यातायात का संदेश दिया और सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया।

स्कूल प्रशासन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में छोटी उम्र से ही ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जिससे भविष्य में दुर्घटनाओं की संभावना कम की जा सकती है।

स्कूल प्रबंधक रंजना द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यक्रम को संचालित करते हुए प्रधानाचार्य रेखा त्रिपाठी ने कहा कि स्कूल में समय समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम किए जाना बेहद आवश्यक है। इससे न केवल बच्चों में बल्कि अभिभावकों में भी जागरूकता फैलती है और सभी मिलकर सुरक्षित यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम का अरेंजमेंट स्कूल की वाइस प्रिंसिपल बुशरा एवं छात्र छात्राओं ने मिल कर किया, इससे साफ जाहिर है कि बच्चों में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह था और वो उत्सुकता से यातायात संबंधित सवाल भी करते नजर आए।

## लखनऊ में जनजातीय भागीदारी उत्सव का समापन

लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित जनजातीय भागीदारी उत्सव का मंगलवार को विधिवत समापन हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से आए जनजातीय कलाकारों ने लोकनृत्य, गीत-संगीत और पारंपरिक परंपराओं की प्रभावी प्रस्तुतियों से राजधानी के दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में लखनऊ के नागरिकों सहित बड़ी संख्या में आगंतुक मौजूद रहे।

समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड ने प्रदर्शनी और सांस्कृतिक मंच का अवलोकन किया। अरुणाचल प्रदेश से आए कलाकारों ने उन्हें पारंपरिक खादा और टांगों पहनाकर सम्मानित किया। राज्य मंत्री ने कहा कि जनजातीय संस्कृति देश की मूल पहचान है और सरकार इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उत्तराखंड के कलाकारों ने पारंपरिक पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत किए, जिनमें पर्वतीय संस्कृति और सामुदायिक परंपराओं की झलक दिखाई दी।

# महिलाओं को सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों व सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नगराम में मंगलवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने सहभागिता की। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी सब इंस्पेक्टर हिमांशु पांडेय, कांस्टेबल संजय चौहान, महिला कां0 सुमन पटेल एवं स्वाति सिंह और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने महिलाओं को कई आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें महिला हेल्पलाइन 181, यूपी पुलिस आपातकालीन नंबर 112 , चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 , साइबर हेल्पलाइन 1930 , वुमेन पावर लाइन 1090 शामिल रहे। इसके साथ ही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'सखी-वन स्टॉप सेंटर', पॉक्सो एक्ट, और मिशन शक्ति अभियान से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह, दहेज प्रथा, और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति भी महिलाओं को जागरूक किया गया। इस संदर्भ में संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम महिलाओं में आत्मनिर्भरता, अधिकारों की समझ और कानूनी जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# एसीपी ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। मंगलवार की शाम एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडेय ने नगराम कस्बे में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया। एसीपी ने मुख्य बाजार, भीड़भाड़ वाले स्थानों और यातायात व्यवस्था की स्थितियों का बारीकी से जायजा लिया तथा पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए। गश्त के दौरान एसीपी ने पुलिस कर्मियों को सतत पैदल गश्त, रात्रिकालीन पेट्रोलिंग, तथा कस्बे में संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बाजारों में सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने और बीट स्तर पर पुलिस सक्रियता बढ़ाने पर भी जोर दिया। एसीपी पांडेय ने राहगीरों और व्यापारियों से संवाद कर उन्हें सतर्क रहने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना डायल 112 पर देने की अपील की। गश्त के दौरान थाना प्रभारी विवेक चौधरी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। इसके बाद एसीपी ने थाना नगराम का त्रैमासिक निरीक्षण भी किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

आज़म ख़ान के समर्थन में बोले सपा के राष्ट्रीय सचिव सुफ़ियान कुरैशी

# यह लड़ाई इन्साफ़ और तालीम की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुफ़ियान क़ुरैशी ने वरिष्ठ नेता मोहतरम जनाब आज़म ख़ान साहब के समर्थन में बयान जारी करते हुए कहा कि एक शख़्स जिसने ख़ुद से ज़्यादा अपनी क़ौम का सोचा, आज उसी को कटघरे में खड़ा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज़म ख़ान का गुनाह केवल इतना था कि उन्होंने शिक्षा का ख़्वाब देखा और उसे पूरा किया। मो. अली जौहर विश्वविद्यालय उनके उसी सपने की ताबीर है, लेकिन इसके लिए उन्हें राजनीतिक साज़िशों का सामना करना पड़ रहा है।

सुफ़ियान क़ुरैशी ने स्वर्गीय अज़ीज़ क़ुरैशी की भूमिका का भी उल्लेख किया, जो उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मिज़ोरम के राज्यपाल रहे। उन्होंने बताया कि जब अज़ीज़ क़ुरैशी उत्तर प्रदेश के राज्यपाल थे, तब उन्होंने मो. अली जौहर विश्वविद्यालय को वह मंज़ूरी दिलाई, जिसे दो पूर्व



राज्यपाल आठ वर्षों तक रोकते रहे थे।

क़ुरैशी ने कहा कि मोहतरम आज़म ख़ान ने न कभी किसी का हक़ छीना और न किसी को दर्द दिया। उनका क़सूर सिर्फ़ इतना है कि उन्होंने मज़लूमों को तालीम और इज़्ज़त देने का काम किया। यह संघर्ष किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि इन्साफ़ और तालीम की लड़ाई है। उन्होंने विश्वास जताया कि सच्चाई की जीत अवश्य होगी और न्याय वापस लौटकर आएगा। उन्होंने कहा कि राजनीति की धुंध चाहे जितनी गहरी हो जाए, इन्साफ़ लौटकर आएगा और सरफ़रोशी की दास्तान बनकर सामने आएगा।

सुफ़ियान क़ुरैशी को स्वर्गीय अज़ीज़ क़ुरैशी का राजनीतिक वारिस माना जाता है और वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के क़रीबी समझे जाते हैं।

अंत में पढ़ा गया शेर...बातिल से दबने वाले ऐ आसमान नहीं हम,
सौ बार कर चुका है तू इम्तिहान हमारा।



## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO--LKO-MX-156-25-3 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.11.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.11.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.11.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.11.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-CIL-MX-148-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.11.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.11.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MEM-MX-142-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.11.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3580/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सरदार पटेल की 150 में जन्म जयंती पर एकता पदयात्रा आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 की जन्म जयंती अभियान के अंतर्गत सेवता विधानसभा में एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया यात्रा में मुख्य रूप से प्रदेश के महामंत्री व सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई इस अवसर पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। एकता पदयात्रा में भाजपा नेताओं के साथ-साथ स्थानीय समाजसेवी राष्ट्रभक्त एवं जन सामान्य की बड़ी भागीदारी रही। यात्रा उपरांत सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनूप गुप्ता ने बताया कि सरदार पटेल द्वारा भारत को मजबूत एवं अखंड करने के लिए जो योगदान दिया गया है वह अमूल्य एवं अभूतपूर्व रहा है सरदार पटेल प्रत्येक भारतवासी की धरोहर है भारतीय जनता पार्टी का यह प्रयास है कि हम सभी महापुरुषों के सम्मान में स्वयं को समर्पित रखें एवं उनके बताए हुए मार्ग को आत्मसात करते हुए राष्ट्र के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में बोलते हुए सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने बताया की सरदार पटेल द्वारा 526 रियासतों को भारत में मिलाकर भारत को अखंड बनाया गया और यह अखंडता अजर अमर है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ ? सरदार पटेल के बताएं मार्ग पर भारत के विकास को अग्रसर कर रहे हैं और हम सभी सरदार साहब की विरासत को सजोने का कार्य कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी का बच्चा-बच्चा सरदार पटेल को अपना आदर्श मानता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सरदार पटेल की जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी देश की सभी विधानसभाओं में एकता पदयात्रा आयोजित कर रही है इस पदयात्रा का एक ही उद्देश्य है कि भारत के सभी नागरिक एकता के सूत्र में पिरोए जाएं। ताकि दुनिया हमारी अखंडता की शक्ति का अनुभव कर सके और हमारा भारत दुनिया का सिरमौर बन सके इस अवसर पर सेवता विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता पदाधिकारी व जन सामान्य उपस्थित रहे।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट में भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहम्मदी खीरी । जनपद खीरी के मोहम्मदी क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एक और सफलता प्राप्त की है। मंगलवार को थाना मोहम्मदी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक थाना मोहम्मदी के नेतृत्व में की गई, जिसने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित किया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक ताजीम मन्सूरी पुत्र स्वर्गीय मुबारक, निवासी थाना मोहम्मदी है। पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर उसे रोककर तलाशी ली, जिसके दौरान उसके पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में ताजीम इस हथियार के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके चलते उसे




मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी को थाना लेकर आने के बाद उसके खिलाफ मु.अ.सं. 793/25, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने नियमानुसार आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि आरोपी लंबे समय से अवैध हथियार लेकर घूम रहा था और स्थानीय क्षेत्र में अपराधियों से संपर्क की आशंका भी जताई जा रही है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि हथियार कहां से लाया गया और इसका उपयोग किन गतिविधियों में किया जाना था।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुईन अहमद खां, कांस्टेबल सुनील कुमार और कांस्टेबल प्रदीप कुमार शामिल रहे, जिन्होंने सतर्कता के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम की इस मुस्तैदी की क्षेत्रवासियों में भी सराहना की जा रही है, क्योंकि हाल के दिनों में अवैध हथियारों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए यह कार्रवाई बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में आगे भी इसी तरह के अभियानों को और तेज़ी से चलाया जाएगा, ताकि असामाजिक तत्वों और अवैध हथियार कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# दिव्यांग बच्चों ने अमेठी में किया शैक्षिक भ्रमण




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। समग्र शिक्षा सुल्तानपुर के समेकित शिक्षा के अंतर्गत बीएसए उपेंद्र गुप्ता के निर्देश पर डेढ़ सौ दिव्यांग बच्चों को एक्सपोजर विजिट के तहत अमेठी ले जाया गया। जहां पर बच्चों ने भाले सुल्तान शहीद मेमोरियल पार्क कादूनाला स्थान का भ्रमण किया। अमेठी एक्सपोजर विजिट को मंगलवार सुबह जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मुदित श्रीवास्तव ने अमहट में बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दोपहर को अमेठी कादूनाला पहुँचे दिव्यांग बच्चों ने शहीद मेमोरियल पार्क का भ्रमण करने के साथ पार्क में खेलकूद में भी प्रतिभाग किया। डीसी श्याम सुंदर ने बताया कि बीएसए के निर्देश पर डेढ़ सौ दिव्यांग बच्चों का एक्सपोजर विजिट अमेठी में करवाया गया है। इस दौरान स्पेशल एजुकेटर दिनेश वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, राजेन्द्र बरनवाल, सुभाष यादव, अभयराज वर्मा, पीएमश्री स्पेशल एजुकेटर मनोज कुमार, विवेक वर्मा, सुरेश यादव, केशव प्रसाद, तारा, सत्येंद्र कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में दिव्यांग बच्चे और स्पेशल एजुकेटर मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर गैरीफंटा बॉर्डर एक बार फिर एसएसबी की सतर्कता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । भारत-नेपाल सीमा पर गैरीफंटा बॉर्डर एक बार फिर एसएसबी की सतर्कता और मुस्तैदी का गवाह बना, जहाँ 39वीं वाहिनी एसएसबी की मानव तस्कर विरोधी टीम ने एक 15 वर्षीय नेपाली किशोरी को संदिग्ध परिस्थितियों में सीमा पार करते समय पकड़कर उसकी जान और भविष्य दोनों को सुरक्षित बचा लिया। यह कार्रवाई उस समय हुई, जब किशोरी बिना किसी सूचना के भारत के लिए प्रस्थान कर रही थी।

किशोरी की पहचान चेतना साउद, निवासी जिला कैलाली (नेपाल) के रूप में हुई है। वह अकेले और बिना किसी वैध कारण के लुधियाना (भारत) जाने की कोशिश कर रही थी। उसकी उम्र, अकेले यात्रा, और गंतव्य स्थान की दूरी ने एसएसबी को



शक की स्थिति में डाल दिया। टीम ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए उसे रोका और संरक्षण में लिया।

पूछताछ के दौरान किशोरी अपने उद्देश्य को स्पष्ट रूप से बताने में असमर्थ रही। यह और भी गंभीर हो गया जब यह सामने आया कि किशोरी अपने परिजनों को बिना बताए घर से निकल गई थी। मानव तस्करी के कई मामलों में इसी तरह की परिस्थितियाँ देखने को मिलती हैं—नाबालिगों को बहला-फुसलाकर या गुमराह करके सीमाओं के पार ले जाया जाता है। इसलिए एसएसबी ने मामले को अत्यधिक संवेदनशील मानते हुए नेपाल की एनजीओ टीम को तुरंत बुलाया।

एनजीओ प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विस्तृत पूछताछ, सत्यापन और दस्तावेजों का मिलान किया गया। सभी औपचारिकताओं के बाद एसएसबी ने किशोरी को उसके भाई पुष्पराज बम के सुपुर्द कर दिया, जिससे उसका सुरक्षित घर लौटना सुनिश्चित हो सका।

एसएसबी अधिकारियों का कहना है कि चेतना साउद को समय रहते पकड़ लिया गया, वरना यह मामला मानव तस्करी की बड़ी वारदात में बदल सकता था। एसएसबी की इस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई ने न केवल एक नाबालिग की सुरक्षा सुनिश्चित की बल्कि सीमा की सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती को भी साबित किया है। सीमा सुरक्षा बल लगातार भारत-नेपाल बॉर्डर पर अवैध गतिविधियों, तस्करी और मानव व्यापार के खिलाफ अभियान चलाए हुए है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बॉर्डर पर एसएसबी की निगरानी कितनी मजबूत और प्रभावी है।

# बागेश्वर धाम पदयात्रा और केंद्र सरकार पर साधा निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह अपनी रोजगार दो-सामाजिक न्याय दो पदयात्रा के दौरान शुक्रवार को उतुरी, सुल्तानपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री की प्रस्तावित पदयात्रा को लेकर गंभीर सवाल उठाए और केंद्र व प्रदेश सरकार पर सीधा हमला बोला।

धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा पर सवाल

संजय सिंह ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री की यात्रा संविधान के खिलाफ है। उन्होंने पूछा क्या नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ और मुझे इजाजत है कि हम संविधान के खिलाफ बात करें? भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, इसकी मूल आत्मा में यही लिखा है। फिर इसके विपरीत कैसे कोई बयान दे सकता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस तरह की मांगें उठेंगी तो कल कोई तमिल, तेलुगु, मलयाली, सिख या दलित-पिछड़ा राष्ट्र की मांग करेगा यह देश को तोड़ने का काम है। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि इस यात्रा के पीछे बीजेपी की पूरी रणनीति है बीजेपी खुलकर विरोध नहीं कर सकती, इसलिए पीछे से ये सब करवाया जा रहा है। देवकी नंदन द्वारा मथुरा में मांसाहार की दुकानें बंद कराने की अपील पर संजय सिंह ने पलटवार किया देश में 80% लोग मांसाहारी हैं, मुसलमान 20% हैं तो बाकी नॉनवेज कौन खा रहा है? तथ्य देख कर बात करनी चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मोदी सरकार के दौरान देश पीस (मांस) निर्यात में नंबर-1 बना है। इसका मतलब पीस की कटाई ज्यादा हो रही है, इसका जवाब कौन देगा? असली मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है संजय सिंह ने केंद्र और यूपी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकारें आम जनता के मुद्दों पर बात नहीं कर रही हैं, अस्पतालों की हालत, नौकरी और रोजगार, थानों में दलाली, तहसील में रिश्वत, किसानों की समस्याएँ, महिलाओं की सुरक्षा पर कोई चर्चा नहीं, बस ध्यान भटकाने की राजनीति चल रही है।

देश की सुरक्षा पर भी उठाए सवाल

बीजेपी के सीमाएं सुरक्षित वाले दावों पर संजय सिंह ने कटाक्ष किया। कहां सुरक्षित हैं सीमाएं? दिल्ली में आतंकी हमले में जैश-ए-मोहम्मद का हाथ बताया जा रहा है। पहलगाम, पुलवामा, उड़ी ये सब क्या है? फ़ेल सरकार चल रही है। स्वदेशी अपनाओ पर पीएम मोदी पर तंज उन्होंने कहा जब पीएम मोदी 'स्वदेशी अपनाओ' बोल रहे थे, तब उनका चश्मा, घड़ी, पेन, फोन, कार और हेलीकॉप्टर सब विदेशी था। एक-एक अंग विदेशी सामान से पटा पड़ा है। ट्रंप पर टिप्पणी करते हुए बोले ट्रंप डांट लगाते हैं तो वे बकरी जैसी मिमियाने लगते हैं। पदयात्रा में उमड़ी भीड़ संजय सिंह की रोजगार दो सामाजिक न्याय दो पदयात्रा आज सुल्तानपुर के उतुरी पहुंची, जहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया और केंद्र व प्रदेश सरकार पर जमकर प्रहार किए।

## चोरी की मोटरसाइकिल संग एक चोर गिरफ्तार

**सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कादीपुर कोतवाली पुलिस ने एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शिवम मिश्रा पुत्र विनोद कुमार मिश्रा निवासी सैदपुरकला, थाना कादीपुर के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की होण्डा साइन मोटरसाइकिल बरामद की गई, जिसे वह अवैध रूप से अपने पास रखे हुए था। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक श्याम सुन्दर, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल वेद प्रकाश, हेड कांस्टेबल विरेन्द्र तिवारी तथा कांस्टेबल धर्मेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया।

## हत्याभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही/शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद श्री वेदप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना रामपुर मथुरा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 425/2025 धारा 103(1) बीएनएस की विवेचना व प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त जगतराम पुत्र शम्भू निवासी ग्राम तुतहीपुर मजरा जयरामपुर थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर को मक्कापुरवा चकरोड़ तिराहे से गिरफ्तार किया गया है। जिसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद बांका बरामद हुआ हैं। कल दिनांक 17.11.2025 को ग्राम तुतहीपुर मजरा जयरामपुर में आपसी कहासुनी के चलते अभियुक्त जयराम उपरोक्त द्वारा अपने सगे भाई की पत्नी अंजली देवी पर बांके से प्रहार किया गया था जिनकी सीएचसी रामपुर मथुरा में चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया था। प्राप्त तहरीरी सूचना के आधार पर थाना रामपुर मथुरा पर मुकदमा अपराध संख्या 425/2025 धारा 103(1) बीएनएस उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि दिनांक 17.11.2025 को मैं चारा मशीन जो मेरे मृतक भाई पलटूराम की जगह में लगी हुई थी।

## महिला थानाध्यक्ष ने पति पत्नी के बीच चल रहा विवाद सुलझाया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कानून व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही खाकी रिश्तों को भी मजबूत कर रही है।महिला थाना के प्रयास से एक विवाहित जोड़ा पुनः साथ रहने को राजी हुआ है।मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा सम्मान व स्वावलंबन हेतु सोमवार को महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह मय टीम द्वारा पति पत्नी के बीच चल रहे विवादों के सम्बंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुये पति पत्नी को साथ रहने के लिये समझाया गया जिसमें एक विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिये सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया। अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## महिला आयोग की जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल आज, जिलाधिकारी ने दी जानकारी

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के पत्र दिनांक-13.11.2025 के द्वारा दिनांक-19.11.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे स्थान तहसील सदर सभागार में श्रीमती सुजीता कुमार, मा0 सदस्य, राज्य महिला आयोग उ0प्र0 लखनऊ की अध्यक्षता में प्रथम सत्र में महिला जनसुनवाई तथा द्वितीय सत्र में महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता चौपाल का आयोजन विकास खण्ड ऐलिया में अपरान्ह 03.00 बजे किया जायेगा, जिसमें महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा स्कीम, एम0ओ0आई0सी0 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आदि प्रतिभाग करेंगे। साथ ही जिन भी महिलाओं को किसी भी प्रकार की कोई शिकायत व अन्य समस्या हो तो वह तहसील सदर सभागार में अपराह्न 11 बजे आकर प्रार्थना पत्र एवं आधार कार्ड अवश्य लाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है।

## सरकारी बिजली सामग्री चोरी, अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बल्दीराय क्षेत्र में त्वै विद्युतकरण परियोजना के तहत कार्यरत शिव कनेक्शन एवं सप्लायर फर्म द्वारा छब्ब कंपनी का काम चल रहा है। इसी दौरान बीती रात अज्ञात चोरों ने परियोजना में उपयोग होने वाली सरकारी बिजली सामग्री पर हाथ साफ कर दिया। सुपरवाइजर एवं तहरीरदाता मनीष कुमार, पुत्र जगदीश प्रसाद, निवासी तरांवा, थाना रॉबर्टगंज, जिला सोनभद्र ने थाना धनपतगंज पहुंचकर चोरी की घटना की लिखित सूचना दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि घटना की जांच प्रगति पर है और पुलिस टीम सुराग जुटाने में लगी है। उन्होंने कहा कि अतिशीघ्र चोरी का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## छात्र पर दिन दहाड़े हमला, नगर कोतवाली में पड़ी तहरीर

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीबीए का पेपर देकर लौटे छात्र पर दिन दहाड़े हमला हो गया।लोहे के रॉड और लाठी डंडे से उसे तकरीबन एक दर्जन हमलावरो ने लहूलुहान कर दिया।पीड़ित के चाचा चन्द्रदीप सिंह पुत्र स्व0 श्री समर बहादुर सिंह निवासी ग्राम के0एन0आई0 कस्बा ने नगर कोतवाली पुलिस के दिये गए शिकायती पत्र में कहा कि वह आज मंगलवार को के0एन0आई0 बन्धे पर अपने प्लाट पर काम करा रहे थे तभी मेरा भतीजा शक्ति सिंह सुत कुलदीप सिंह निवासी के0एन0आई0 कस्बा सुलतानपुर आता है जो बी0बी0ए का पेपर देकर आया था। तभी वहाँ पर प्रान्जल सिंह सुत पिक्लू सिंह निवासी नरायनपुर, शोभित सिंह, ऋषभ मौर्या और दस लोग अज्ञात आये और हमारे भतीजे को मारने लगे ।मैं बीच बचाव करने के लिए दौडा तो सभी हमलावर उनपर भी टूट पड़े। बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए सभी बदमाश भाग गए।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति ने किया सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण

जौनपुर। जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएँ मंगलवार को गाज़ीपुर के 155, जौनपुर के 138 और प्रयागराज के एक परीक्षा केंद्र पर प्रारंभ हुईं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने जौनपुर जनपद के गुलाबी देवी महाविद्यालय, सिद्दीकपुर का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रोफ़ेसर वंदना सिंह ने निर्देश दिया कि परीक्षा संपन्न कराने हेतु जारी सभी दिशा-निर्देशों का महाविद्यालयों द्वारा कड़ाई से पालन किया जाए। यदि किसी महाविद्यालय को परीक्षा संचालन में कोई समस्या आती है तो वह तत्काल विश्वविद्यालय को सूचित करे, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।

## सीएमओ ने सीएचसी भादर का किया औचक निरीक्षण

अमेठी,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर का रात्रिकालीन औचक निरीक्षण किया जहां पर समस्त चिकित्सक उपस्थित मिले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर का रात्रि कालीन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की समग्र व्यवस्थाओं, स्वच्छता, ओपीडी सेवाओं, दवाओं के भंडारण, कार्यों और सेवाओं की स्थिति का गहन अवलोकन किया इस दौरान सभी चिकित्सक अस्पताल में उपस्थित मिले।सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने सीएचसी भादर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने मरीजों को दी जाने वाली चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा अनुशासन बनाये रखने पर जोर दिया। सीएमओ ने यह भी निर्देश दिया कि सभी चिकित्सक और अन्य स्वास्थ्य कर्मी अपने निर्धारित समय पर उपस्थित रहें ताकि किसी भी मरीज को असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने दवा वितरण कक्ष टीकाकरण केंद्र और आपातकालीन सेवाओं का भी जायजा लिया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने कहा कि अस्पताल का उददेश्य जनता को समय पर सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है इसके लिये निरंतर निगरानी और सुधार की आवश्यकता है।

# डीएम ने किया चार स्कूलों का औचक निरीक्षण भारी लापरवाही उजागर-सख्त कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । जिला प्रशासन ने परिषदीय विद्यालयों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए मंगलवार को बड़ा कदम उठाया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास क्षेत्र लखीमपुर के यूपीएस व पीएस मुड़ियाखेड़ा, यूपीएस बाजपेई और चंद्रपुरा विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई कमियाँ उजागर हुईं, जिसके बाद डीएम ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी और डीपीओ भारत प्रसाद मौजूद रहे।

यूपीएस मुड़ियाखेड़ा में स्टोर में बंद पुस्तकों को देखकर डीएम ने नाराज़गी जताई। गिनती में पाया गया कि किताबों का शत-प्रतिशत वितरण नहीं हुआ था। शौचालय गंदे थे और



रनिंग वाटर सिस्टम भी खराब था। मिड-डे-मील में गड़बड़ी पर डीएम ने प्रधान को 95-जी का नोटिस जारी किया, वहीं प्रधानाध्यापक से जवाब तलब किया। पीएस मुड़ियाखेड़ा में भी पानी की सुविधा न मिलने पर डीएम ने कड़ी आपत्ति जताई और बच्चों से पढ़वाकर रीडिंग स्किल चेक की।

यूपीएस बाजपेई में डीएम ने बच्चों की फिजिकल काउंटिंग कराई, जिसमें उपस्थिति पंजिका से 12 बच्चों का अंतर मिला। जवाब असंतोषजनक होने पर उन्होंने मिड-डे-मील की लागत में इन 12 बच्चों की दोहरी कटौती के निर्देश दिए। कक्षा 7 की छात्रा की रीडिंग स्किल की जांच और स्मार्ट बोर्ड की कार्यप्रणाली भी परखी गई। चंद्रपुर विद्यालय में पढ़ाई की गुणवत्ता जांचने के लिए डीएम ने बच्चों से सीधे सवाल पूछे। यहाँ बच्चों की संख्या में 5 का अंतर मिला, जिस पर उन्होंने शिक्षकों से गहन पूछताछ की और अभिभावकों से संपर्क कर वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के अंत में डीएम ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता, साफ-सफाई और बच्चों की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विद्यालयों को व्यवस्थाएं तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# खुटार पुलिस के हत्थे चढ़ा फर्जी दरोगा, भेजा जेल

## रौब दिखाने व टोल टैक्स बचाने के लिए पहनता था पुलिस वर्दी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना खुटार पुलिस ने आपरेशन तलाश अभियान के तहत चेकिंग के दौरान पूरनपुर रोड पर फ्लाईओवर के पास से एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया फर्जी दरोगा जनपद मथुरा के थाना कृष्णानगर क्षेत्र के जनकपुरी महोली रोड मथुरा बांगर का रहने वाला गौरव शर्मा पुत्र राकेश शर्मा है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसे पुलिस की वर्दी पहनने का शौक है और वो लोगों को रौब दिखाने और टोल टैक्स बचाने के लिए पुलिस की वर्दी पहनता था।

जनपद मथुरा के थाना कृष्णानगर क्षेत्र के जनकपुरी महोली रोड मथुरा बांगर का रहने वाला गौरव शर्मा करीब डेढ़ साल से थाना खुटार क्षेत्र के मोहल्ला कोट के सभासद संजय त्रिपाठी के मकान में किराए पर रहता था। गौरव हमेशा पुलिस की वर्दी पहने रहता था और खुद को दरोगा बताता था। पुलिस के अनुसार, थाना खुटार पुलिस ने फ्लाईओवर के नीचे चेकिंग के दौरान गौरव शर्मा की कार रोककर चेक किया, तो कार में पीछे पुलिस उपनिरीक्षक की वर्दी टंगी थी, जबकि आगे पुलिस कैप रखी थी। शक होने पर पुलिस ने उससे पूछताछ की, तो उसने अपना नाम गौरव शर्मा निवासी जनपद मथुरा बताया। बताया कि वह वर्तमान में खुटार में किराए पर रहता है। पुलिस ने उसका मोबाइल चेक किया, तो मोबाइल में पुलिस उपनिरीक्षक की वर्दी पहने हुए उसके कई फोटो मिले। पुलिस ने फर्जी दरोगा गौरव शर्मा के कब्जे से पुलिस की वर्दी, 04 पीतल के स्टार, 02 पीतल केवल बैच, 01 जोड़ी लाल जूते, पुलिस कैप, यूपी पुलिस आईडी के फोटो आदि बरामद किए। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसके पिता राकेश शर्मा सब-इंस्पेक्टर हैं और उसे भी पुलिस की वर्दी पहनने का शौक है। वो लोगों को रौब दिखाने और टोल टैक्स बचाने के लिए पुलिस की वर्दी पहनता था। फिलहाल, पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

# प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत प्रदेश के 60.63 लाख कृषको को रू0 4961.06 करोड़ फसल की क्षतिपूर्ति का किया भुगतान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भारत एक कृषि प्रधान देश है यहां कृषि की विभिन्न मौसमी व बारहमासी फसलों में लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या कृषि कार्यों में लगी रहती है जहाँ कृषि से उसे रोजगार मिलता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास में कृषि की सफलता देश को आर्थिक प्रगति के मार्ग की तरफ अग्रसर करती है। देश के सकल घरेलू उत्पाद में भी कृषि क्षेत्र का लगभग 20 प्रतिशत योगदान है। देश के विकास में चल रही योजनाओं की सफलता में भी कृषि का योगदान होता है। मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन की आवश्यकता होती है। आज बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए भी जमीन से उत्पन्न होने वाली विभिन्न फसलों के अधिक उत्पादन की आवश्यकता है। विभिन्न उद्योग-धन्धे, व्यवसाय भी कृषि पर आधारित होते हैं। ऐसे में किसानों की फसलों को दैवीय आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई करना जरूरी हो गया।

किसानों के हित में प्रदेश सरकार अनेकों कल्याणकारी एवं फसलोत्पादन में लाभकारी योजनायें संचालित कर उनकी आय दोगुनी करने में भरपूर सहयोग दे रही है। किसान वर्ष भर मेहनत कर खेत की जुताई. बुआई, निकाई, सिंचाई एवं खाद डालकर फसल तैयार करता है। फसलों में विशेषकर खरीफ व रबी की फसलें होती है। खेती किसानी में किसान के पूरे परिवार की मेहनत लगती है। समर्पित एवं कड़ी मेहनत करते हुए परिवार को अच्छे ढंग से पालन पोषण की आशा बनाये रखकर किसान फसल तैयार करता है। । किन्तु यदि अधिक वर्षा, आँधी, तूफान, पाला, बर्फबारी, ओले, कीट, फसल रोगो, आग आदि दैवी आपदा आ गई और फसल नष्ट हुई तो किसान की पूरी मेहनत और लागत बरबाद हो जाती है।

किसानों की इन्ही समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए देश के मा0 प्रधानमंत्री जी ने कृषकों को आर्थिक सम्बल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को फरवरी, 2016 से पूरे देश में लागू किया है। यह योजना किसानों के लिए उनकी उपज के लिए एक बीमा सेवा है। इसका मुख्य उद्देश्य फसल की विफलता पर एक व्यापक बीमा कवर प्रदान करना है। जिससे किसानों की आय को स्थिर करने में मदद मिल सके।

इस योजना में ऋणी कृषक अनिवार्य रूप से तथा अन्य कृषक स्वैच्छिक आधार पर सम्मिलित किये गये हैं। बीमित राशि को फसल के उत्पादन लागत के बराबर जनपद स्तर पर अधिसूचित किया गया है। सभी फसलों हेतु वास्तविक प्रीमियम दर लागू किये गये हैं। प्रीमियम मद में कृषक की देयता को खरीफ फसल में अधिकतम 2 प्रतिशत तथा रबी फसल में अधिकतम 1.5 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। नकदी व औद्यानिकी फसलों हेतु प्रीमियम मद में कृषक की देयता अधिकतम 5 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। कृषक द्वारा वहन किये जाने वाले प्रीमियम अंश से अधिक व वास्तविक प्रीमियम दर अन्तर की समस्त धनराशि को अनुदान के रूप में केन्द्र-राज्य द्वारा बराबर वहन किया जाता है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में संचालित इस योजना को प्रत्येक जनपद में फसल की उत्पादन लागत के अनुरूप बीमित राशि निर्धारित की गई है। प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल 313.76 लाख बीमित कृषकों द्वारा 274.13 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का फसल बीमा कराया गया, जिसमें दैवी आपदा से नष्ट हुई फसल के कुल 60.63 लाख कृषकों को रू0 4961.06 करोड़ की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया है। वर्ष 2025-26 में खरीफ के अन्तर्गत माह अगस्त, 2025 तक कुल 19.48 लाख बीमित कृषकों द्वारा 13.01 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की फसलों का बीमा कराया गया है।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार/जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने प्रभारी मंत्री को विद्युत, खाद की उपलब्धता, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग और समाज कल्याण से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के फोन ना उठाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उर्वरकों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी सहकारी समितियों पर नियमित खाद की सप्लाई होती रहे। बड़े किसानों को डीएपी के साथ एनपीके एवं छोटे किसानों को डीएपी खाद दी जाए। यूरिया वितरण के लिए अभी से तैयारी कर ली जाएं। सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। पशुपालन विभाग में ब्लाकवार ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सकों की तैनाती की जाए। उन्होंने पेंशन घोटाले में जल्द रिकवरी करने और के विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रह लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करने, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्रों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। ताकि निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ लोगों को लाभान्वित किया जा सके। कहा कि सभी मिलकर कार्य करें, जिससे आने वाले समय में विकास एवं कानून व्यवस्था के क्षेत्र में जनपद शाहजहांपुर प्रदेश में प्रथम पंक्ति में दिखाई दे। बैठक में सांसद अरुण कुमार सागर, एमएलसी सुधीर गुप्ता, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, तिलहर विधायक सलोन कुशवाहा, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार साहित्य का कराया गया वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से सूचना विभाग लखनऊ द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित प्रचार साहित्य का मंगलवार को व्यापक स्तर पर वितरण कराया गया। यह वितरण सहायक निदेशक सूचना के निर्देशन में सूचना विभाग के कार्मिकों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर, विकास भवन में आमजन, आगंतुकों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों के मध्य किया गया।

सूचना विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया यह प्रचार साहित्य प्रदेश सरकार की बहुआयामी योजनाओं, कार्यक्रमों, उपलब्धियों एवं नीतियों का सरल, संक्षिप्त तथा तथ्यपरक संकलन है। विभिन्न विभागों में संचालित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी इस साहित्य में समाहित है, ताकि आम नागरिक आसानी से इन योजनाओं के मानदंड, पात्रता, लाभ, आवेदन प्रक्रिया तथा संपर्क विवरणों से अवगत हो सकें।

सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चन्दोला ने बताया कि वर्तमान समय में जनसामान्य को योजनाओं की सटीक जानकारी उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है, जिससे पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सूचना विभाग के माध्यम से समय-समय पर विभिन्न प्रचार सामग्री प्रकाशित कर जनहित में वितरित कराई जाती है।

उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार जनजागरूकता गतिविधियों को निरंतर संचालित किया जाता रहेगा। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसी दिशा में विभाग द्वारा जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार के माध्यमों को और अधिक प्रभावी बनाने के प्रयास निरंतर जारी हैं।

कलेक्ट्रेट व विकास भवन में आए लाभार्थियों, ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों, छात्र-छात्राओं तथा अन्य आगंतुकों ने प्रचार साहित्य प्राप्त कर संतोष व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि यह सामग्री योजनाओं को समझने और उनसे लाभ उठाने में अत्यंत सहायक है।

विभिन्न प्रचार साहित्याओं का वितरण कलेक्ट्रेट व विकास भवन में जनमानस को कराया गया जिसमें एक भारत आत्मनिर्भर भारत, रेवैन्यू सरप्लस स्टेट उत्तर प्रदेश, हरित उत्तर प्रदेश-विकास और पर्यावरण का संतुलन, वंचित को वरीयता- गरीबी उन्मूलन, सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक समावेशन, सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण का अमृतकाल, उत्तर प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर क्रांति, आरोग्य प्रदेश, पुण्य भूमि धन्य भूमि आदि प्रचार साहित्य का वितरण कराया गया। इस अवसर पर सूचना विभाग के कर्मचारियों में अमर सिंह राणा, महेंद्र पाल सिंह, सोमेंद्र राठौर आदि मौजूद रहे।

## हेल्दी बेबी शो में किया पुरस्कृत

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । नवजात शिशु देखभाल सप्ताह (15 नवम्बर से 21 नवम्बर तक) के अन्तर्गत हेल्दी बेबी शो का आयोजन जिला महिला चिकित्सालय बदायूँ में किया गया, जिसमें 43 बच्चों का पंजीकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं द्वारा उपस्थित माताओं को नवजात शिशु की देखभाल एवं आहार के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही नवजात शिशु को गंभीर बीमारी के लक्षणों की पहचान के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान बालरोग विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि 06 माह तक केवल माँ का स्तनपान 06 माह बाद ठोस आहार एवं सम्पूर्ण टीकाकरण कराने की सलाह दी गयी। हेल्दी बेबी शो में पंजीकृत बच्चो में प्रथम स्थान बेबी कनिष्क माता का नाम मीनू वर्मा द्वितीय स्थान बेबी क्रत्यांश माता का नाम सपना तृतीय स्थान बेबी अबुबकर माता का नाम गुलफशा ने प्राप्त किया। जिन्हें बेबी किट देकर पुरुस्कृत किया गया साथ ही उपस्थित सभी बच्चों को सान्तना पुरुस्कार बेबी प्रोडक्ट दिये गये ।

इस अवसर पर हेल्दी बेबी शो में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूँ, उप मुख्य सिक्ट्स अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसआईआर के सम्बंध में डीएम ने किया गांवों का दौरा

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को ब्लॉक उझानी के ग्राम गुनौरा वाजिदपुर, शेखूपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के सम्बंध में दौरा कर कार्यो की जांच की, ग्रामवासियों से वार्ता की तथा अधिकारियों को कार्यों का सफलतापूर्वक सम्पादन कराने के लिए कहा। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सांसद खेल महोत्सव 19 को

शिकारपुर। रामलीला ग्राउंड में 19 नवंबर को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ होगा। यह जानकारी शिकारपुर मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग उर्फ मोनू ने दी है।

## दो शराब तस्कर गिरफ्तार

शिकारपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सलेमपुर थाना पुलिस ने अलग अलग जगह से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। गांव मोरोनी रोड से सलेमपुर निवासी सोनू सिंह पुत्र बाबू सिंह को 19 पव्वा और गांव भैंसरोली रोड से सलेमपुर निवासी आकाश पुत्र हरेंद्र को 20 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## प्राथमिक विद्यालय में चोरी

शिकारपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बगठारी में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर हजारों रुपए का सामान चुरा लिया। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि अज्ञात चोर एलइडी, टीवी, इनवर्टर, बैटरी और रसोई घर से गैस का सिलेंडर चुरा कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## खेल स्पर्धा का आयोजन

संभल । खेल स्पर्धा का शुभारंभ विधायक कुन्दरकी ठाकुर रामवीर सिंह ने फीता काटकर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया गया। एथलेटिक्स में 100 मीट 200 मीटर, 400 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़, लंबी कूद, गोला फ़ेक, जैवलिन, डिस्कस थ्रो की प्रतियोगिताएं, टीम इवेंट में वॉलीबाल, कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बालक/बालिकाओं ने प्रतिभाग किया । खेल प्रतियोगिता में सब जूनियर बाल वर्ग 400 मीटर में शोभित कुमार ने प्रथम एवं अजय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से 100 मीटर जूनियर बालक में मोहित कुमार ने प्रथम एवं रईस आलम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक सीनियर में मौ0 यूसुफ ने प्रथम एवं आयुष ने द्वितीय तथा 400 मीटर बालिका जूनियर में आरती ने प्रथम, अजमी नूर ने द्वितीय, गुलाब रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विधायक कुन्दरकी श्री ठाकुर रामवीर सिंह, चेयरमैन श्री मेंहदी हसन, जिला युवा कल्या अधिकारी श्री भगवान दास ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किए।

## जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सर्तकता समिति की बैठक आयोजित हुई

संभल। बैठक में उप श्रमायुक्त द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिशोध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित अधिनियम 2016, जिला श्रम बन्धु एवं जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति के प्राविधानों एवं उ.प्र. शासन एवं भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। उप श्रमायुक्त ने अवगत कराया गया कि मा. मुख्यमंत्री के निर्देशो के क्रम में उत्तर प्रदेश में बाल एवं किशोर श्रम को पूर्णतया: निषिद्ध करते हुए बाल श्रम मुक्त प्रदेश बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। जनपद मुरादाबाद में बाल एवं किशोर श्रम को पूर्णतया निषिद्ध किए जाने हेतु बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन, शैक्षिक पुनर्वासन एवं अधिनियम की विस्तृत जानकारी समस्त पदाधिकारियों को दी गई तथा समस्त व्यापार मण्डल एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बाल एवं किशोर श्रम से कार्य न कराए जाने एवं अधिनियम के अन्तर्गत दण्ड के प्राविधानों की जानकारी दी गई। प्रतिष्ठान एवं कारखानों के बाहर बाल श्रम निषेध बोर्ड अनिवार्य रूप से चस्पा किया जाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने उप श्रमायुक्त को निर्देशित किया कि एक बाल श्रम चिन्हांकन अभियान पुलिस, प्रशासन के अधिकारियों के सहयोग से चलाकर जनपद के होटल, रेस्टोरेंट एवं बाल श्रम बाहुल्य क्षेत्रों में बाल श्रमिकों का चिन्हांकन कराया जाए तथा उनका शैक्षिक एवं आर्थिक पुनर्वासन सुनिश्चित किए जाने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग एवं प्रोबेशन विभाग को बाल श्रमिकों की सूची प्रेषित करते हुए फॉलोअप भी लिया जायें तथा मा. सीजेएम न्यायालय में पूर्व में योजित अभियोजन को प्रभावी पैरवी कराते हुए दिनांक 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित लोक अदालत में निस्तारण कराया जाये जिस हेतु सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। कार्यवाही को नियत समय में किये जाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय एवं बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि इस कार्य हेतु अपने-अपने विभाग से एक-एक नोडल अधिकारी नामित किया जाये ताकि इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हों। उप श्रमायुक्त, मुरादाबाद क्षेत्र द्वारा प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम से मुक्त करने के प्रदेश सरकार के संकल्प को दोहराते हुए इसमें सभी को अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। जिला श्रम बन्धु के अन्तर्गत नियोजित श्रमिकों के हित संवर्धन तथा औद्योगिकीकरण को गतिशीलता प्रदान करने, श्रम अधिनियमों का प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने तथा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 के अन्तर्गत अधिष्ठान पंजीयन, लेबर सेस एवं निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना आदि के क्रियान्वयन से अवगत कराया गया।

# महाप्रसाद एवं भव्य भंडारे के साथ सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं जनजागरण महोत्सवङ्क का हुआ समापन, जुटे हज़ारों श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रतापगढ़ । जनपद प्रतापगढ़ में स्तुति चैरिटेबल सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय ्लश्रीमद्भागवत कथा एवं जनजागरण महोत्सवङ्क का मंगलवार को भव्य भंडारे के साथ सफल समापन हुआ। इस विशाल भंडारे में कई सम्मानित अतिथिगण, क्षेत्र के नागरिक और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया, और पूरा परिसर भक्ति, उत्साह और सेवा-भाव से सराबोर दिखाई दिया। भंडारे के पावन अवसर पर पुर्व मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह और जौनपुर से पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत अनेक जनप्रतिनिधि एवं अतिथिगण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस विराट आयोजन और डॉ. निरुपमा सिंह के सेवा भाव की जमकर सराहना की और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। समापन दिवस की शुरुआत यज्ञ से हुई, जिसमें समाजसेविका एवं स्तुति चैरिटेबल सोसाइटी की अध्यक्षा डॉ. निरुपमा सिंह, प्रदीप सिंह, मुख्य जजमान ददई सिंह, शांति सिंह तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने समाज कल्याण और लोक-कल्याण की मंगलकामनाओं के साथ आहुति अर्पित की। इस दौरान डॉ निरुपमा से ने पुर्व मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह समेत सभी अतिथियों को कैंसर रोगियों के जीवन-संघर्ष एवं उनके लिए आहार और पोषण की जीवनदायी भूमिका पर आधारित स्वलिखित पुस्तक ्लभोजन भी औषधि: कैंसर के प्रति एक वैज्ञानिक दृष्टिकोणङ्क भेंट की

सप्ताह भर चले इस आयोजन में डॉ. निरुपमा सिंह द्वारा कथा के साथ सामाजिक उत्थान और जनजागरण के बहुआयामी प्रयास किए गए, जिनमें प्रत्येक दिन अलग-अलग विषयों पर, जैसे कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, दहेज उन्मूलन और दिव्यांगजन कल्याण को समर्पित रहा। पूरे सात दिन प्रतापगढ़ के ग्राम खूझी (ब्लॉक मांधाता) में श्रद्धालुओं, ग्रामीण महिलाओं, जनप्रतिनिधियों और सम्मानित नागरिकों का विशाल जमावड़ा देखने को मिला।

# डेढ़ लाख की अफीम समेत पीलीभीत का तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना कटरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हुलासनगला पुल के पास से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने 512 ग्राम अफीम बरामद की। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक लाख 56 हजार रुपए बताई जा रही है। पकड़ा गया तस्कर जनपद पीलीभीत के थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव सायर निवासी सैफ मियां पुत्र अफसर मियां है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वो बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव जल्लापुर के रहने वाले बब्लू से अफीम सस्ते दामों पर लाता है और हाइवे किनारे ट्रक ड्राइवरों को मंहगे दामों पर बेंच देता है। बताया कि बरामद अफीम वह बबलू से लेकर आया था, बबलू ने कहा था कि पौरनगला ब्लॉक के पास एक आदमी मिलेगा, उसे यह अफीम दे देना। फिलहाल कटरा पुलिस ने संबंधित धाराओं में वोट देखकर उसे जेल भेज दिया है गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कटरा प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल के साथ उपनिरीक्षक मनोज कुमार, कांस्टेबल आशीष कुमार, अंकित नेहरा, योगेन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार मौजूद रहे।



## उर्स के अंतिम दिन देर रात तक चली कव्वाली महफ़िल

तिलहर/शाहजहांपुर। नगर के मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित सूफी संत हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां के 52वें सालाना उर्स के अंतिम दिन कव्वाली महफ़िल देर रात तक चली। जिसमें प्रख्यात कव्वालों ने अपने सुरों और कलाम से समां बांधा दिया। जिससे श्रोता मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे।

कार्यक्रम में शमीम वारसी कव्वाल, वसीम वारसी कव्वाल और मुरादाबाद के मशहूर रईस झंकार कव्वाल ने अपनी प्रस्तुतियों से महफ़िल को चरम पर पहुंचा दिया। सूफियाना कलाम, मनक़्बत और हम्द-नात की पेशकश ने लोगों को रूहानी सुकून दिया। कव्वालों ने ्लमन कुंतोअली मौलाङ्क, हातिम शाह का दरबारङ्क अदम से लाई है हस्ती में आरज़ू ए रसूल जैसे कलाम गाकर लोगों की वाहवाही लूटी। हर साल की तरह इस बार भी उर्स का अंतिम दिन पूरी रौनक और चाहत के साथ मनाया गया। दूर-दूर से आए ज़ायरीन ने दुआओं के साथ हज़रत हातिम अली शाह की मज़ार पर हाज़िरी दी और रात भर चली महफ़िल का लुत्फ़ उठाया। पूरे आयोजन में आपसी भाईचारा, मोहब्बत और सूफियाना रंग साफ दिखाई दिया। इस मौके पर रहमानशाह, चांद साबरी, आशिक शाह वारसी देवा, तमन्ना शाह वारसी, क़ासिम वारसी, करमशाह वारसी, सूफी चांद मियां, राहतुल्ला खान आदि कई लोग मौजूद रहे। अंत में सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने सभी का शुक्रिया अदा किया और कार्यक्रम समापन का ऐलान किया।

# एसपी सिटी ने थाना निगोही का किया त्रैमासिक निरीक्षण, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार ने थाना निगोही का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना स्तर पर संचालित कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण, अपराध नियंत्रण की स्थिति तथा समग्र पुलिस व्यवस्था का गहन अवलोकन व मूल्यांकन किया।निरीक्षण की शुरुआत एसपी सिटी ने अपराध रजिस्टर, अंदरूनी जांच रजिस्टर, जीडी, चालान तथा मालखाना अभिलेखों सहित अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों के गहन परीक्षण से की। इसके बाद सीसीटीएनएस कक्ष में ऑनलाइन प्रविष्टियों की गुणवत्ता, डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति एवं पंजीकरण की स्थिति की समीक्षा की गई। थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए एएसपी ने मैस, बैरक, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क/महिला सुरक्षा केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क सहित विभिन्न कार्यालय शाखाओं की कार्यप्रणाली और स्वच्छता व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। मुकदमों में दाखिल किए गए वाहनों की सुरक्षा, स्थिति एवं रख-रखाव की भी जानकारी ली। इस दौरान एएसपी देवेंद्र कुमार ने साफ-सफाई, अनुशासन, अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण, समयबद्ध निस्तारण तथा फरियादियों के प्रति शालीन व्यवहार पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनसाधारण की समस्याओं के त्वरित और संवेदनशील निस्तारण, महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में प्राथमिकता, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा गश्त/पिकेटिंग में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। अंत में एएसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को सतर्कता, अनुशासन, स्वच्छता, व्यवहारिक सौम्यता एवं प्रोफ़ेशनल दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

# जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और मिर्ज़ा पुर के मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मा नित किया।यह सम्मान उन्हें मिर्ज़ापुर में जिला धिकारी के पद पर तैनाती के दौरान मिर्ज़ापुर

जिले में जल संरक्षण और जल प्रबंधन के उत्कृ ष्ट कार्यों के लिए दिया गया है।जलशक्ति मंत्राल य द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित'जल भागी दारी 1.0' अभियान के तहत उन्हें नदी पुनर्जीव न और भूजल स्तर सुधार में योगदान के लिए सराहा गया।मिर्ज़ापुर जिले को प्रियंका निरंजन के नेतृत्व में दो श्रेणियों में प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है।उन्होंने मिर्ज़ापुर में जल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया।जिले के 12 विकासखंडों में से छह गंभीर जल संकट से प्रभावित थे, जब कि एक ब्लॉक डार्क जोन घोषित था। निरंजन ने अपने कार्यकाल के दौरान जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दिया।उनके सबसे बड़े प्रयासों में से एक लोहंदी नदी का पुनर्जीवन रहा।पंद्रह किलोमीटर लंबी इस नदी का 11 किलोमीटर हिस्सा मनरेगा के तहत पुनर्जीवित किया गया, जबकि शेष भाग को ग्रामीणों की भागीदारी से बहाल किया गया। नदी को छह मीटर से बढ़ाकर आठ मीटर चौड़ा किया गया और इसके तटों को सुरक्षित करने के लिए 94 हजार पौधे लगाए गए। इस परियोजना के तहत 88 परकोलेशन टैंक भी बनाए गए, जिस से भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इस पहल से 11 ग्राम पंचायतों के लगभग 31 हजा र लोगों को लाभ मिला।सिंचाई विभाग की अगुवाई में 22.2 किलोमीटर लंबी गरई नदी का भी संपूर्ण पुनर्जीवन कराया गया। इससे 15 ग्राम पंचायतों को लाभ हुआ और सिंचाई व पेयजल की उपलब्धता में सुधार आया। इसके अतिरिक्त, 2,146 तालाबों और जल स्रोतों का पुनर्जीवन, 1,018 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण और 2,615 सोखता गड्डों सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य भी किए गए। खजुरी नदी के पुनर्जीवन के लिए भी प्रयास जारी हैं।

# पूर्व सैनिक की 48 घंटे बीच के बाद भी वेंटिलेटर पर, हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में स्थित कोहली जंगली गांव में रविवार दोपहर पंचायत के दौरान खूनी संघर्ष में गंभीर रूप से घायल पूर्व सैनिक आनंद यादव का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में वेंटिलेटर पर इलाज चल रहा है।पूर्व सैनिक की हालत नाजुक बनी हुई है।इस घटना में दशरथ लाल और किशन लाल भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चल रहा है पूर्व सैनिक आनंद यादव को 48 घंटे बीत जाने के बाद भी अभी

होश नहीं आया है डॉक्टरों के द्वारा उन्हें होश में लाने का प्रयास किया जा रहा है,लड़ाई के दौरा न उनके हाथ और पैर पूरी तरह टूट गए हैं।वहीं दशरथ लाल और किशन लाल की सेहत में कु छ सुधार हों रहा है और उनका इलाज ट्रामा सें टर में चल रहा है।इस खूनी संघर्ष के दौरान दश रथ लाल और किशन लाल को भी काफी गंभी र रूप से चोटें आई थी। घटना के 48 घंटे बाद भी मुख्य आरोपी समेत छह फरार आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिजनों में डर का माहौल है। पीड़ित परिवार गोंडा पुलिस से सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहा है।परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसपी विनीत जायसवाल ने गांव में पुलि सकर्मियों की तैनाती कराई है। एसपी ने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमों का गठन किया है,जो लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।सीओ नगर आनंद राय ने बताया कि घायलों का जहां इलाज चल रहा है, वहां पुलिस मौजूद है। विवाद स्थल पर भी पुलिस बल तैनात है। उन्होंने आश्वस्त किया कि घटना में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और पीड़ित परिजनों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।वही देहात कोतवाली पुलिस एक आरो पी को गिरफ्तार करके अपनी पीठ थापा रही है वही गोंडा पुलिस का कहना है की प्रशासन उन के साथ खड़ा है।

# 59वीं वाहिनी एसएसबी ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए बांटी सिलाई मशीनें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। सीमा क्षेत्र की महिलाओं के सशक्तिकरण और जीवंत ग्राम के विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सलारपुर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भारतऽनेपाल सीमा क्षेत्र के ग्राम मुर्तिहा और निधिपुरवा के ग्राम प्रधानों को 03ऽ03, कुल 06 सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने की। कार्यक्रम में सभी अधिकारी तथा स्थानीय ग्राम प्रधान भी उपस्थित रहे। कमांडेंट श्री रमोला ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र की महिलाओं को सिलाईऽकढ़ाई का कौशल प्रदान कर उनके लिए स्वरोज़गार के नए अवसर उपलब्ध कराना है, जिससे वे आर्थिक रूप से अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि ऐसी जनहितकारी पहलों से न केवल महिलाओं की घरेलू आय में वृद्धि होती है, बल्कि जीवंत ग्राम की अवधारणा के अंतर्गत स्थानीय उद्यमिता, ग्रामीण आजीविका और समग्र विकास को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि सशस्त्र सीमा बल का नागरिक कल्याण कार्यक्रम सीमा क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने तथा बल और जनता के बीच विश्वास, सहयोग और सद्भाव को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्यरत है। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने सशस्त्र सीमा बल के इस सामाजिक और कल्याणकारी प्रयास की सराहना की तथा बल के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एएसपी ने किया थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण

## ग्राम प्रहरियों को वितरित किए कम्बल,व टॉर्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने मोतीगंज थाने का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण।थाने के आगमन पर प्रभारी निरीक्षक मोतीगंज के द्वारा उनका स्वागत किया गया जि सके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी को गा र्द की सलामी ली गई।निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस पूर्वी मनोज कुमार रावत ने थाना परि सर कार्यालय,अभिले ख,शस्त्रागार, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क एवं विवेचना कक्ष का निरी क्षण किया तथा स्वच्छता,अभिलेखों के अद्यत न व रख-रखाव,पारदर्शी कार्यप्रणाली,गश्त व्यव स्था एवं रात्रि चेकिंग को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।महिला हेल्प डेस्क पर तैनात पुलि सकर्मियों को महिला एवं बालिका संबंधी शि कायतों पर संवेदनशील एवं त्वरित कार्रवाई क रने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने ग्राम प्रहरियों को कम्ब ल,गमछा एवं टॉर्च वितरित किए गए तथा उन्हें स्थानीय अपराधियों एवं संदिग्ध गतिविधियों की सूचना समय से उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित किया गया।अंत में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने थाना स्टाफ को फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं जनहितैषी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल के 150 वीं जयंती पर संयुक्त व्यापार मंडल ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कौड़ीराम,गोरखपुर कौड़ीराम में सरदार बल्लभ भाई पटेल के 150 वी जयंती जी डी इण्टर कालेज से सर्वोदय किसान इण्टर कालेज के प्रांगण तक एकता यात्रा केंद्रीय ग्रामीण मंत्री कमलेश पासवान के नेतृत्व में निकाला गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।द इस अवसर संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष विशम्भर पाण्डेय ने अपनी पूरी टीम और पदाधिकारियों के संग केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किए। एकता दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों का संयुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष विशम्भर पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संरक्षक हृदय नारायण सेठ,महामंत्री रविंद्र गुप्ता, संगठन मंत्री राजबहादुर राय, उप प्रबंधक विरेंद्र चौरसिया, दयाशंकर जायसवाल,कोषाध्यक्ष गिरीशचंद, वरिष्ठ सदस्य नागेन्द्र मिश्रा, दीन बंधु,रमेश वर्मा, व अन्य व्यवसाई गण उपस्थित रहे।

## एक ही सम्पत्ति पर कई बार जमानत में मुकदमा दर्ज

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के बिवांर थाना पुलिस ने एक ही सम्पत्ति (खतौनी) पर कई बार जमानत लेने के आरोप में मंगलवार को छानी बुजुर्ग निवासी कल्याण पुत्र सत्तीदीन के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की।

थाना प्रभारी नन्दराम ने मंगलवार को बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्यवाही की जा रही है, जिन्होंने पेशेवर तरीके से एक ही सम्पत्ति पर कई बार जमानत ली है। उन्होंने बताया कि यह जमातनदार द्वारा न्यायालय में दिए गए हलफनामा की शर्तों का उल्लंघन है। इसी क्रम में उक्त आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# पिपरा बाजार के चौकी प्रभारी बिना हेलमेट के भर रहे थे फर्राटा बीच सड़क पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । नियमों को लेकर जनता हैरान परेशान है। उधर सोशल मीडिया पर भी लोग चालान को लेकर काफी चर्चा कर रहे हैं इस बीच लोग निय मों को पालन कराने वाले पुलिसकर्मी की फोटो और वीडियो भी खूब शेयर कर रहे हैं। जिसमें एक दरोगा जी भौकाल से बिना हेलमेट की गा ड़ी सड़क पर दौड़ा रहे हैं।बताते हैं कि खरगूपुर थाना क्षेत्र पुलिस चौकी पिपरा बाजार के चौकी प्रभारी शशांक मौर्य के फोटो और वीडियो सो शल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।जहां

दरोगा जी खुलेआम नियमोंको ताक पर रख क र खुलेआम बुलेट गाड़ी से चले जा रहे हैं।वीडि यो में दरोगा जी भी बिना हेलमेट की बाइक दौ ड़ा रहे है।वहीं लोगों का कहना है कि आम आ दमी से जुर्माना वसूला जा रहा है। लेकिन इन्हें चेक करने वाला कोई नहीं। क्या इन्हें नियमों में छूट दी गई है।वही लोग तरह-तरह के कमेंट क र रहे हैं कि डीजीपी साहब के आदेशों का पाल न कराया जाएगाकि नहीं। पुलिस विभाग के अधिकारियों का कहना है कि चाहे पुलिस मह कमा हो या कोई भी महकमा उनको ट्रैफिक के नियमों का पालन तो करना ही होगा।वही याता यात प्रभारी का कहना है कि जब से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ किए जाने वाले चालान में वृद्धि की गई है तभी से मुख्यमंत्री द्वारा साफ तौर पर आदेश दिया गया है कि यदि कोई पुलिसकर्मी भी यातायात नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिला फ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।जनता के मुकाबले उसके ऊपर दोगुना जुर्माना ठोका जा ना चाहिए।अभी तक ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है अगर तो निश्चित तौर पर याता यात नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए उनके ऊपर दोगुना जुर्माना लगाया जाएगा।

## प्रभारी मंत्री का जनपद आगमन आज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही का 19 नवम्बर 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही 19 नवम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा सहयोगियों के साथ बैठक करेंगे। तदोपरान्त मध्यान्ह 12:00 बजे मा. मंत्री श्री शाही लोक निर्माण विभाग निरीक्षण, भवन में जिलाध्यक्ष, मा. विधायकगण, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी के साथ कोर कमेटी की बैठक करेंगे।

मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही अपरान्ह 02:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा कृषकों को 21वीं किसान सम्मान निधि जारी करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे तदोपरान्त लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती के अवसर पर आयोजित पद यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मा. प्रभारी मंत्री अपरान्ह 04:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

## ओ'' लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2025-26 अन्तर्गत पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोज़गार युवक-युवतियों को निःशुल्क 'ओ' लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 20 नवम्बर 2025 से 01 दिसम्बर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे अभिभावकों जिनकी वार्षिक आय रू. 01 लाख वार्षिक से अधिक न हो, अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट से न्यून न हो तथा किसी भी संस्था से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहे हों, अर्ह होंगे। उन्होनें बताया कि अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि आनलाइन आवेदन के पश्चात पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 01 दिसम्बर 2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## असलहा सटा कर महिला का लुटा गले का चैन और कान का झुमका

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। खजनी थाना क्षेत्र के उनवल पुलिस चौकी अंतर्गत नगरपंचायत उनवल के वार्ड नम्बर 3 में साम 6 बजे के लगभग अपने घर के सामने टहल रही महिला जमीला खातून पत्नी अख्तर अली उम्र 65 वर्ष को दोपहिया सवार मास्क लगाए तीन अज्ञात लोग हाथ मे असलहा लिए महिला को मारपीट कर उसके गले से चेन और कान की बाली लूट ले गए पीड़ित ने घटना के तत्काल बाद ही 112 पर सूचना दी पर खबर लिखे जाने तक घटना स्थल पर अभी कोई पुलिस नही पहुची थीं।जिससे वहां के लोगो मे काफी आक्रोश व्याप्त है। उक्त के सम्बंध में थाना प्रभारी खजनी जयंत कुमार सिंग ने बताया कि अभी हमे उक्त के सम्बंध में कोई जानकारी नही है

## भाकियू ने लापता छात्रा की बरामदगी के लिए कोतवाली में किया प्रदर्शन

बिजनौर। बिजनौर जिले में 9वीं की एक छात्रा के लापता होने पर परिजन, ग्रामीण और भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के सैकड़ों कार्यकर्ता शहर कोतवाली पहुंच कर तत्काल बरामदगी की मांग को लेकर नारेबाजी की और कोतवाली परिसर में ही धरना प्रदर्शन किया।

घटना कोतवाली शहर क्षेत्र के एक गांव की है। जहां 15 नवंबर को सुबह छात्रा साइकिल से स्कूल के लिए निकली थी। लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। तलाश करते समय पता चला कि उसने रसीदपुर गढ़ी में साइकिल खड़ी कर दी थी और एक रिक्शा में बैठी थी। जिसमें पहले से एक महिला मौजूद थी। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका है। चार दिन बीत जाने के बाद भी छात्रा के लापता होने की गुत्थी न सुलझने से परिजनों और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। इसी वजह से बडी संख्या में लोग कोतवाली पहुंचे। जहां महिलाओं और तैनात महिला पुलिस कर्मियों के बीच नोकझोंक भी हुई।

शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी और सीओ सिटी संग्राम सिंह लोगों को समझाया जबकि प्रदर्शनकारी छात्रा की शीघ्र बरामदगी की मांग पर अड़े हुए हैं। भारतीय किसान यूनियन प्रधान के जिलाध्यक्ष हेमेंद्र सिंह धनखड़ और युवा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र चाहल ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि केवल आश्वासन दिए जा रहे है। जबकि छात्रा का सुराग लगाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

# गोरखपुर में ज़ीरो टिलेज गेहूं मेगा अभियान का शुभारंभ, सांसद ने की पहल की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । क्लाइमेट स्मार्ट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत आईटीसी मिशन सुनहरा कल, उमंग सुनहरा कल सेवा समिति और कृषि विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ज़ीरो टिलेज गेहूं मेगा अभियान का आज गोरखपुर में भव्य शुभारंभ हुआ। इस महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की शुरुआत गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ल के कर-कमलों द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान माननीय सांसद ने ज़ीरो टिलेज तकनीक की विस्तृत जानकारी लेते हुए इसकी उपयोगिता को किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि यह तकनीक खेती की लागत को काफी हद तक कम करेगी, साथ ही मिट्टी की सेहत सुधारने में भी बड़ी भूमिका निभाएगी। उन्होंने यह भी जोड़ते हुए कहा कि ज़ीरो टिलेज तकनीक समय की बचत के साथ-साथ पराली प्रबंधन (स्टबल मैनेजमेंट) को बढ़ावा देने में भी उपयोगी है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सांसद ने इस पहल को ''कृषि में टिकाऊ बदलाव की दिशा में क्रांतिकारी कदम'' बताते हुए कहा कि किसानों को नई तकनीकों से जोड़ना समय की मांग है। उन्होंने उपस्थित किसानों से अपील की कि वे इस तकनीक को अपनाकर खेती को और अधिक लाभकारी व पर्यावरण-स्नेही बनाएं। कार्यक्रम में कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सदस्यों, उमंग संस्था के प्रतिनिधियों, क्षेत्रीय किसानों और ग्राम स्तर के विभिन्न हितधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने इस तकनीक को व्यवहार में लाने और अपने गांव-क्षेत्र में इसे बढ़ावा देने का संकल्प व्यक्त किया। विशेषज्ञों ने बताया कि ज़ीरो टिलेज तकनीक में खेत की जुताई न करके सीधा बीज बोया जाता है, जिससे न केवल समय और ईंधन की बचत होती है, बल्कि मिट्टी में नमी भी लंबे समय तक सुरक्षित रहती है। यह जलवायु परिवर्तन के समय में किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण राहतकारी तकनीक है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को जलवायु-स्मार्ट कृषि तकनीकों से अवगत कराना और उन्हें टिकाऊ व मुनाफ़ेदार खेती के लिए तैयार करना है। आयोजन स्थल पर किसानों को तकनीक के प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी दिखाए गए, जिन्हें देखकर किसान उत्साहित दिखाई दिए। ज़ीरो टिलेज अभियान के माध्यम से गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों में खेती में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद की जा रही है। यह पहल न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि विकास की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकती है।

## पत्नी की शिकायत पर पति के खिलाफ केस दर्ज

मुरादाबाद । सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रहने वाली पत्नी ने अपने पति पर जबरदस्ती बाल कटवाने और जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आशियाना कॉलोनी निवासी पूनम पाल ने दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि उसकी शादी एक वर्ष पूर्व कालोनी में रहने वाले मोहन पाल के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति ने उस पर शक करना और उसे परेशान करना शुरू कर दिया था। उसके बाल बहुत लंबे और घने थे। पति ने जबरदस्ती उसके सिर के बाल भी कटवा दिए हैं। उसने इसका विरोध किया तो आरोपित पति ने जान से मारने की कोशिश की। सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित पति मोहन पाल के खिलाफ मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## धान खरीदी केंद्र के कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासन को ज्ञापन

हरदोई । अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सेवक गुप्त एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री हर्षवर्धन सिंह के संयुक्त नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आज ?जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हरदोई के धान खरीदी केंद्र में पदस्थ दो कर्मचारियों मनोज शर्मा एवं धर्मेंद्र के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। इनका कहना है कि ये दोनों कर्मचारी धान खरीदी में मनमानी करते हैं और किसानों का शोषण करते हैं। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा जिला संगठन मंत्री शुभम गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, जिला मंत्री अधिवक्ता विनय कुमार गुप्ता जिला मंत्री अमर सिंह, जिला प्रचार मंत्री अंकित गुप्ता , संयुक्त मानवाधिकार परिषद के प्रदेश प्रवक्ता उदय प्रताप सिंह बबलू सहित दर्जन पदाधिकारी शामिल रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक हुयी सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आईजीआरएस जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं फीडबैक में और सुधार लाये जाने से सम्बन्धित समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान उन्होंने कृषि, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन,भूतत्व एवं खनिकर्म, लोक निर्माण,श्रम एवं सेवायोजन, सिंचाई एवं जल संसाधन, आबाकारी, वित्त राजस्व आदि विभागों की लम्बित शिकायतों का संज्ञान लिया। उन्होंने समस्त सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये कि पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों को गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये।उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं जनसामान्य के शिकायतों के निस्तारण के प्रति उनकी संतुष्टि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शिकायतों के निस्तारण प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता का पक्ष भी अवश्य सुना जाए और सदंर्भो के निस्तारण का परिणाम से भी शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्राप्त सन्दर्भों प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण किया जाय, निस्तारण के समय शिकायतकर्ता के साथ फोटोग्राफ व निस्तारण आख्या अपलोड की जाये।इसके साथ एसआईआर के कार्यों से सम्बन्धित बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा एसआईआर के कार्यों की समीक्षा की व जनपद स्तरीय अधिकारियों को गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी,नगर मजिस्टेट, जिला विकास अधिकारी,अधिशासी अभियन्ता विद्युत, हेमंत यादव डीसी मनरेगा, सीएमएस,जिला विद्यालय निरीक्षक,जिला पंचायतराज अधिकारी, एआरटीओ, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे है।

# अयोध्या के परमहंस आचार्य का विवादित बयान, भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करें : जगद्गुरु परमहंस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने एक बार फिर बड़ा और विवादित बयान देकर सियासी तापमान बढ़ा दिया है। हरिपुर बनवा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने पहुंचे आचार्य ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत को तत्काल हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए और मुस्लिमों व ईसाइयों की राष्ट्रीयता समाप्त की जाए। आचार्य यहीं नहीं रुके। उन्होंने दावा किया कि आगामी आम चुनाव में बीजेपी 400 से अधिक सीटें हासिल करेगी और बिहार के ताज़ा चुनाव परिणामों को ल्लराष्ट्रवादी संदेशङ्क बताया।

6 करोड़ घुसपैठियों का आरोप-

परमहंस आचार्य ने कहा कि देश में करीब 6 करोड़ मुस्लिम घुसपैठिए रह रहे हैं, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार से आए हैं। आरोप लगाया कि जब तक खुफिया एजेंसियां इन्हें चिन्हित कर देश से बाहर नहीं करतीं, आतंकवाद कभी समाप्त नहीं होगा। उन्होंने मुस्लिम समुदाय पर कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि चाहे शिक्षित हो, अनपढ़ हो, डॉक्टर हो या मुल्ला, जहां भी रहेगा भारत विरोधी काम करेगा।

अंबेडकर का हवाला देकर कहा- अब हम उनके विचार पूरे करेंगे

परमहंस आचार्य ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुस्तक 'पाकिस्तान ओर दी पारटीशन आफ इंडिया' का ज़िक्र करते हुए दावा किया कि अंबेडकर ने मुस्लिमों और ईसाइयों को ल्लआंख की किरकिरीङ्क बताया था। आचार्य बोले, अब हमने उन विचारों को पूरा करने का निश्चय कर लिया है।

गौहत्या और पुरानी सरकारों पर हमला

उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर ल्लसंस्कृति विरोधी विचारधाराङ्क को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि इसी कारण वर्षों से गौहत्या पर पूरी तरह रोक नहीं लग पाई। इंदिरा गांधी के दौर की 1966 की घटना का हवाला देते हुए आचार्य ने कहा कि ल्लगौहत्या बंदी की मांग करने पर संसद भवन के बाहर लाखों निर्दोषों पर गोलियां चलाई गई थीं।

मोदी सरकार पर जताई उम्मीद

परमहंस आचार्य ने दावा किया कि पांच साल के भीतर गौवंश राष्ट्रीय पशु घोषित होगा और भारत संवैधानिक रूप से हिंदू राष्ट्र बनने की दिशा में बढ़ रहा है।

# रेंज में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।वृक्षारोपण कराने के लिए ग्राम्य विकास विभाग के एपीओ,रोजगार सेवक ग्राम प्रधानों तथा कृषकों को वनीकरण एवं पौधरोपण के सम्बन्ध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन रेंज कैम्पस में किया गया कपिल कुमार उप क्षेत्रीय वनाधिकारी पूरनपुर के निर्देशन में उक्त कार्यशाला में आशीष कुमार वन दरोगा द्वारा गड्ढा खुदान, जिसमें गड्ढों का आकार, एवं गड्ढा खोदने का समय, गड्ढा पटान, पौध दुलान, एवं रोपण करते समय बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। एवं श्री अजमेर सिंह वन दरोगा द्वारा पौधशाला पौध तैयार करने की तकनीकी जानकारी दी गई। इसी क्रम मे सुरजीत कुमार वन रक्षक द्वारा पौधों के औषधिय लाभों की भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में आदर्श कुमार अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विकास खण्ड पूरनपुर, कपिल कुमार उप क्षेत्रीय वन अधिकारी पूरनपुर,अजमेर सिंह वन दरोगा, आशीष कुमार वन दरोगा, निपेंद्र कुमार वन रक्षक, हर्षित मिश्रा वन रक्षक, सुरजीत कुमार वन रक्षक एवं विकास खण्ड पूरनपुर के समस्त तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक आदि उपस्थित रहे।

# रेलवे के प्रति भड़क रहा क्षेत्रवासियों का आक्रोश, नियमित ट्रेनें चलाने की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। व्यापार मण्डल के नेता हंसराज गुलाटी ने विधायक बाबूराम पासवान से मुलाकात कर मैलानी-पीलीभीत रेलमार्ग पर नियमित ट्रेनें न चलने के विरोध में रोष व्यक्त किया रेलमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक के जरिये सासंद जितिन प्रसाद के माध्यम से देने का आग्रह किया ज्ञापन मे मैलानी-पीलीभीत रेलखंड पर नियमित ट्रेनें न चलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई स्पष्ट शब्दों मे कहा अगर जल्द से जल्द अगर इसका समाधान नही किया गया तो क्षेत्रवासीयो मे रेल के नियमित रूप से संचालन को लेकर भारी आक्रोश है जिसका जनप्रतिनिधियो को भारी खामियाजाना भुगतना पड़ सकता है कई साल बाद भी मैलानी-पीलीभीत रेलखंड पर नियमित ट्रेनें शुरू नहीं हुईं। इससे सभी तबकों के लोगों को जिला मुख्यालय तक आवागमन में असुविधा हो रही है व्यापार प्रभावित हो रहा है। आर्थिक, व्यापारिक ढांचा पूरी तरह छिन्न-भिन्न हो गया है। रेलमार्ग पर अमान परिवर्तन से पहले लखनऊ, बरेली, मथुरा, आगरा, राजस्थान, उत्तराखंड पंजाब आदि के लिए ट्रेनें चलती थीं मगर अमान परिवर्तन के बाद जिला मुख्यालय तक भी नियमित ट्रेन नहीं चल रही है ट्रेनों मे वृद्धि कर समय परिवर्तित कर जल्द से जल्द ट्रेनों की नियमित संचालन की मांग की है।

## महिला से ओटीपी मांग जालसाज ने खाते से 1 लाख 99998 हजार रुपये उड़ाए एसपी से शिकायत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बांके बिहारी कुंज कॉलोनी निवासी महिला चंचल महेश्वरी से जालसाज ने ओटीपी मांग कर 1 लाख 99998 हजार रुपये बैंक खाता से उड़ा लिये पीड़ित महिला के मोबाइल पर फोन आया कि अस्पताल से बोल रहा हूं। पीड़िता के पति बीमार चल रहे थे।इसी का फायदा उठाकर जालसाज ने पीड़िता को फोन किया और बताया कि अस्पताल से बोल रहे हैं।जालसाज पीड़िता को अपने विश्वास में ले लिया और ओटीपी मांग ली महिला ने अपने मोबाइल से ओटीपी बताया वैसे ही जालसाज ने बैंक खाता से फ्रॉड कर 99999 रुपए एक बार और फिर दूसरी बार 99999 रुपए उड़ा लिए पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अभिषेक यादव को पत्र देकर खाते से उड़ाई गई रकम को वापस दिलाने एवं आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने से गुस्साई युवकों ने यूपी पुलिस मे तैनात कर्मियों के घर की तोड़फोड़

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव महंद खास की रहने वाली जसवंती देवी ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया कि शुक्रवार रात को आकाश, अभि राना और सत्यपाल ने निर्माणधीन घर मे खड़ी गाड़ी का पत्थर मार शीशा तोड़ दिया इस घटना को अंजाम जब दिया गया जब पहलवान के घर बर्थडे पार्टी चल रही थी उसी पार्टी मे शराब पीने के बाद उत्पात मचाया गया गाड़ी के शीशे तोड़ने की सूचना पड़ोसियों द्वारा दी गई इससे पहले भी सत्यपाल ने ट्रैक्टर की सहायता से निर्माणधीन मकान की खिड़की तोड़ दी थी जिसका सुलह आसपास के लोगो ने करा दिया था इससे पहले भी युवकों ने सार्वजनिक सड़क को जाम करके उत्पात मचाया था जिसका वीडियो बेटे ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी इसी से खफा युवकों ने दोनो बेटो की गैर मौजूदगी में इस घटना को अंजाम दिया पीड़िता ने पुलिस से युवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुऐ मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है

## दुकानदार को दुकान में घुसकर पीटने का वीडियो वायरल:मामूली बात को लेकर की मारपीट

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर माधोटांडा रोड पर एक दुकानदार के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है पीड़ित युवक ने आरोपियों पर जानलेवा हमला कर मारपीट का आरोप लगाया जानकारी के अनुसार श्याम गुप्ता टुकटुक की एंजेसी और सर्राफा और किराना की दुकान चलाता है पीड़ित ने बताया कि युवकों के पिता को टुकटुक बेचा था जिसका कुछ रुपया बकाया था जिसके चलते टुकटुक की आरसी बकाया थी रूपये देने के बाद आरसी देने की बात से युवक आग बबूला हो गये और साथियों की मदद से साथ मिलकर मारपीट कर दी इसी बीच मौके पर खड़े कुछ युवकों ने मामले का वीडियो बना लिया मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस हरकत में आ गई पुलिस ने बताया कि मामले की जांच बारीकी से की जा रही है कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पतंजलि का फर्जी अकाउंट बनाकर साइबर क्रिमिनल्स ने की ठगी, समाजसेवी को बनाया निशाना

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। साइबर क्रिमिनल्स ने पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार का फर्जी खाता बनाकर एक समाजसेवी सहित परिवार के परिचितों से लाखों रुपये की ठगी कर ली भुक्तभोगी रोशन बिहार कॉलोनी अशोक खंडेलवाल ने शनिवार को पूरनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है मामले में अज्ञात को आरोपी बनाया गया है जानकारी के मुताबिक,अशोक खंडेलवाल पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में अपना इलाज कराना चाह रहे थे. इंटरनेट पर संस्था का पता खोजने के दौरान एक मोबाइल नंबर मिला, जो संस्था के रिसेप्शन के नाम से बताया गया उस नंबर पर बात करने के बाद श्री खंडेलवाल ने पतंजलि योगपीठ में अपना रजिस्ट्रेशन कराया साथ ही 10 दिनों के इलाज, भोजन और रहने के लिए होनेवाले खर्च के नाम पर अभियुक्त द्वारा दिये गये केनरा बैंक के पतंजलि खाता में लगभग ढाई लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया रुपये भेजने के बाद श्री खंडेलवाल के व्हाटसऐप पर भुगतान की रसीद भेजी गयी साथ ही पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में इलाज कराने से संबंधित स्वीकृति पत्र भी भेजा गया था. इसी बीच फिर से रूपये मांगने पर शक हुआ और पतंजलि की वेबसाइट पर जाकर जांच की, तो पता चला कि उनके साथ ठगी हुई है वहीं, पीड़ित ने बताया कि ठगी की जानकारी मिलते ही बैंक गया. यहां जाने पर पता चला कि जिस खाता में रुपये भेजे गये हैं वह खाता राजकुमार मंडल के नाम से संचालित है. इसके बाद श्री खंडेलवाल ने साइबर सेल और पुलिस को मामले की जानकारी दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

## डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। वर्तमान में एग्रीस्टैक योजना के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री अभियान सम्पूर्ण देश में चलाया जा रहा है।भारत सरकार द्वारा फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर 2025 निर्धारित की हैं। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जनपद में फार्मर रजिस्ट्री के प्रति किसानों को जागरूक करने हेतु प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर गांधी सभागार से रवाना किया। प्रचार वाहन ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु जागरूक करेंगे। इस दौरान उप कृषि अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे है।

## रोजगार मेला में दो सौ चौंसठ अभ्यर्थी चयनित

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिशन रोजगार के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा विकास खण्ड शुकुल बाजार स्थित रामकुमार स्मारक शिक्षण प्रशिक्षण बालिका महाविद्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या मण्डल देवव्रत कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार अवसरों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने अभ्यर्थियों को विभिन्न निजी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार विकल्पों की जानकारी विस्तार से दी। मेले में कुल बारह प्रतिष्ठित निजी कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों द्वारा आयोजित साक्षात्कार में तीन सौ पचास में से दो सौ चौंसठ अभ्यर्थियों का चयन प्रथम चरण के लिए किया गया, जिससे युवाओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में राजकीय आईटीआई जगदीशपुर के कार्यदेशक राजीव प्रजापति, आईटीआई टीम तथा सेवायोजन कार्यालय के सभी कार्मिकों ने सक्रिय योगदान दिया।

# पति ने दांत से पत्नी की नाक काट डाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

शुकुल बाजार अमेठी,थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के गांव पूरे लरई मजरे दक्खिनगांव में पारिवारिक विवाद के बीच एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक पति ने मामूली कहासुनी के दौरान अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई की और क्रूरता की हद पार करते हुये उसकी नाक को अपने दांतों से काट कर अलग कर दिया। गम्भीर रूप से घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर हालत नाज़ुक देखकर चिकित्सकों ने एम्स रायबरेली के लिये रेफर कर दिया है।बताते चलें कि थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव राजा फत्तेपुर निवासिनी लीलावती साहू की तीस वर्षीय बेटी सुनीता साहू का विवाह लगभग दस वर्ष पहले राजेंद्र साहू से हुआ था। दम्पत्ति के तीन नाबालिग बच्चे हैं।पीड़िता की मां लीलावती की तहरीर के अनुसार सोमवार को शाम करीब चार बजे पति पत्नी के बीच कहासुनी हुई। इस दौरान राजेंद्र ने पहले सुनीता को गालियां दीं फिर पिटाई कर दी।आरोप है अपने ही दांतों से पत्नी की नाक काटकर शरीर से अलग कर दिया।स्थानीय लोगों ने तत्काल सुनीता को सीएचसी बाजार शुकुल लेकर पहुंचे जहां से चिकित्सकों ने उसको गौरीगंज जिला अस्पताल और फिर रायबरेली के एम्स के लिये रेफर कर दिया गया फिलहाल महिला का इलाज एम्स में इलाज जारी है।पीड़िता की मां ने थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले को गम्भीरता से लेते हुये मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा जांच करते हुये आरोपी पति की तलाश की जा रही है।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

अमेठी । थाना पीपरपुर पुलिस ने एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त उमेश यादव पुत्र शिवबहादुर यादव निवासी ग्राम हारीपुर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी उम्र इक्कीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस सम्बंध में थाना पीपरपुर के थानाध्यक्ष श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज के गौरीगंज नगर में मंगलवार को लौह पुरुष राष्ट्रीय एकता के प्रतीक एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रणेता सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर जन एकता यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री व जनपद अमेठी के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा शामिल हुये। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की तथा संयोजन पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र 'मटियारी' द्वारा किया गया।खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल के साहस, दूरदृष्टि और राष्ट्र निर्माण के लिये उनके अथक प्रयासों की प्रेरणा इस पूरे आयोजन में स्पष्ट दिखाई देती है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के उनके संकल्प को आगे बढ़ाने की भावना के साथ यह एकता यात्रा अत्यंत सफल रही। उन्होंने सरदार पटेल के जीवन एवं योगदान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।भाजपा के प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि यह यात्रा मुसाफिरखाना तिराहा होते हुये नगर भ्रमण के बाद मटियारी भवन पर पहुंचकर सम्पन्न हुई जहां पर जनसभा का आयोजन हुआ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा,डॉ. आर. ए. वर्मा, केशव सिंह विषुव मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, छात्र छात्राएं एवं सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

# भाजपा ने निकाली सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर पदयात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लंभुआ/सुल्तानपुर। मंगलवार को विधानसभा लंभुआ में भारतीय जनता पार्टी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर 'एकता यात्रा' का आयोजन किया। यह पदयात्रा पुरानी तहसील ग्राउंड से शुरू होकर प्राथमिक विद्यालय गाजीपुर तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भाग लिया। यात्रा की शुरुआत सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और उन्हें नमन करने के साथ हुई। सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय लोग राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ पदयात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सरदार पटेल के योगदान, राष्ट्रीय एकता और 'लौह पुरुष' के रूप में उनके ऐतिहासिक कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर विधायक सीताराम वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत आधार प्रदान किया। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। जिला अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने बताया कि यह एकता यात्रा सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है। मंडल अध्यक्ष श्री बहादुर सिंह ने पदयात्रा में शामिल हुए लोगों का आभार व्यक्त किया। भाजपा नेता अवनीश सिंह उर्फ गुड्डू, विकास वर्मा, कैलाश चंद्र दुबे, दिनेश सिंह, विनीत सिंह, विजय त्रिपाठी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी पदयात्रा में मौजूद रहे। यात्रा के समापन पर सभी ने देश की एकता और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

# नशामुक्ति अभियान पर कार्यशाला आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जयसिंहपुर/सुल्तानपुर। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत सुल्तानपुर के श्याम कुमारी इंटरमीडिएट कॉलेज, पेमापुर, जयसिंहपुर में एक नशामुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वत्स वेलफ़ेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। कार्यशाला में फाउंडेशन की अध्यक्षा केशमती सिंह, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर डॉ. एस.पी. सिंह, सहयोगी स्टाफ प्रणव सिंह, अवध किशोर, राम अवध, साक्षी, तथा विद्यालय के डायरेक्टर अमर प्रताप सिंह और शिक्षकगण शामिल हुए। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी इसमें भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अमर प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं से नशा मुक्त भारत अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने सभी को नशा संबंधी मादक पदार्थों से दूर रहने की प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि श्री राधेश मिश्र ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नशामुक्ति के संबंध में सरकार की नीतियों और नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' के महत्व और अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं तस्करी रोकथाम दिवस के बारे में भी जानकारी दी। अपने संबोधन के बाद, श्री मिश्र ने सभी उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने भविष्य में किसी भी प्रकार के नशे से पूरी तरह दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

## सम्पादकीय

# डिजिटल लत से मुक्ति

कोरोना संकट ने जहां ऑनलाइन शिक्षा के जरिये छात्रों को पढ़ाई का कारगर विकल्प दिया, तो वहीं छात्र-छात्राओं को डिजिटल एडिक्शन का शिकार भी बना दिया। मां-बाप को लगता था कि बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई में व्यस्त हैं, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चे ऑनलाइन गेम की लत के शिकार बने हुए थे। हाल के दिनों में पढ़ाई के माध्यमों और जीवनशैली में बदलाव के चलते बच्चे तेजी से डिजिटल लत के शिकार होने लगे हैं। मगर उन्हें ये सब सामान्य लगता था। यदि मां-बाप उन्हें इससे रोकते हैं, तो टोका-टाकी उन्हें बर्दाश्त नहीं होती है। उनका व्यवहार आक्रामक भी होने लगता है। कहीं-कहीं तो मां-बाप की सख्ती के बाद छात्रों के आत्महत्या करने के मामले भी सामने आए। केरल में सिर्फ पलक्कड़ में चार साल के भीतर 41 बच्चों द्वारा आत्महत्या करने के दुखद समाचार आए, जिसने प्रशासन और अभिभावकों की नींद उड़ा दी। डिजिटल लत से बच्चों को मुक्त करने के लिए केरल सरकार ने नई पहल की। पलक्कड़ में छह डि-एडिक्शन सेंटर शुरू किए हैं, जिनमें बच्चों की काउंसलिंग की जाती है। यहां मौजूद साइकोलॉजिस्ट लत के शिकार बच्चों का इंटरनेट एडिक्शन टेस्ट करते हैं, जिससे पता लगाया जाता है कि लत का स्तर क्या है। जिसके आधार पर उनकी काउंसलिंग की जाती है। इसके लिए जहां कुछ एक्सरसाइज करायी जाती हैं, वहीं दूसरी रचनात्मक गतिविधियों से इसे छुड़ाने की कोशिश की जाती है। इस दौरान एक-एक घंटे के दस-पंद्रह सेशन कराये जाते हैं। सुखद है कि चार-पांच सेशन के बाद सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

मां-बाप को लगता था कि बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई में व्यस्त हैं, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चे ऑनलाइन गेम की लत के शिकार बने हुए थे। हाल के दिनों में पढ़ाई के माध्यमों और जीवनशैली में बदलाव के चलते बच्चे तेजी से डिजिटल लत के शिकार होने लगे हैं। मगर उन्हें ये सब सामान्य लगता था। यदि मां-बाप उन्हें इससे रोकते हैं, तो टोका-टाकी उन्हें बर्दाश्त नहीं होती है। उनका व्यवहार आक्रामक भी होने लगता है।

दरअसल, डिजिटल लत के शिकार बच्चों को यह बताना कठिन होता है कि वे डिजिटल लत के शिकार हैं। वे मानने को तैयार ही नहीं होते कि वे कुछ असामान्य कर रहे हैं। उनके लिये यह व्यवहार सामान्य घटनाक्रम है। लेकिन डि-एडिक्शन सेंटर में काउंसलिंग और कुछ सेशन के बाद उन्हें लगता है कि कुछ गड़बड़ जरूर है। दरअसल, सोशल मीडिया का जाल हमारे समाज का ग्रास इतनी तेजी से कर रहा है, बच्चों को लगता ही नहीं कि वे कुछ असामान्य कर रहे हैं। जिसके चलते किशोर, इससे रोकने पर आक्रामक व्यवहार करने लगते हैं। कुछ मामलों में वे अवसादग्रस्त होने लगते हैं या फिर उनके मन में आत्महत्या के विचार आने लगते हैं। यह सुखद है कि पलक्कड़ में पिछले दो साल में साढ़े बारह सौ बच्चों को डिजिटल लत से मुक्ति दिलायी गई है। बच्चे मानसिक रूप से खुद को स्वस्थ महसूस कर रहे हैं। दरअसल, आज जरूरत इस बात की है कि स्कूलों में शिक्षक व अभिभावक पढ़ाई और इंटरनेट के प्रयोग में संतुलन बैठाने का प्रयास करें। सही मायने में यह संकट सिर्फ केरल के किसी एक जिले का ही नहीं है, यह संकट पूरे देश का है। जिसको लेकर केंद्र सरकार को यथाशीघ्र नीति बनाने और डि-एडिक्शन सेंटर खोलने की जरूरत है। इस दिशा में केंद्र व राज्यों के सहयोग से सकारात्मक परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। इस कार्य में स्वयंसेवी संगठनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

# बिहार जीत से उभरी नई उम्मीदें और गहरी चुनौतियों

नीतीश कुमार के लिए 20 बरसों में यह पहला विधानसभा चुनाव था, जहां वह गठबंधन का तो चेहरा थे, पर सीएम पद के उम्मीदवार नहीं थे। उनकी छवि को धुंधलाने एवं उन्हें बीमार घोषित करने के भी पूरे प्रयत्न हुए लेकिन, परिणाम ने साबित किया है कि नीतीश अब भी बिहार के सबसे बड़े राजनीतिक प्रतीक एवं सुशासन-पुरुष हैं। वह अब तक नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, कई बार उन्होंने पाला बदला, लेकिन जनता का यकीन उन पर बना हुआ है। इसकी बड़ी वजह उनकी बेदाग छवि भी है। लेकिन इस बार उनकी चुनौतियां भी बड़ी है। वैसे लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि जीत जितनी बड़ी होती है, चुनौतियां भी उतनी ही व्यापक हो जाती हैं। बिहार में एनडीए की इस ऐतिहासिक विजय के बाद जिस दौर की शुरुआत हो रही है, वह उत्साह से कहीं अधिक जिम्मेदारी का दौर है।



बिहार का यह चुनाव केवल एक राजनीतिक मुकाबला नहीं था, बल्कि लोकतंत्र की चेतना, जनता के विश्वास और नेतृत्व की विश्वसनीयता को परखने का अवसर भी था। परिणाम जिस तरह सामने आए, उन्होंने न केवल बिहार बल्कि पूरे देश एवं दुनिया को चौका दिया। यह जीत केवल गठबंधन की सामूहिक ताकत की नहीं, बल्कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्षों से स्थापित सुशासन मॉडल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के अटूट भरोसे का परिणाम है। बिहार की महिलाओं ने इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई है-उनकी उम्मीदें, उनका साहस और उनका भरोसा इस परिणाम के मूल में खड़ा दिखाई देता है। बिहार में इतने एकतरफा नतीजे की उम्मीद किसी को नहीं रही होगी। चुनाव प्रचार के दौरान जो लड़ाई टक्कर की दिख रही थी, वह आखिर में केवल भ्रम साबित हुई। जनता ने न महागठबंधन के बदलाव के नारे पर यकीन किया और न ही प्रशांत किशोर की अलग राजनीति पर भरोसा जताया, बल्कि खुद को परिपक्व एवं जागरूक प्रदर्शित करते हुए मूल्यों एवं विकास के मानकों पर मतदान दिया। आंकड़ों का विश्लेषण होता रहेगा, लेकिन मोटे तौर पर यह परिणाम कई संदेश देता है कि अब बिहार जंगलराज नहीं चाहता, विकास की नई सुबह देखना चाहता है, एसआईआर को वोट चोरी के रूप में दी गयीप्रस्तुति उसे स्वीकार्य नहीं हुई, वह अतीत के भ्रष्ट शासन से मुक्ति के लिये अतीत की त्रासद यादों एवं भविष्य के सुनहरे भविष्य के बीच चयन करते हुए लालू-राबड़ी यादव के शासनकाल की की काली छाया नहीं चाहता। भले ही तेजस्वी यादव पूरे समय इसी नैरेटिव को तोड़ने में लगे रहे कि वक्त बदल चुका है और वह दौर अब नहीं लौटेगा। उन्होंने उल्टे अपराध पर नीतीश सरकार को घेरने की कोशिश की, पर सफल नहीं रहे।

नीतीश कुमार के लिए 20 बरसों में यह पहला विधानसभा चुनाव था, जहां वह गठबंधन का तो चेहरा थे, पर सीएम पद के उम्मीदवार नहीं थे। उनकी छवि को धुंधलाने एवं उन्हें बीमार घोषित करने के भी पूरे प्रयत्न हुए लेकिन, परिणाम ने साबित किया है कि नीतीश अब भी बिहार के सबसे बड़े राजनीतिक प्रतीक एवं सुशासन-पुरुष हैं। वह अब तक नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, कई बार उन्होंने पाला बदला, लेकिन जनता का यकीन उन पर बना हुआ है। इसकी बड़ी वजह उनकी बेदाग छवि भी है। लेकिन इस बार उनकी चुनौतियां भाी बड़ी है। वैसे लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि जीत जितनी बड़ी होती है, चुनौतियां भी उतनी ही व्यापक हो जाती हैं। बिहार में एनडीए की इस ऐतिहासिक विजय के बाद जिस दौर की शुरुआत हो रही है, वह उत्साह से कहीं अधिक जिम्मेदारी का दौर है। नीतीश कुमार एक बार फिर मुख्यमंत्री बन रहे हैं, यह अपने-आप में निरंतरता, स्थिरता और सुशासन की अपेक्षाओं को नयी ऊँचाई देता है। परंतु अब उनके सामने जो प्रश्न खड़े हैं, वे कहीं अधिक गहरे, जटिल और चुनौतीभरे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार केवल एक राजनीतिक पराजय नहीं, बल्कि परिवारवादी राजनीति के प्रति जनता की निर्णायक और स्पष्ट निष्पत्ति है। मतदाताओं ने यह संदेश दो टूक दिया है कि राजनीति किसी परिवार, वंश या व्यक्तिगत प्रभुत्व की जागीर नहीं हो सकती। खासकर क्षेत्रीय दलों में फैला वंशवाद, व्यक्तिवाद और उत्तराधिकार की अनिवार्य राजनीति जनता को लगातार विचलित करती रही है। परिणामों ने यह उजागर कर दिया कि अब मतदाता सिर्फ चेहरे और परिवारों के मोहजाल में नहीं फँसना चाहते, बल्कि वे विकास, पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को प्राथमिकता देने लगे हैं। महागठबंधन की हार उसी व्यापक जनभावना का परिणाम है, जिसमें जनता ने यह तय कर दिया कि लोकतंत्र में जनता की सत्ता सर्वोपरि है, किसी भी राजनीतिक खानदान की नहीं। बिहार की सबसे बड़ी चुनौती रोजगार की है। वर्षों से यह राज्य बेरोजगारी के दर्द से जूझता रहा है। करोड़ों युवाओं की आंखों में नौकरी, अवसर और सुरक्षित भविष्य का सपना है। चुनावी वादे जिस उत्तेजना के साथ किए जाते हैं, उन्हें व्यवस्थित नीति, धैर्य और राजनीतिक ईमानदारी से लागू करना किसी भी सरकार के लिए आसान कार्य नहीं होता। लेकिन जनता ने इस बार उम्मीदों की जो गठरी सौंपी है, वह स्पष्ट संकेत है कि अब पूरा बिहार ठोस काम चाहता है, खोखले वादे नहीं। दूसरी बड़ी चुनौती कानून-व्यवस्था की है। सुशासन का मॉडल तभी सार्थक है जब आम नागरिक के जीवन में सुरक्षा की ठोस अनुभूति हो। अपराध, राजनीतिक संरक्षण, दंगा-फसाद और अराजकता किसी भी समाज की प्रगति को रोकते हैं। नीतीश कुमार से जनता की अपेक्षा है कि वे एक बार फिर वही कठोरता, वही व्यवस्था और वही संतुलित रणनीति लेकर आएंगे, जिसने कभी 'जंगलराज' को समाप्त कर सुशासन का नया इतिहास लिखा था। महिलाओं से किए गए वादे भी अब सरकार की प्राथमिक कसौटी बनेंगे। आधी आबादी ने जिस उत्साह और भरोसे के साथ एनडीए को पुनः सशक्त किया है, यह सरकार के लिए प्रेरणा के साथ-साथ उत्तरदायित्व भी है। सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान-ये पांच मुद्दे बिहार की महिलाओं की असली जरूरत हैं, और चुनावी वादों का मूल्यांकन भी अब इन्हीं पर होगा।

बिहार की अर्थव्यवस्था की मजबूती केंद्र सरकार के सहयोग पर भी निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और उनके विकास-एजेंडे ने इस चुनाव को निर्णायक रूप दिया। जब केंद्र और राज्य की नीतियों में तालमेल होगा, तब ही आर्थिक सुधार, निवेश, उद्योग, रोजगार-सृजन और आधारभूत संरचना के बड़े सपने साकार होंगे। बिहार को अब केवल वित्तीय सहायता की ही नहीं, बल्कि विकास की स्थायी संरचना की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ियां लाभान्वित हों। लेकिन इन सबके बीच एक बड़ा प्रश्न मन को झकझोरता है-लोकतंत्र में चुनाव कब तक केवल 'सौदेबाजी' बने रहेंगे? कब तक वादों की भीड़, लुभावने नारों और जातीय समीकरणों के आधार पर जनता के विश्वास की खरीद-फरोख्त चलती रहेगी? आखिर लोकतंत्र की स्वस्थ दिशा क्या हो? यह चुनाव परिणाम हमें इस सवाल के सामने खड़ा करता है कि राजनीति को फिर से मूल्यों, दृष्टि, दीर्घकालिक योजनाओं और नैतिकता की ओर लौटना होगा। लोकतंत्र की प्रतिष्ठा तभी बचेगी जब राजनीति भविष्यदर्शी बने, जब चुनाव उत्सव कम और उत्तरदायित्व अधिक हों। बिहार, जिसे कभी पिछड़ेपन, गरीबी, पलायन और अपराध का प्रदेश कहा जाता था, आज भारतीय लोकतंत्र का एक जीवंत प्रयोगशाला बन गया है। यह प्रदेश भविष्य में किस दिशा में जाएगा, यह केवल सत्ता की नीतियों पर ही नहीं, बल्कि जनता की जागरूकता, मीडिया की ईमानदारी और राजनीतिक दलों की नैतिक प्रतिबद्धता पर भी निर्भर करेगा। आज बिहार के पास अवसर है कि वह खुद को एक प्रगतिशील, शिक्षा-संपन्न, रोजगार-समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करे। बिहार की यह जीत इतिहास में दर्ज होगी-सिर्फ इसलिए नहीं कि परिणाम अप्रत्याशित थे, बल्कि इसलिए कि इसने एक नए अध्याय के लिखे जाने की उम्मीद जगाई है। अब समय है कि यह उम्मीद हकीकत में बदल सके। राजनीति तभी सार्थक होगी जब यह जनता के जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम बने और बिहार इस दिशा में देश के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर सके। **–ललित गर्ग**

# चुनाव सुधार : भ्रामक प्रचार का समाधान आवश्यक

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

मतदाताओं ने जाति व धर्म की संकीर्णता से ऊपर उठकर सुशासन को ही एकमात्र विकल्प मानकर बढ़ चढ़ कर मतदान किया तथा चुनाव को प्रभावित करने के लिए नाकारा व अस्तित्वहीन राजनीतिक दलों के झूठे व भ्रामक विमर्श को नकार दिया तथा स्पष्ट सन्देश दिया कि स्वस्थ लोकतंत्र में आम मतदाता किसी भी वंशवादी राजनीतिक दल या नकारात्मक राजनीति करने वाले अराजक तत्वों का गुलाम नहीं है।

महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार में जनमानस ने जिस प्रकार से खुलकर मतदान किया,उससे स्पष्ट हो गया है, कि जनता आधी छोड़ पूरी को ध्यावे पूरी मिले न आधी पावे, जैसे सत्य को समझ चुकी है। वह सत्ता प्राप्ति के लिए किये जाने वाले अकल्पनीय सुविधाओं के वादों पर यकीन नहीं करती। वह अपने क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अराजकता को स्वीकार करने के पक्ष में नहीं है। वह अतीत का स्मरण करके सोच समझकर निर्णय लेती है, भावनाओं में बहकर मतदान नहीं करती। इतिहास साक्षी है कि उत्तर प्रदेश और बिहार ऐसे प्रदेश रहे हैं, जिनमें एक समय में अराजकता अपनी चरम सीमा पर रही। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के शासनकाल में जिस प्रकार से आम आदमी का जीना मुहाल था, सड़कों पर चलना भी सुरक्षित नहीं था, उस स्थिति से निजात पाने के लिए उत्तर प्रदेश के मतदाताओं ने प्रदेश की सत्ता से समाजवादी पार्टी को बेदखल किया। उसी प्रकार बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के शासन काल में जंगलराज से निजात पाने के लिए जनता ने नीतीश कुमार को अपना मत एवं समर्थन दिया, जो लम्बे समय से बरक़रार है। मतदाताओं ने जाति व धर्म की संकीर्णता से ऊपर उठकर सुशासन को ही एकमात्र विकल्प मानकर बढ़ चढ़ कर मतदान किया तथा चुनाव को प्रभावित करने के लिए नाकारा व अस्तित्वहीन राजनीतिक दलों के झूठे व भ्रामक विमर्श को नकार दिया तथा स्पष्ट सन्देश दिया कि स्वस्थ लोकतंत्र में आम मतदाता किसी भी वंशवादी राजनीतिक दल या नकारात्मक राजनीति करने वाले अराजक तत्वों का गुलाम नहीं है। कहना गलत न होगा, कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए देश,काल और परिस्थिति के अनुसार समय समय पर चुनाव सुधार किये जाने आवश्यक हैं। देश का दुर्भाग्य है,कि अपनी संकीर्ण राजनीति के चलते कतिपय राजनीतिक दल चुनाव सुधारों का विरोध करते रहे हैं। बिहार हो अथवा बंगाल,इन राज्यों में एस.आई.आर. का विरोध केवल इसलिए किया गया,कि लाखों की संख्या में बने फर्जी वोटों को न काटा जाए। अब जब पूरे देश में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तथा पश्चिमी बंगाल में अवैध रूप से बसे घुसपैठियों को खदेड़ा जा रहा है, तब राजनीतिक दलों में अधिक बौखलाहट दिखाई दे रही है। बिहार चुनाव परिणामों ने जाति आधारित राजनीति करने वाले विघटनकारी तत्वों की नींद उड़ा दी है। उन्हें एक समय में दिल्ली में हुए चुनावों में आम आदमी पार्टी की बम्पर विजय पर कोई संदेह नहीं हुआ,अब बिहार में आम आदमी द्वारा सुशासन के पक्ष में बढ़ चढ़ कर दिया गया जनादेश उन्हें हजम नहीं हो पा रहा है। समझ नहीं आता,कि एक ही प्रकार के जनादेश को वे प्रतिकूल नजरिए से देखने की निर्लज्जता कैसे दिखा सकते हैं। बहरहाल जो भी हो, चुनाव को पारदर्शी बनाने के लिए मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने, फर्जी वोट काटने की प्रक्रिया को सतर्कता से पूर्ण किया जाना चाहिए,ताकि चुनावों की निष्पक्षता पर किसी भी प्रकार से भ्रामक विमर्श को विस्तार का अवसर न मिले।

## सेहत मंत्र

# आंखों की रोशनी के लिए वरदान है काली मिर्च, रोज करना चाहिए इसका सेवन

कमज़ोर आँखों की रोशनी आजकल हर किसी की परेशानी है गलत खान-पान प्रदूषण और गलत दिनचर्या के कारण भी अब चश्मा लगाने के लिए बुढ़ापे का इंतज़ार नहीं करना पड़ता आप किसी भी उम्र के हो यह समस्या कहीं ना कहीं आपको ज़रूर परेशान करती होगी, छोटे बच्चे भी आजकल इस समस्या से ग्रसित है लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बता रहे है जिससे आप अपनी आँखों की रोशनी को कुछ हद तक बचा सकते है। कहते है हमारे किचन में सेहत का खजाना है तो किचन की कुछ चीजे आपकी आँखों की रोशनी को कमज़ोर होने से बचा सकती है। आप सभी के किचन में काली मिर्च तो मौजूद तो होगी ही बस आप काली मिर्च को पीसकर शहद के साथ दो से चार बार सेवन करें इससे आपको कमज़ोर आँखों की रोशनी में फायदा होगा या रात में सोते समय एक चुटकी काली मिर्च को दूध में मिलाकर पियें और काली मिर्च के पाउडर को देशी घी में मिलाकर सेवन करें आपको आराम मिलेगा। काली मिर्च में एंटी इंफ्लेमेटरी तत्व पाए जाते है जो कि आँखों के लिए लाभदायक होते है इसके साथ ही काली मिर्च जीवाणुरोधक और इम्युनिटी बढ़ाने में सहायक होती है जिससे आँखों की रोशनी मजबूत बनी रहती है। काली मिर्च में विटामिन ए और विटामिन इ पाए जाते है जो आँखों के लिए लाभदायक है। पोटैशियम की प्रचुर मात्रा मौजूद होती है काली मिर्च में, इसके साथ ही इसमें पिपेरिन मौजूद होता है जो नाइट विजन बढ़ाने में मदद करता है ये सारे तत्व आँखों को यूवी रेज़ से बचाते है। आँखे कमज़ोर होने से सिर में भी दर्द भी सकता है उससे बचने के लिए आप काली मिर्च और तुलसी के पत्तों का काढ़ा बना कर पी सकते है। मोतियाबिंद जैसी बीमारी से बचने के लिए काली मिर्च का सेवन फायदेमंद माना जाता है। काली मिर्च में एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं। काली मिर्च की मदद से फ्री रेडिकल्स को कम करने में मदद मिलती है। आंखों के लेंस का बचाव के लिए भी काली मिर्च का सेवन करना चाहिए। ध्यान रहे कि आप ज्यादा मात्रा में काली मिर्च का सेवन ना करें नहीं तो आपको पेट में जलन की समस्या हो सकती है।

## धर्म मंत्र

# अष्टविनायकों में से एक है मोरगांव का श्री मयूरेश्वर मंदिर

महाराष्ट्र का श्री मयूरेश्वर मंदिर श्री गणेश का प्रसिद्ध मंदिर है। यहां गणेश चतुर्थी को गणेश जी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। वैसे भी महाराष्ट्र का सबसे बड़ा उत्सव गणपति उत्सव होता है जो गणेश चतुर्थी से प्रंभ हो कर अनंत चर्तुदशी तक पूरे दस दिन चलता है। उत्सव के अंतिम दिन गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। मयूरेश्वर मंदिर के बारे में जानने के पहले जान लें कि क्यों ये मंदिर अष्टविनायकों में सम्मिलित है और किन मंदिरों को इसमें शामिल किया गया है। महाराष्ट्र में पुणे के समीप अष्टविनायक के आठ पवित्र मंदिर 20 से 110 किलोमीटर के क्षेत्र में मौजूद हैं। इन मंदिरों का पौराणिक और इतिहास महत्व बताया जाता है। मान्यता है कि मंदिरों की गणेश प्रतिमाएं स्वयंभू यानि जो स्वयं प्रगट हुई हैं, मानी जाती हैं। 'अष्टविनायक' के ये सभी आठ मंदिर बहुत पुराने और प्राचीन हैं। इनके नाम इस प्रकार हैं, 1- मयूरेश्वर या मोरेश्वर मंदिर, पुणे, 2- सिद्धिविनायक मंदिर, अहमदनगर, 3- बल्लालेश्वर मंदिर, रायगढ़, 4- वरदविनायक मंदिर, रायगढ़, 5- चिंतामणी मंदिर, पुणे, 6- गिरिजात्मज अष्टविनायक मंदिर, पुणे, 7- विघ्नेश्वर अष्टविनायक मंदिर, ओझर और 8- महागणपति मंदिर, राजणगांव। इन सभी मंदिरों का महत्व गणेश और मुद्गल पुराण जैसे ग्रथों में भी वर्णित है। इन गणपति धामों की यात्रा को अष्टविनायक तीर्थ यात्रा के नाम से बुलाया जाता है। ये यात्रा इन पवित्र प्रतिमाओं के प्राप्त होने के क्रम के अनुसार ही की जाती है। क्रम के अनुसार दर्शन करने पर ही यात्रा पूर्ण मानी जाती है।

## पर्यटन



# सिंगापुर घूमने जा रहे हैं तो पहले जान लें यहां के अजीबोगरीब नियम

दुनिया के सबसे मशहूर विदेशी डेस्टिनेशन में से सबसे आगे है सिंगापुर। सिंगापुर में घूमने के लिए कई बेहतरीन जगहों है जो टूरिस्टों को झट से अपनी ओर अट्रैक्ट कर लेती हैं। यहीं वजह है कि अधिकतर लोग सिंगापुर में वेकेशन्स एन्जॉय करने आते है लेकिन यहां ट्रैवल करने से पहले आपको इस देश के कुछ जरूरी नियमों के बारे में पता होना चाहिए। तो चलिए जानते हैं सिंगापुर से जुड़ी कुछ जरूरी बातें। **1. च्यूइंग गम खाना है मना–** आपको जानकर हैरानी होगी लेकिन सिंगापुर में च्यूइंग गम खाना मना है। इतना ही नहीं, यहां च्यूइंग गम खरीदने और बेचने पर भी बैन लगा हुआ है। **2. कैश रखना है जरूरी–** यहां पर्यटकों को खासतैर पर अपने साथ कैश रखने के लिए कहा जाता है। ऐसा पर्यटकों की सुविधा के लिए किया गया है, ताकि बाद में उन्हें एटीएम न ढूंढना पड़े। **3. सड़कों पर कूड़ा फेंकना है जुर्म–** सिंगापुर दुनिया के स्वच्छ देशों में से हैं। यहां साफ–सफाई का खास ख्याल रखा जाता है और सड़कों पर कूड़ा फेंकने वाले को जुर्माना देना पड़ता है। फिर चाहे वह कोई टूरिस्ट ही क्यों न हो। सफाई के मामले में यहां के कानून काफी स्टिक है। **4. पब्लिक टॉयलेट में फ्लश करना है जरूरी–** कई बार पब्लिक टॉयलेट में लोग फ्लश चलाना भूल जाते हैं या कुछ लोग तो आदतन ऐसा करते हैं। मगर सिंगापुर में ऐसा करना अपराध माना जाता है और अपराधी को 10,000 रुपए का जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। **5. टेबल से पैरों को न निकालें बाहर–** कुछ लोगों को सोफ़े या कॉफी टेबल पर बैठे हुए अपने पैर बाहर निकालने की आदत होती है। मगर आपको बता दें कि सिंगापुर में इसे जुर्म माना जाता है। सिंगापुर में टेबल या सोफ़े से पैर बाहर निकालना सख्त मना है। **6. पब्लिक स्मोक करना:** अगर आपको भी पब्लिक प्लेस पर स्मोक करने की आदत है तो उसे आज ही छोड़ दें क्योंकि सिगांपुर में ऐसा करने पर आपको सजा हो सकती है। इतना ही नहीं, ऐसा करने पर आपको 200 जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। **7. वाई–फाई पर भी है रोक–** कुछ लोगों की आदत होती है कि वो हर जगह फ्री वाला वाई–फाई ढूंढते हैं। मगर आपको बता दें कि सिंगापुर में ऐसा बिलकुल नहीं है। अगर इस देश में आपने बिना किसी की परमिशन के वाई–फाई यूज किया तो आपको जुर्माना और तीन साल तक जेल की हवा खानी पड़ सकती है।

# गंगा अवतरण कथक नृत्य नाटिका ने श्रोताओं का मोह लिया मन

## महोत्सव में कार्यक्रम ने लगाए चार चांद, खूब जुटी भीड़





कैनविज टाइम्स संवाददाता

फोटो 0014,15

रामनगर बाराबंकी । महादेवा महोत्सव के प्रतिष्ठित मंच पर पर्णिका श्रीवास्तव और उनके ग्रुप के द्वारा गंगा अवतरण कथक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति बड़ी मन मोहक रही द्य इस नृत्य नाटिका के माध्यम से माँ गंगा के पृथ्वी पर अवतरित होने की कथा का सजीव चित्रण नृत्य संगीत के माध्यम से दिखाया गया द्य माँ गंगा के किरदार में पर्णिका के अभिनय की जहां खूब तारीफ हुई वहीं शिव जी के किरदार में अभिजीत के अभिनय की प्रशंसा की गई । गंगा अवतरण नाटिका के अन्य किरदारों में कपिलमुनि और भागीरथी के किरदार में अंश पांडेय का भी अभिनय सराहनीय रहा।नृत्य में सहयोगी कलाकारों में रितिका मिश्रा , अनुराधा और जया ने भी बखूबी बेहतरीन अभिनय किया।संयोजन रजनी श्रीवास्तव का रहा।टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बेहतरीन प्रस्तुति के चलते पर्णिका सात वर्षों से यहां कार्यक्रम प्रस्तुत करने आ रही हैं।

### महादेवा महोत्सव के मंच पर स्कूली बच्चों ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर खूब वाह वाही बटोरी

लोक गीत,देश गीत तथा नाटकों को पसंद किया गया

रामनगर बाराबंकी लोधेश्वर महादेवा के सांस्कृतिक पांडाल में विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर खूब वाह वाही बटोरी।उनके कार्यक्रम देखने के लिए दर्शक डटे रहे। खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्रा ने स्कूलों के प्रधानाचार्यो को मेमेंटो देकर सम्मानित किया।रामनगर पी जी कालेज से आए शिवा मिश्र की टीम ने भोलेनाथ की स्तुति कैलाश के निवासी नमो बार बार हो की प्रस्तुति देकर भगवान भोले की भक्ति में डुबो दिया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय गणेशपुर के बच्चों ने शिव तांडव व विजई भव पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। सूरतगंज कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा,पायल,अर्चना,प्रियांकी,राधा,मंजू,महक,सुधा ने कालियों कूद पड़े मेलो में राजस्थानी गीत पर भाव भरा नृत्य प्रस्तुत किया। सिरकौली प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने आरंभ है प्रचंड पर प्रस्तुति दी।अंशिका व सपना उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरकौली ने ए वतन ए वतन जाने जा जाने मन गाने पर भाव भरा नृत्य प्रस्तुत किया।लोग जलवा तेरा जलवा पर आनंदित हो उठे। बीपी एन विद्यालय की छात्राओं अनुष्का तिवारी,आरुषी,नित्या गुप्ता,स्वस्तिका पाठक,वेदिका पाठक,प्रतिमान अवस्थी ने अब कतरा बोल रहा गाने की धुन पर नृत्य की भाव भंगिमाओं से लोगो को राष्ट्र प्रेम में डुबो दिया।इसी के साथ हर हर गंगे गाने पर भी छात्राओं ने बेहतरीन प्रस्तुति दी।प्राथमिक विद्यालय सिरकौली की छात्रा अंशिका यादव व अजय शेखर ने फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी गाने पर भावभरा नृत्य कर भक्ति भावना का संचार किया।एस बी पी एम के बच्चों ने शारिब, अवंतिका, प्राप्ति, शगुन, रिया, विधि, आराध्या, रितिका, शिवांगी ने शूर वीर थीम पर एक एक करके सब गण जीते गाने पर बेहतरीन नृत्य की प्रस्तुति देकर वीर शिवा जी की वीरता का गुणगान किया। इनकी ऑपरेशन सिंदूर प्रस्तुति खूब सराही गई। प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकपुर की छात्राओं प्राँशी,अंशिका,रिया,शिवानी ने शिव विवाहोत्सव नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर लोगों की तालियां बजवाई।नुक्कड़ नाटक घर की रोशनी प्राथमिक विद्यालय कटियारा के बच्चों ने प्रस्तुत किया जिसे काफी सराहना मिली।प्राथमिक विद्यालय मोहड़वा की छात्राओं ने ओ री चिरैया व प्राथमिक विद्यालय मोहरी की छात्राओं ने राधा कैसे न जले गाने पर भक्ति भंगिमा बिखेरी। कांति महाविद्यालय के छात्र जतिन नाग का शिव तांडव बड़ा मनोहारी रहा।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल,तह सील दार विपुल कुमार सिंह,नायब तहसील दार विजय प्रकाश तिवारी,प्राचार्य पी जी कालेज डा कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा ,जिला मंत्री शिक्षक संघ उमानाथ मिश्र व हनुमंत अवस्थी,अजय तिवारी प्रधान भी बच्चो का हौसला बढ़ाने के लिए मौजूद रहे।

# शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर प्लान तैयार किया जाए : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई ) । आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की डीटीएफ एवं विभिन्न योजनाओं तथा शिक्षा विमर्श, निपुण शिक्षा तथा पीएम श्री विद्यालयों के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत निपुण शिक्षा पर चर्चा की गयी तथा समस्त एआरपी से मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा मध्यम विधार्थियों के लिए क्या प्लान है उसके विषय में जानकारी प्राप्त की गयी तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर प्लान तैयार किया जाए। निपुण को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि निपुण शिक्षा पर कार्य किया जाए जो विकास खण्ड निपुण शिक्षा में पीछे रहेगा उससे संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 19 अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण के विषय में विकासखंड वार जानकारी प्राप्त की गयी जिसमें रसोई घर के कार्य तथा दिव्यांगजन शौचालय, विद्यालयों की चहारदीवारी, बाल मैत्रिक शौचालय, बालक बालिका मूत्रालय, डैम प्रूफ पेंट, जर्जर भवन, परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से जा रही विद्युत की हाइटेंशन लाईन, वैदरशीट मैक्स पेंट, खपरैल, मिड डे मील, पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण, मध्याह्न भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, किचन गार्डन, पीएम श्री विद्यालयों में मेडिकल कैंप, समर्थ एप पर दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र अपलोड किए जाने की स्थिति, संचालित रिसोर्स रूम, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में खाने की गुणवत्ता को लेकर भी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जानकारी प्राप्त की गई एवं संबंधित का आवश्यक दिशा निर्देश। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय छात्रावास के निर्माण को लेकर भी चर्चा की गयी। पीएम श्री विद्यालयों में निर्माण रजिस्टर बनाने को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया तथा पीएम श्री विद्यालयों में आरओ सिस्टम लगवाये जाने को लेकर जिलाधिकारी द्वारा परियोजना निदेशक डीआरडीए से जानकारी प्राप्त की गयी एवं परियोजना निदेशक को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह में सभी आरओ सिस्टम संचालित हैं या नहीं उसको चेक करें तथा आगामी 29 नवंबर को होने वाली संबंधित बैठक में इसकी आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करें। पीएम श्री विद्यालयों में हर्बल गार्डन को लेकर भी जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में अच्छी प्रकार के औषधीय पौधे लगाना सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक दिव्यांग पुस्तकालय, सीएम कंपोजिट स्कूल आदि पर भी चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की प्रमुख योजना को लेकर भी समीक्षा की गयी। बैठक के अन्तर्गत प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गयी । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत एक करोड़ से अधिक धनराशि की परियोजनाओं को शामिल किया जाएगा। जनपद में इसके अंतर्गत दिव्यांगजन पुस्तकालय, ऑडिटोरियम, किसान केन्द्र, सीएलएफ बिल्डिंग, मुख्यमंत्री अभ्युदय भवन आदि के संबंध में चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह,जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त एआरपी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मतदेय स्थल के सम्भाजन के सम्बध में बैठक सम्पन्न

बदायूँ। जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में मंगलवार को मतदेय स्थल के सम्भाजन के सम्बध में राजनीतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गई, आयोग के निर्देशों का अनुपालन करने के लिए कहा। मतदेय स्थलों के सम्भाजन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई समय सारणी के अनुसार कि 29 अक्टूबर से 04 नवम्बर 2025 तक मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निधारण एवं नए मतदेय स्थल स्थापित करने हेतु भवनों का चिन्हांकन तथा 06 व 07 नवम्बर को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार करने की कार्यवाही पर कार्य किया गया। 10 नवम्बर को आपत्तियों एवं सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन हुआ, 10 नवम्बर को ही मतदेय स्थलों की आलेख सूची को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया। 18 नवम्बर को वर्तमान संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठकों के आयोजन के पश्चात शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद सूची को अंतिम रूप दिया गया।

### ड्रोन कैमरे की निगरानी में रहेगा मेला राम नगरिया

फर्रूखाबाद,। गंगातट पांचालघाट पर लगने वाले मेला रामनगरिया के प्रांतीयकरण की कार्यवाही चल रही है। इस बार मेले में ड्रोन कैमरे निगरानी करेंगे।

यह जानकारी अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने जिलाधिलारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर हुई मेला रामनगरिया की बैठक में दी। 3 जनवरी 2026 से 3 फरवरी 2026 तक लगने वाले मेला श्री रामनगरिया एवं विकास प्रदर्शनी की तैयारियों के संबंध में साधु, संतों व मेला समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अपर जिलाधिलारी न्यायिक/मेला सचिव ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मेला क्षेत्र में पेयजल हेतु हैंडपम्प,समर्सिबल पम्प लगाये जायेंगे व विशेष पर्वो पर नगर पालिका के टैंकर द्वारा भी पानी की आपूर्ति की जाएगी। पूरे मेला क्षेत्र की सजावट की जायेगी। पुल को सजाया जायेगा। सभी साधु-संतों के कैम्पो में, कल्पवासियों, दुकानों को विद्युत आपूर्ति की जायेगी। ध्वनि व्यवस्था हेतु सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाये जायेंगे। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में अस्थाई शौचालय बनाये जाएंगे।पूरे मेला क्षेत्र की ड्रोन कैमरों व सीसीटीवी कैमरों द्वारा निगरानी की जायेगी, वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

जिलाधिलारी ने मेला के बेहतर प्रबंधन के लिए साधु-संतों व मेला कमेटी के सदस्यों से सुझाव मांगे । साधु ,संतों व मेला कमेटी के सदस्यों द्वारा मेला शुभारंभ के पूर्व मेला में सभी दुकानों को लगवाने, टेंट की समुचित व्यवस्था कराने सदस्यों को पहचानपत्र उपलब्ध कराने, महँगे कलाकार न बुलाने, मेले की आय व व्यय का विवरण सभी को उपलब्ध कराने, बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेंट पर कॉटेज उपलब्ध कराने,मेले में अस्थायी मोबाइल टॉवर लगाने, घाटों का नामकरण व नम्बरिंग कराने,मेला क्षेत्र को थर्माकोल व प्लास्टिक मुक्त जोन बनाने, गंगा में गिर रहे नालों की टैपिंग कराने, मेला में की जाने वाली विद्युत की सिक्योरिटी वापस किये जाने, एक और पैंटून पुल बनवाने व मेले को भव्य बनाने के सुझाव दिये। विधायक अमृतपुर ने बताया कि मेले का प्रान्तीयकरण कराने का प्रयास चल रहा है।

पुलिस अधीक्षक ने अपील की कि मेले में कोई भी कानून-व्यवस्था अपने हाथ मे न ले। किसी भी परेशानी पर पुलिस व प्रशासन को सूचना दे।

जिलाधिलारी ने अवगत कराया कि संस्कृति विभाग उप्र सरकार द्वारा मेले को 30 लाख का बजट उपलब्ध कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोगों को मेले को भव्य बनाने में योगदान करना होगा। सीमित संसाधनों में मेले का आयोजन करना है। सामूहिक प्रयास से ही मेले को भव्यता व दिव्यता प्रदान की जा सकती है । मेले का आयोजन सनातन संस्कृति,कल्पवास की परंपरा व शुचिता के साथ हो, सभी से यही अपील है।

इस अवसर पर साधू संत,मुख्य विकास अधिकारी,अपर जिलाधिलारी वित्त एवं राजस्व, नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी सदर, सभी जिलास्तरीय अधिकारी वमेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

### स्टूडेंट वीजा अवधि बढ़वाने के लिए फर्जी दस्तावेज़ अपलोड के मामले में दो विदेशी छात्रों के खिलाफ केस दर्ज

बरेली। छात्र वीजा पर भारत आए नाइजीरिया के छात्र यूसुफ बाला मुस्तफा और सूडान के अयूब अली के खिलाफ वीजा विस्तार के लिए फर्जी दस्तावेज़ तैयार करने के मामले में बारादरी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रोहिलखंड चौकी प्रभारी मनीष भारद्वाज ने बताया कि सूचना मिली थी कि यूसुफ ने वीजा बढ़ाने के लिए ऑनलाइन आवेदन में जाली पंजीकरण प्रमाणपत्र अपलोड किया है। गोपनीय जांच में प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया। जांच में सामने आया कि युसूफ 19 जनवरी 2025 को छात्र वीजा पर भारत आया था। 31 जनवरी को उसने सिटी यूनिवर्सिटी लुधियाना में बीसीए में दाखिला लिया और बाद में 19 जुलाई को एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में बीएमएस प्रथम वर्ष में प्रवेश ले लिया। नियम के अनुसार उसे लुधियाना से बरेली स्थानांतरण के लिए एफआरआरओ अमृतसर से अनुमोदन लेना था, लेकिन उसने यह प्रक्रिया पूरी नहीं की।

पुलिस के मुताबिक वीजा अवधि बढ़ाने और आर्थिक दंड से बचने के लिए युसूफ ने जाली प्रमाणपत्र अपलोड कर दिया। पूछताछ में छात्र यूसुफ ने बताया कि आवेदन तैयार कराने में उसकी मदद सूडान के छात्र अयूब अली ने की, जो वर्तमान में पंजाब की सिटी यूनिवर्सिटी में पढ़ रहा है। पुलिन ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है।

### खेत में गिरे हाईटेंशन तार की चपेट में आया युवक

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के गहिला मतवार गांव में मंगलवार दोपहर खेत की जुताई के दौरान 11 हजार वोल्ट के गिरे हुए तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव निवासी 28 वर्षीय फूलेश बटाई पर लिए गए खेत में ट्रैक्टर से बुवाई करने पहुंचा था। खेत में पहले से ही 11 हजार वोल्ट की लाइन का तार गिरा हुआ था। फूलेश ने लाठी-डंडे से तार को हटाने की कोशिश की, इसी दौरान करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया और जमीन पर गिर पड़ा। बगल में धान की थ्रेसिंग कर रहे किसानों ने दौड़कर बांस और बल्ली से तार हटाया और परिजनों को सूचित किया।

# नशे का अवैध कारोबार करने वालों को सिखाएंगे सबक



हाथरस। कोतवाली में बुधवार को नशे की प्रवृत्ति को रोकने और आमजन को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों, प्रधानों और उपस्थित नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

कोतवाली प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने कहा कि नशा समाज, परिवार और युवा पीढ़ी को तेजी से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने इस सामाजिक बुराई के खिलाफ सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर नशे के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने नशे को एक 'महाबीमारी' बताया, जो व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार को भी बर्बाद कर देती है। उन्होंने कहा कि सभी का दायित्व है कि वे अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें और युवाओं को इस बुरी आदत से दूर रखने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कोतवाली पुलिस नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ निरंतर कार्रवाई करेगी। टीमों को विशेष रूप से उन स्थानों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, जहां नशे से संबंधित गतिविधियों की शिकायतें मिलती रही हैं। कार्यक्रम में मौजूद पुलिसकर्मियों, प्रधानों और आम नागरिकों ने नशा न करने और दूसरों को भी नशा न करने देने की शपथ ली। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि स्कूल-कॉलेजों, ग्रामीण क्षेत्रों और शहर की बस्तियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग नशे के खतरों को समझ सकें। थाना प्रभारी ने चेतावनी दी कि नशा बेचने वालों, सप्लाई करने वालों और अवैध कारोबार में जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सोनभद्र खनन हादसा : मलबे में मिले सात शव, रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के ओबरा थाना क्षेत्र के बील्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में पहाड़ी धसकने से उसके मलबे से सात मजदूरों के शव बरामद हो गए हैं। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया गया है। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने मंगलवार को बताया की खनन हादसे के बाद चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में कुल सात मजदूरों के शव बरामद कर लिए गयए हैं। मृतकों की पहचान 28 वर्षीय राजू सिंह गोड़, 25 वर्षीय रविन्द्र गोड़, 34 वर्षीय इन्द्रजीत यादव, 32 वर्षीय संतोष यादव, 35 वर्षीय रामखेलावन खरवार, 32 वर्षीय गुलाब खरवार और 30 वर्षीय कृपा शंकर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया की खनन हादसे के तुरंत बाद आसपास की कंपनियों, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। शनिवार की रात से मंगलवार के दोपहर तक शवों को खोजने का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ व खान सुरक्षा से संबंधित अधिकारियों की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर बताया कि अब वहां किसी अन्य के दबे होने की कोई संभावना नहीं है। एनडीआरएफ की टीम ने पूरे मलबे को दो बार पूरी तरह से हटा कर देख लिया है। इसके बाद राहत बचाव कार्य बंद कर दिया गया।

# हरित विकास की दिशा में बड़ा कदम वृक्षारोपण प्रशिक्षण कार्यशाला

## वन क्षेत्राधिकारी अल्पना पांडेय ने कहा 'हमारा लक्ष्य पौधों को जीवित रखना'

## विभागीय अधिकारियों ने साझा किए महत्वपूर्ण सुझाव






कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । विकासखंड रामनगर में आगामी वित्तीय वर्ष के वृहद वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन क्षेत्राधिकारी श्रीमती अल्पना पांडेय ने की। कार्यशाला में खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार, वन दरोगा सचिन पटेल, ग्राम पंचायत अधिकारी अभय शुक्ला सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने सफल वृक्षारोपण के लिए आवश्यक वैज्ञानिक पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पौधों के चयन, मिट्टी की गुणवत्ता, उचित गड्ढे की गहराई, रोपण के बाद मल्चिंग, सिंचाई और पौधों की सुरक्षा जैसे चरणों का पालन किए बिना वृक्षारोपण लंबे समय तक सफल नहीं हो सकता। उन्होंने पौधों की नियमित निगरानी एवं संरक्षण को सबसे महत्वपूर्ण बताया।इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं वन क्षेत्राधिकारी श्रीमती अल्पना पांडेय ने कहाल्लवन विभाग का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखते हुए पूर्ण विकसित वृक्ष बनाना है। इसके लिए जनसहभागिता अनिवार्य है। यदि प्रत्येक नागरिक एक पौधे को अपनाकर उसकी जिम्मेदारी ले, तो क्षेत्र में हरियाली का विस्तार स्वतः संभव हो जाएगा। आगामी वित्तीय वर्ष में हम वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम बढ़ाएंगे।ङ्क उन्होंने उपस्थित लोगों से विभागीय दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम में तेजस कृष्णा, आर.के. तिवारी (क्षेत्रीय वन अधिकारी), विजय कुमार सैनी, उमेश कुमार कनौजिया (उप क्षेत्रीय वन अधिकारी), सुमित कुमार यादव, शैलेंद्र कुमार सिंह, रामविलास, रामचंद्र पाल सहित क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान व ग्रामीण उपस्थित रहे।





# विश्व टेनिस लीग दिसंबर में भारत में पदार्पण करेगी

**मेदवेदेव, किर्गियोस, बोपन्ना, रयबाकिना और बडोसा मुख्य आकर्षण होंगे**

एजेंसी



बेंगलुरु। यूएई में तीन सीजन तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के बाद, आइकॉनिक स्पोर्ट्स एंड इवेंट्स लिमिटेड द्वारा लाइसेंस प्राप्त और प्रबंधित विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) अगले महीने भारत में पदार्पण करने के लिए तैयार है। बेंगलुरु में 17-20 दिसंबर तक आयोजित होने वाला यह चार दिवसीय टूर्नामेंट कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ के स्वामित्व और संचालन वाले प्रतिष्ठित एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में आयोजित होगा। यह संस्करण डब्ल्यूटीएल की उत्कृष्टता की विरासत को जारी रखेगा, जिसमें दानिल मेदवेदेव, निक किर्गियोस, एलेना रयबाकिना, पाउला बडोसा, रोहन बोपन्ना, गाएल मोंफिल्स, आर्थर फिल्स, सुमित नागल, मैग्डा लिनेट और मार्टा कोस्त्युक सहित टेनिस प्रतिभाओं की एक मजबूत टीम शामिल होगी। देश में टेनिस के बढ़ते चलन के साथ, डब्ल्यूटीएल ने युकी भांबरी, अंकिता रैना, श्रीवल्ली भामिदीपती, माया रेवती, दक्षिणेश्वर सुरेश और शिविका बर्मन जैसे भारत के बेहतरीन खिलाड़ियों को भी अपने साथ जोड़ा है। यह कदम भारत में इस खेल के विकास को बढ़ावा देगा और देश भर के टेनिस प्रशंसकों को उत्साहित करेगा। अपने अनूठे टीम प्रारूप और उच्च-स्तरीय प्रतियोगिता के साथ, वर्ल्ड टेनिस लीग ने टेनिस कैलेंडर में खुद को एक प्रमुख आयोजन के रूप में स्थापित किया है और दुनिया भर के खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों का ध्यान आकर्षित करता रहा है। भारत में अपनी पहली उपस्थिति के बारे में बात करते हुए, विश्व नंबर 5 एलेना रयबाकिना ने कहा, ''मैंने भारत में टेनिस संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सुना है, और मैं डब्ल्यूटीएल के साथ यहां अपनी शुरुआत करने को लेकर रोमांचित हूँ। लीग का प्रारूप रोमांचक है, और मैं अपनी टीम के साथ कोर्ट पर हर पल का आनंद लेने के लिए तैयार हूँ। इस ऐतिहासिक संस्करण पर, 12 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और वर्ल्ड टेनिस लीग के सह-संस्थापक, महेश भूपति ने कहा, ''भारत का टेनिस के साथ हमेशा से एक गहरा और स्थायी रिश्ता रहा है, और डब्ल्यूटीएल का यहां आना उस बंधन को और मजबूत करने का एक अवसर है। इस खेल को अनुभव करने वाले व्यक्ति के रूप में, मेरा मानना है कि यह प्रारूप प्रतियोगिता के तेज, गतिशील और आकर्षक पक्ष को सामने लाता है। अंतरराष्ट्रीय चैंपियन भारत की शीर्ष प्रतिभाओं के साथ कोर्ट साझा करते हुए, हमें उम्मीद है कि हम अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरित कर पायेंगे और टेनिस को एक ऐसे खेल के रूप में प्रदर्शित कर पायेंगे जो गहन, वैश्विक और संभावनाओं से भरपूर है।

# ट्रम्प प्रशासन का बड़ा ऐलान, फीफा विश्व कप टिकट धारकों को वीज़ा इंटरव्यू में मिलेगी प्राथमिकता

एजेंसी



नई दिल्ली। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच हुई बैठक के बाद फीफा विश्व कप 2026 के टिकट धारकों को वीज़ा इंटरव्यू में प्राथमिकता देने की घोषणा की गई है। फीफा के अनुसार, इस उद्देश्य के लिए फीफा प्रायोरिटी अप्वाइंटमेंट शेड्यूलिंग सिस्टम (फीफा पास) शुरू किया गया है, ताकि वीजा प्रक्रिया को आसान और तेज बनाया जा सके। ट्रम्प प्रशासन द्वारा 2025 में लागू की गई कड़ी आव्रजन नीतियों के बाद यह सवाल उठ रहे थे कि इतने बड़े खेल आयोजन को उत्तर अमेरिका में आयोजित करना कितना उचित होगा। हालांकि, अब यह नई पहल अंतरराष्ट्रीय दर्शकों की उपस्थिति बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकती है। फीफा विश्व कप 2026 को अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको द्वारा 16 शहरों में संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। इस बार टूर्नामेंट में टीमों की संख्या बढ़ाकर 48 कर दी गई है। इन्फेंटिनो ने एक आधिकारिक बयान में कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया भर के प्रशंसकों का अभूतपूर्व स्तर पर स्वागत करने के लिए तैयार है, और हम यह सुनिश्चित करने की तैयारी कर रहे हैं कि फुटबॉल दुनिया को एकजुट करे। वीज़ा संबंधी चिंताओं के बावजूद टिकटों की मांग मजबूत बनी हुई है। फीफा के अक्टूबर चरण में अब तक 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा, अमेरिका प्राथमिकता आधारित अपॉइंटमेंट दे रहा है ताकि फीफा विश्व कप के प्रशंसक जल्द से जल्द वीज़ा इंटरव्यू पूरा कर सकें। टूर्नामेंट नजदीक है, इसलिए अब आवेदन करने का सही समय है। हम इतिहास का सबसे सुरक्षित और शानदार विश्व कप कराने के लिए तैयार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमालय में रॉयल एनफील्ड ने आइस हॉकी तीसरे सीजन की घोषणा की

**नयी दिल्ली।** रॉयल एनफील्ड ने आज हिमालय के लिए अपने आइस हॉकी सीजन के तीसरे संस्करण की घोषणा की, जिसमें विकासात्मक प्रतियोगिताएँ–लद्दाख में रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग (आरईआईएचएल) और हिमाचल प्रदेश में रॉयल एनफील्ड द्वारा संचालित स्पीति कप–शामिल हैं। पिछले संस्करणों की सफलता पर आगे बढ़ते हुए, 2025S26 का यह सीजन प्रशिक्षण और सामुदायिक क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान के साथ शुरू हो रहा है, जो हिमालय में एक आत्मनिर्भर आइस हॉकी पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के प्रति रॉयल एनफील्ड की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। सीजन की शुरुआत नवंबर में देहरादून और लेह में व्यापक कोच और रेफरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ होगी, जिन्हें आईआईएचएफ–प्रमाणित प्रशिक्षकों–कोच डैरिल ईसन और ऑफिशिएटिंग इंस्ट्रक्टर पीटर गेबी–द्वारा संचालित किया जाएगा। यह शिविर स्थानीय कोचों और अधिकारियों को उन्नत कौशल प्रदान करेंगे, ताकि वे लर्न टू प्ले ( एलटीपी) कार्यक्रमों का नेतृत्व कर सकें, युवा प्रतिभाओं की पहचान और प्रशिक्षण कर सकें, और समुदाय–आधारित टीमों को तैयार कर सकें जो आगामी विकासात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी। इस वर्ष, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में एलटीपी और बेसिक स्केटिंग कार्यक्रमों के माध्यम से 1000 से अधिक बच्चों को आइस हॉकी से परिचित कराया जाएगा। लेह में पहली बार शुरू किया जा रहा पॉन्ड हॉकी कार्यक्रम भी समुदाय–आधारित भागीदारी को बढ़ावा देगा, जिसमें 80 बच्चों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर और उसके बाद गुपुक तालाब पर एक नॉन–कॉन्टैक्ट 3 वी 3 टूर्नामेंट होगा–जो पहली बार स्केटिंग करने वाले बच्चों और नए उत्साहियों के लिए एक सहज और मनोरंजक प्रवेश बिंदु बनेगा। रॉयल एनफील्ड की सीएसआर शाखा, ईचर ग्रुप फाउंडेशन की एग्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर बिदिशा डे ने कहा, ल्हिमालय में आइस हॉकी समुदाय की दृढ़ता का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरती जा रही है। तीसरे सीजन के साथ, हमारा फोकस सहभागिता से आगे बढ़कर प्रगति पर है–सुसंगठित कोच और रेफरी ट्रेनिंग के माध्यम से ग्रासरूट ढांचे को मजबूत करते हुए और अपनी पहुंच को लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड तक विस्तारित करते हुए। इस सीजन का उद्देश्य हमारे प्रभाव को और गहरा करना है, ताकि स्थानीय कोच और युवा नेता अपनी स्वयं की खेल समुदायों को विकसित, प्रशिक्षित और आगे बढ़ा सकें। हमारे लिए असली जीत वही है–जब यह आंदोलन पूरी तरह उन लोगों का बन जाता है जो इसे जीते हैं। सीजन जनवरी 2026 में भारत के दो सबसे ऊंचाई वाले टूर्नामेंटों–लेह में रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग (आरईआईएचएल) और काज़ा में स्पीति कप–के साथ संपन्न होगा, जिनमें लद्दाख और हिमाचल प्रदेश की 30 से अधिक टीमों और लगभग 700 खिलाड़ियों की भागीदारी होगी। इस बार पहली बार खारू (लद्दाख) की एक नई टीम आरईआईएचएल में शामिल होगी, जबकि हिमाचल प्रदेश के लाहौल क्षेत्र की टीम स्पीति कप में पदार्पण करेगी। दिसंबर और जनवरी की शुरुआत में प्रशिक्षित कोच खिलाड़ी चयन और क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविरों का नेतृत्व करेंगे, ताकि वे अपनी टीमों को आगामी लीगों के लिए तैयार कर सकें। कोच डैरिल ईसन भी अगले चरण के दौरान दो सप्ताह के लिए लेह में रहेंगे और कोचों को मेंटरशिप प्रदान करेंगे, ताकि प्रशिक्षण कार्यशालाओं से प्राप्त ज्ञान प्रभावी खिलाड़ी विकास में परिवर्तित हो सके। प्रशिक्षण रॉयल एनफील्ड की सोशल मिशन पहल का प्रमुख आधार है, जो ग्रासरूट डेवलपमेंट से एथलीटों की अगली पीढ़ी के लिए प्राकृतिक प्रगति का मार्ग बनाता है, और हिमालयी समुदायों के सामाजिक ढांचे को मजबूत करता है।

### मिशेल वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**नेपियर।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। हेनरी निकोल्स, जिन्हें पहले नेपियर में दूसरे वनडे के लिए उनकी जगह चुना गया था, टीम का हिस्सा बने रहेंगे। हेगले ओवल में पहले वनडे में न्यूजीलैंड की वेस्टइंडीज पर सात रन की जीत में अपना सातवां वनडे शतक लगाते समय मिशेल को जांघ में तकलीफ हुई और वह दूसरी पारी के लिए मैदान पर नहीं लौटे। ग्रोइन स्कैन में मामूली चोट का पता चला है जिसके लिए दो हफ्ते के रिहैबिलिटेशन की आवश्यकता होगी। मिशेल के वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 दिसंबर से हेगले ओवल में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले ठीक होने की उम्मीद है। मिशेल की चोट पर बात करते हुए, मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, ''चोट के कारण सीरीज से शुरुआत में ही बाहर होना हमेशा मुश्किल होता है, खासकर जब आप डेरिल की तरह शानदार फॉर्म में हों। इस गर्मी में अब तक वनडे फॉर्मेट में उन्होंने हमारा बेहतरीन प्रदर्शन किया है, इसलिए दो अहम मैचों में उनकी कमी खलेगी। अच्छी बात यह है कि चोट मामूली है, और हमें उम्मीद है कि डेरिल टेस्ट सीरीज के लिए पूरी तरह से फिट हो जायेंगे।ढ वाल्टर ने कहा, ''हेनरी फोर्ड ट्रॉफी में बेहतरीन फॉर्म में रहे हैं और एक अनुभवी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं, इसलिए टीम में उनका स्वागत करना बहुत अच्छा है। अच्छी फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों को पुरस्कृत करना हमेशा अच्छा लगता है, और हम जानते हैं कि हेनरी मौका मिलने पर खेलने के लिए तैयार होंगे।

### डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी 27 नवंबर को नई दिल्ली में होगी आयोजित

**नयी दिल्ली।** डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी 27 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित होगी। यह ऐलान इस महीने की शुरुआत में अगले सीजन के लिए वूमेंस प्रीमियर लीग की रिटेंशन लिस्ट जारी होने के बाद की किया गया है। डब्ल्यूपीएल 2026 ऑक्शन में हर क्रिकेट टीम को अधिकतम 18 खिलाड़ियों की टीम बनाने की अनुमति होगी। कुल मिलाकर, पांचों टीमों में 23 विदेशी खिलाड़ियों सहित 73 स्थान भरे जाने के लिए उपलब्ध हैं। यूपी वारियर्स डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी में सबसे ज्यादा बदलाव करेंगे, क्योंकि उन्होंने सिर्फ एक खिलाड़ी अनकैप्ड श्वेता सहरावत को रिटेन किया है। उनके पास सबसे बड़ा पर्स होगा, साथ ही चार राइट टू मैच (आरटीएम) विकल्प भी उपलब्ध होंगे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मौजूदा विजेता मुंबई इंडियंस और तीन बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स, जिन्होंने शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स को टीम में बनाए रखा है, ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। मेगा ऑक्शन में, उनके पास कोई राइट–टू–मैच (आरटीएम) विकल्प उपलब्ध नहीं होगा। अब तक आयोजित तीन संस्करणों में, डब्ल्यूपीएल में कुछ खिलाड़ियों पर बहुत बड़ी बोली लगी हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा डब्ल्यूपीएल 2023 मेगा ऑक्शन में भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना के लिए 3.4 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद, स्मृति मंधाना वर्तमान में डब्ल्यूपीएल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी हैं। मंधाना, जिन्होंने 2024 डब्ल्यूपीएल सीजन में टीम को खिताब जिताया था, डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा रिटेन किए गए चार खिलाड़ियों में से एक हैं। कुल मिलाकर, पांचों क्रिकेट टीमों ने सात विदेशी क्रिकेटरों सहित 17 खिलाड़ियों को रिटेन किया। सभी टीमों के पास 2026 डब्ल्यूपीएल नीलामी में खर्च करने के लिए कुल 41.1 करोड़ रुपए होंगे।

# जर्मनी ने स्लोवाकिया को 6-0 से हराकर किया फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई

एजेंसी



लीपज़िग। जर्मनी ने सोमवार को अपने अंतिम क्वालीफायर मैच में स्लोवाकिया को 6-0 से करारी शिकस्त देकर अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप 2026 के लिए जगह पक्की कर ली। पहले हाफ में ही चार गोल दागकर जर्मनी ने मैच पर पूरी तरह कब्ज़ा जमा लिया और स्लोवाकिया को मार्च में होने वाले प्लेऑफ में धकेल दिया। चार बार की विश्व चैंपियन जर्मनी, जो पिछली दो विश्व कप (2018 और 2022) में पहले दौर से बाहर हो गई थी, ने ग्रुप में 15 अंकों के साथ टॉप किया। स्लोवाकिया 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। मैच में जीत या ड्रॉ किसी भी परिणाम से जर्मनी को क्वालिफिकेशन मिल सकता था, लेकिन टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। 18वें मिनट में निक वोल्टेमाडे ने लगातार तीसरे मैच में चौथा गोल करते हुए टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 29वें मिनट में सर्ज ग्नाब्री ने लियोन गोरेत्स्का के शानदार पास पर गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। 36वें मिनट में फ्लोरियन विर्ट्ज़ के पास पर लेरॉय साने ने शानदार कर्लिंग शॉट के साथ तीसरा गोल किया। मात्र पाँच मिनट बाद विर्ट्ज़ ने एक और असिस्ट देकर साने को उनका दूसरा गोल दिलाया, जिससे जर्मनी हाफ टाइम तक 4-0 की मजबूत बढ़त ले चुका था। स्लोवाकिया, जिसने सितंबर में ब्रातिस्लावा में जर्मनी को हराया था, इस बार जर्मन टीम के दबदबे के आगे पूरी तरह असहाय दिखा। वोल्टेमाडे ने मैच के बाद कहा, हमने शुरुआत से अंत तक बेहतरीन खेल दिखाया। डिफेंस में कुछ भी मौका नहीं दिया और अटैक में रचनात्मक रहे। जर्मनी के लिए खेलना शानदार है, और अब हम विश्व कप में हैं। दूसरे हाफ में जर्मनी की गति थोड़ी धीमी हुई, लेकिन सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों रिडले बाकू और असान ओएद्राओगो ने एक-एक गोल दागकर स्कोर 6-0 कर दिया। 19 वर्षीय ओएद्राओगो अपने डेब्यू मैच में जर्मनी के लिए गोल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। जर्मनी ने विश्व कप के लिए 21वीं बार क्वालिफाई किया है, जो ब्राज़ील (23) के बाद दूसरा सर्वाधिक है। टीम ने साफ कर दिया है कि उसका लक्ष्य फीफा विश्व कप 2026 जीतकर 2018 और 2022 की निराशाजनक प्रदर्शन की भरपाई करते हुए अपनी खोई प्रतिष्ठा वापस पाना है। टीम 2014 में खिताब जीतने के बाद से किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के फाइनल में नहीं पहुंची है।

### नाओमी ओसाका ने ऑकलैंड डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट से नाम वापस लिया, अब यूनाइटेड कप में जापान के लिए खेलेंगी

वेलिंगटन। चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका ने जनवरी में होने वाले ऑकलैंड के एएसबी क्लासिक डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। ओसाका अब न्यूज़ीलैंड के बजाय ऑस्ट्रेलिया में होने वाले यूनाइटेड कप 2026 में जापान का प्रतिनिधित्व करेंगी। ओसाका ने सितंबर में घोषणा की थी कि वह अपनी 2026 सीज़न की शुरुआत ऑकलैंड से करेंगी, जहाँ उन्होंने इस साल की शुरुआत में फाइनल तक पहुंचकर शानदार प्रदर्शन किया था। लेकिन अब उन्होंने टूर्नामेंट निदेशक निकोलस लैम्पेरिन को सूचित किया कि वह अपना प्री-ऑस्ट्रेलियन ओपन तैयारी चरण ऑस्ट्रेलिया में ही शुरू करना चाहती हैं। यूनाइटेड कप में ओसाका जापान की टीम में शिंटारो मोचिज़ुकी के साथ खेलेंगी।

# ढाका हवाई अड्डे पर 10 घंटे तक फंसे रहे भारतीय तीरंदाज

एजेंसी

कोलकाता। भारतीय तीरंदाजों को उस समय बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा जब वे एशियाई चैंपियनशिप के बाद ढाका से देश लौटने के दौरान उड़ान रद्द होने के कारण लगभग 10 घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। यही नहीं उन्हें हिंसा प्रभावित बांग्लादेश की राजधानी में बिना सुरक्षा के एक स्थानीय बस में बिठा दिया गया और बाद में उन्हें एक घटिया आश्रय स्थल में रुकना पड़ा। भारत के 23 सदस्यीय दल के 11 सदस्य उड़ान में बार-बार हो रही देरी के कारण काफी परेशान रहे। इनमें दो नाबालिग सदस्य भी शामिल थे। इस बीच उन्होंने जिस एयरलाइंस से टिकट बुक किया था उसका भी उन्हें कोई खास सहयोग नहीं मिला। इस दल में सीनियर खिलाड़ी अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा और ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा भी शामिल थे। वे शनिवार को दिल्ली के लिए रात 9.30 बजे की उड़ान के लिए ढाका हवाई अड्डे पर पहुंचे थे, लेकिन विमान में सवार होने के बाद उन्हें बताया गया कि विमान में तकनीकी खराबी आ गई है और वह उड़ान नहीं भर पाएगा। यह वह समय था जब ढाका में सड़कों पर हिंसा देखी गई थी, क्योंकि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ विशेष न्यायाधिकरण के फैसले का इंतजार हो रहा था। भारत के इस दल में सात महिलाएं भी शामिल थी। उड़ान को लेकर कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिलने के कारण वे रात दो बजे तक टर्मिनल के अंदर ही रहे। इसके बाद उड़ान रद्द होने की घोषणा की गई और बताया गया कि उस रात कोई वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था नहीं की जाएगी। जैसे ही टीम हवाई अड्डे से बाहर निकली, उनकी परेशानी बढ़ गई। देश के सबसे प्रतिष्ठित कम्पाउंड पुरुष तीरंदाज वर्मा ने आरोप लगाया कि उन्हें एक ''बिना खिड़की वाली स्थानीय बस'' में भर दिया गया और लगभग आधे घंटे की दूरी पर एक अस्थायी लॉज में ले जाया गया, जो एक ''धर्मशाला'' जैसा था। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि जिस स्थान पर टीम को ले जाया गया था, वह ''एक उचित होटल भी नहीं था'', जिसमे महिलाओं के लिए एक कमरे में छह बिस्तरों वाला एक कमरा था और उसमें केवल एक शौचालय था जो बहुत गंदा था। उन्होंने बताया, ''गेस्ट हाउस के नाम पर हमें जिस धर्मशाला में ठहराया गया उसकी स्थिति बेहद खराब थी। एक कमरे में छह बिस्तर लगाए गए थे और जो शौचालय था उसकी हालत बहुत खराब थी। मुझे नहीं लगता कि उसमें कोई स्नान कर सकता था। अंतरराष्ट्रीय लेनदेन की सुविधा नहीं होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था करने के उनके प्रयास भी सफल नहीं हो सके। वर्मा ने कहा, ''अगर हमें पता भी होता कि हमें सुबह 11 बजे तक टिकट मिल जाएगा, तो भी हम हवाई अड्डे पर ही रुक जाते।

# एशेज: क्रिकेट की सबसे पुरानी और चर्चित प्रतिद्वंद्विता

एजेंसी

मेलबर्न। बहुत कम खेल प्रतियोगिताएं एशेज जैसा इतिहास, नाटकीयता और आभा लिए होती हैं जिसकी शुरुआत 1882 में एक समाचार पत्र में प्रकाशित शोक संदेश से हुई थी जो बाद में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता का प्रतीक बन गई। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज को लेकर चली आ रही यह प्रतिद्वंद्विता 100 साल से भी पुरानी है जिसका नया अध्याय 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला से लिखा जाएगा। एशेज श्रृंखला अंतरराष्ट्रीय खेलों की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्विताओं में से एक है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट क्रिकेट प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत 1877 में हुई थी। खेल के नियमों के संरक्षक मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अनुसार, 'एशेज' शब्द का पहली बार इस्तेमाल अगस्त 1882 में द स्पोर्टिंग टाइम्स में छपे एक व्यंग्यात्मक श्रद्धांजलि लेख में हुआ था, जब इंग्लैंड की टीम पहली बार घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी। इस शोक संदेश में कहा गया था कि इंग्लिश क्रिकेट का अंतिम संस्कार किया जाएगा और एशेज यानी राख को ऑस्ट्रेलिया ले जाया जाएगा। इंग्लैंड के कप्तान इवो ब्लाई ने उसी साल बाद में एशेज वापस लाने की शपथ लेकर अपनी टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया। इंग्लैंड की जीत के बाद एक प्रशंसक ने ब्लाई को एशेज के प्रतीक के रूप में एक छोटा सा टेराकोटा कलश भेंट किया। और इस तरह एशेज और कलश का अटूट संबंध हो गया। उसी दिन ब्लाई की मुलाक़ात अपनी भावी पत्नी से हुई। यह दंपत्ति इस कलश को अपने साथ इंग्लैंड ले गया तथा ब्लाई के निधन तक यह उनके परिवार के पास ही रहा और बाद में इसे एमसीसी को सौंप दिया गया।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने 'बेंगलुरु प्रौद्योगिकी सम्मेलन' 2025 का किया उद्घाटन

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने तीन प्रमुख नीतियां सूचना प्रौद्योगिकी नीति, स्पेसटेक नीति और स्टार्टअप नीति मंगलवार को पेश की। इसका मकसद राज्य को नवाचार और गहन प्रौद्योगिकी समाधान के लिए एक वैश्विक गंतव्य में बदलना है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि इससे भारत के अग्रणी प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में राज्य की स्थिति मजबूत होगी। कर्नाटक ''न केवल वैश्विक प्रौद्योगिकी क्रांति का हिस्सा बन रहा है, बल्कि इसका नेतृत्व भी कर रहा है। मुख्यमंत्री ने यह बात यहां कर्नाटक इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी एवं बीटी विभाग और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) द्वारा आयोजित 'बेंगलुरु प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन' के 28वें संस्करण के उद्घाटन के दौरान कही। कर्नाटक के हमेशा नीतिगत नवाचार में भारत का नेतृत्व करने की बात का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, '' हमने 1997 में भारत की पहली आईटी नीति शुरू की और नई नीतियों के साथ इस नेतृत्व को जारी रखा है। उन्होंने कहा, '' इस शिखर सम्मेलन में, हम तीन परिवर्तनकारी नीतियां कर्नाटक सूचना प्रौद्योगिकी नीति 2025-2030, स्पेसटेक नीति 2025-2030 और स्टार्टअप नीति 2025-2030 पेश करने के साथ एक ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं। इस डेटा-संचालित, उभरती हुई प्रौद्योगिकी-तैयार कर्नाटक सूचना प्रौद्योगिकी नीति के साथ हमारा लक्ष्य राज्य को नवोन्मेषण एवं गहन प्रौद्योगिकी के लिए एक वैश्विक गंतव्य में तब्दील करना है। 'फ्यूचराइज' (भविष्य-उन्मुख) विषय पर आधारित तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेता, नीति-निर्माता, निवेशक, स्टार्टअप और नवप्रवर्तक३डीपटेक, बायोटेक और हेल्थटेक, सेमीकंडक्टर और स्टार्टअप इनोवेशन के क्षेत्र में उभरती संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक साथ आएंगे।

# सर्राफा बाजार में सोना हुआ महंगा, चांदी की घटी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। सोने के भाव आज 320 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 810 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। दूसरी ओर, चांदी आज 2,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है। सोने की कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,25,410 रुपये से लेकर 1,25,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,14,960 रुपये से लेकर 1,15,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,25,560 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,15,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,25,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,15,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,25,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,15,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं, कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,25,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,15,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,25,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,15,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,15,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,25,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,15,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सबकी भागीदारी से ही प्रभावी जल प्रबंधन संभव : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जल संचयन के बेहतर प्रबंधन पर बल देते हुए कहा है कि जलवायु परिवर्तन से जल चक्र प्रभावित हो रहा है जो पूरी मानवजाति के लिए घातक है इसलिए सभी को मिलकर इसमें सुधार के लिए अपना योगदान देना होगा।

श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां विज्ञानभवन में आयोजित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार -2024 के वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे यहां जल का 80 फीसदी इस्तेमाल कृषि क्षेत्र के लिए होता है इसलिए जल के सक्षम उपयोग पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए भूजल की भूमिका महत्वपूर्ण है लेकिन उससे ज्यादा भूजल संचयन के लिए सबकी भागीदारी और इस दिशा में नये कदम उठाने की जरूरत है।

उन्होंने जल संरक्षण को जरूरी बताया और कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के साथ ही जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत तथा नगर निकाय के स्तर पर इस दिशा में



प्राथमिकता के साथ काम करने की आवश्यकता है। उनका कहना था कि अनेक शिक्षण संस्थान, लोगों ने मिलकर और तथा गैर सरकारी संस्थानों ने इस दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। किसानों को जल संचयन और इसके संरक्षण के लिए कम से कम पानी का उपयोग कर अधिक से अधिक उत्पादन के नये नये तरीके अपनाने होंगे। उनका कहना था कि जल संरक्षण में व्यक्ति, परिवार, समाज तथा सरकार सबको मिलकर अपनी भागीदारी निभानी और सक्षम जल प्रबंधन को संभव बनाना है।

राष्ट्रपति ने कहा , '' जल का कुशल उपयोग एक वैश्विक अनिवार्यता है। हमारे देश के लिए जल का कुशल उपयोग और भी अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि जनसंख्या की तुलना में हमारे जल संसाधन सीमित हैं। प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है।'' उन्होंने रेखांकित किया कि जलवायु परिवर्तन जल चक्र को प्रभावित कर रहा है और ऐसे में सरकार और जनता को मिलकर पानी की उपलब्धता और जल सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि चक्रीय जल अर्थव्यवस्था प्रणालियों को अपनाकर सभी उद्योग और अन्य हितधारक जल संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर सकते हैं। उनका कहना था कि जल उपचार और पुनर्चक्रण के साथ-साथ, कई औद्योगिक इकाइयों ने शून्य द्रव निर्वहन का लक्ष्य हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि मिलकर के सभी के ऐसे प्रयास जल प्रबंधन एवं संरक्षण के लिए उपयोगी हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि पानी का उपयोग करते समय सभी को यह याद रखना चाहिए कि हम बहुत मूल्यवान संपत्ति का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि आदिवासी समुदाय पानी सहित सभी प्राकृतिक संसाधनों का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने जोर दिया कि जल संसाधनों का सबसे कुशल उपयोग हमारे सभी नागरिकों की जीवनशैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। सभी को व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से जल संरक्षण के प्रति निरन्तर सजग रहने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश की जन चेतना में जल जागरूकता फैलाना महत्वपूर्ण है। उनका कहना था कि जनशक्ति से ही जल का संचयन एवं संरक्षण किया जा सकता है।

## पाकिस्तान, बंगलादेश, यूएई, चीन से डॉक्टरी पढ़कर आये छात्र जांच एजेंसियों के संदेह के घेरे में

एजेंसी

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली में कार विस्फोट मामले के बाद केंद्रीय जाँच एजेंसियाँ ऐसे डॉक्टरों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही हैं जिन्होंने पाकिस्तान, बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात और चीन से अपनी डिग्री हासिल की है।

इन एजेंसियों में केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई), दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) शामिल हैं। ये एजेंसियाँ इन चार देशों के संस्थानों से पढ़कर भारत आये डॉक्टरों से पूछताछ करके यह पता लगाने की योजना बना रही हैं कि क्या उन्हें कथित ''डॉक्टर टेरर मॉड्यूल'' के बारे में कोई जानकारी थी या वे इसके सदस्यों के संपर्क में थे। एजेंसियों ने ऐसे सभी संस्थानों, नर्सिंग होम और अस्पतालों को अपने पेरोल पर कार्यरत डॉक्टरों, खासकर उन डॉक्टरों का ब्यौरा मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है जिनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि इन चार देशों की है।

एजेंसियों की ओर से अस्पताल अधिकारियों को भेजे गये पत्र में कहा गया है, ''कृपया 10.11.2025 को लाल किले के समीप हुए कार विस्फोट के बाद की स्थिति को देखते हुए अपने अस्पताल में कार्यरत उन डॉक्टरों का विवरण प्रदान करें जिन्होंने पाकिस्तान,बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात और चीन से डिग्री प्राप्त की है। कृपया इसे अत्यंत आवश्यक समझें। कुछ अस्पतालों ने सीबीआई और अन्य एजेंसियों को दिल्ली मेडिकल काउंसिल (डीएमसी) से यह डेटा एकत्र करने की सलाह दी है जो इस तरह के रिकॉर्ड रखने वाली आधिकारिक सरकारी संस्था है। जांच से जुड़े एक सूत्र ने कहा, ''एजेंसियाँ इन चार देशों से डिग्री प्राप्त करने वाले सभी डॉक्टरों से पूछताछ करेंगी। उनके आपराधिक रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन की गहन जाँच की जायेगी। अब तक दिल्ली कार विस्फोट मामले में एनआईए ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी डॉ. उमर नबी के सहयोगी आमिर राशिद अली को सबसे पहले 16 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। कश्मीर निवासी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश को 17 नवंबर को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया था।

# सरदार 150 एकता मार्च एकजुट राष्ट्र की धड़कन है: डॉ. मनसुख मांडविया

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, माई भारत के माध्यम से, राष्ट्रीय स्तर पर सरदार 150 एकता मार्च पदयात्रा का आयोजन कर रहा है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। देश भर में गौरव, नागरिक जुड़ाव और युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना। सरदार पटेल के विचारों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा व्यक्त विकसित भारत के दृष्टिकोण से प्रेरित, इस अभियान में एक भारत, आत्मनिर्भर भारत के व्यापक विषय द्वारा निर्देशित कई गतिविधियां शामिल हैं।

इस पहल का शुभारंभ 6 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय युवा मामले एवं खेल और श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे ने भारत सरकार के द्विवार्षिक समारोह (2024-2026) के एक भाग के रूप में किया था, जिसमें भारत के लौह पुरुष के महान योगदान और स्थायी विरासत का सम्मान किया गया था।

इस अभियान की शुरुआत डिजिटल गतिविधियों से हुई, जिसमें एक रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन और सरदार 150 युवा नेता प्रश्नोत्तरी शामिल थी। जमीनी स्तर पर की जा रही पहल के एक भाग के रूप में, देश भर में जिला स्तर पर और कुछ राज्यों में विधानसभा क्षेत्र स्तर पर पदयात्राएँ आयोजित की जा रही हैं। राष्ट्रीय पदयात्रा की तैयारी के लिए सभी जिलों से जिला प्रतिनिधियों की गुजरात यात्रा भी चल रही है। दो महीने चलने वाला यह अभियान 6 दिसंबर 2025 को समाप्त होगा।

आज नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में चल रही जिला स्तरीय पदयात्राओं की प्रगति और राष्ट्रीय पदयात्रा की मुख्य विशेषताओं पर मीडिया को जानकारी देते हुए, डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा, ''कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से कोहिमा तक, लाखों लोग राष्ट्रीय एकता के लिए एक साथ चले हैं। यह सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत का उत्सव है, साथ ही यह युवा ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में, विकसित भारत के लक्ष्य की ओर ले जाने वाला एक राष्ट्रीय आंदोलन भी है।''

उन्होंने आगे कहा, ''पिछले कुछ महीनों में, पूरा देश एक भावना से आगे बढ़ रहा है। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक, कुल 842 पदयात्राएँ आयोजित की गई हैं। यह संख्या केवल एक आंकड़ा नहीं है; यह एक अखंड राष्ट्र की धड़कन है। स्वच्छता, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का संदेश इस पदयात्रा के मूल में है।

## भारत और रूस ने समुद्री सहयोग पर मजबूत साझेदारी का संकल्प लिया

नई दिल्ली। भारत और रूस ने दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास, सम्मान और दीर्घकालिक आर्थिक एवं रणनीतिक सहयोग के साझा दृष्टिकोण पर आधारित गहन, स्थायी और विशेष रणनीतिक साझेदारी की पुष्टि करते हुए समुद्री क्षेत्र में सहयोग का संकल्प लिया है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि सोमवार देर रात संपन्न हुई उच्च स्तरीय अंतर-एजेंसी बैठक में दोनों देशों ने अधिक लचीली, कुशल और टिकाऊ समुद्री साझेदारी का संकल्प लिया जो उनकी दीर्घकालिक समृद्धि में योगदान देगी और क्षेत्रीय एवं वैश्विक संपर्क को मजबूत करेगी। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने किया जबकि रूसी पक्ष का नेतृत्व रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी और रूस के समुद्री बोर्ड के अध्यक्ष निकोलाई पात्रुशेव ने किया। दोनों पक्षों ने उनके बीच समुद्री सहयोग के संपूर्ण परिदृश्य की समीक्षा की।

# रैली में चुनाव आयोग के राजनीतिकरण का करेंगे पर्दाफाश : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनाव आयोग की बदनियत करार देते हुए कहा है कि उसकी इस प्रक्रिया को लेकर पूरे देश में रोष है और पार्टी इसके विरोध में दिसम्बर के पहले सप्ताह में यहां विशाल रैली करेगी जिसमें चुनाव आयोग के राजनीतिकरण करने का पर्दाफाश किया जाएगा।

कांग्रेस आलाकमान के साथ एसआईआर प्रक्रिया से गुजर रहे 12 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश के नेताओं की मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में बैठक हुयी जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल सहित पार्टी के कई बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया। इसी बैठक में दिसम्बर के पहले सप्ताह में यहां रामलीला मैदान में विशाल रैली आयोजित करने का निर्णय लिया है जिसमें देशभर से कांग्रेस नेता शामिल होंगे। उनका कहना था कि रैली की तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा। बैठक के बाद पार्टी के संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पत्रकारों से कहा कि सभी 12 राज्यों के नेताओं ने बैठक में एसआईआर का कड़ा विरोध करते हुए आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने भाजपा के इशारे पर यह प्रक्रिया चिन्हित वोटरों के नाम हटाने के लिए शुरु की है। उनका कहना था कि बैठक में देश के उन 12 राज्यों के पार्टी प्रभारियों, प्रदेश अध्यक्षों, प्रदेश महासचिवों तथा अन्य प्रमुख नेताओं को बुलाया गया जिनमें एसआईआर प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा ''इस बैठक में कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि दिसंबर के पहले सप्ताह में दिल्ली के रामलीला मैदान में एसआईआर के खिलाफ विशाल रैली आयोजित होगी। इस रैली में हम चुनाव आयोग के राजनीतिकरण का पर्दाफाश करेंगे। सभी का अनुभव यही है कि एसआईआर में टारगेट कर लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने जैसा बिहार में किया, वही नीति बाकी राज्यों में अपनाई जाएगी।'' कांग्रेस प्रवक्ता ने यह भी कहा ''एसआईआर को लेकर हम बिहार चुनाव के पहले से सवाल उठा रहे हैं। हमने बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' भी निकाली थी और देश को बताया था कि एसआईआर में बहुत सारी गड़बड़ियां हैं। इसके बारे में सुप्रीम कोर्ट के पांच आदेश आये जो चुनाव आयोग की बदनीयत को दिखाते थे और उसे उच्चतम न्यायालय ने भी देखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरु से एसआईआर का विरोध कर रही है।

## विकसित देश जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता दिखायें: यादव

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने विकसित देशों से जलवायु परिवर्तन के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करने का आग्रह किया है। श्री यादव ने ब्राजील के बेलेम में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में विकसित देशों से जलवायु परिवर्तन के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, '' विकसित देशों को वर्तमान लक्ष्य तिथियों से कहीं पहले नेट-ज़ीरो तक पहुंचना चाहिए और अरबों नहीं, बल्कि खरबों में अतिरिक्त और रियायती जलवायु वित्त प्रदान करना चाहिए। यहां जारी सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री ने किफायती, सुलभ जलवायु प्रौद्योगिकी की आवश्यकता पर ज़ोर दिया और कहा कि जलवायु प्रौद्योगिकी को प्रतिबंधात्मक बौद्धिक संपदा बाधाओं से मुक्त होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सफलतापूर्वक यह सिद्ध कर दिया है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 से भारत के कार्बन उत्सर्जन में 36 प्रतिशत से अधिक की कमी आयी है और गैर-जीवाश्म स्रोतों का योगदान अब हमारी कुल विद्युत स्थापित क्षमता (वर्तमान में लगभग 256 गीगावाट) के आधे से अधिक है, जिसे हमने वर्ष 2030 के लक्ष्य से पांच वर्ष पहले ही प्राप्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि भारत 2035 तक अपनी संशोधित राष्ट्रीय विकास लक्ष्य (एनडीसी) की घोषणा करेगा और पहली द्विवार्षिक पारदर्शिता रिपोर्ट प्रकाशित करेगा। श्री यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन जैसी पहलों में भारत का वैश्विक नेतृत्व परिलक्षित होता है।

# पेज एक का शेष

### गृहमंत्री के...

राजक्का पर पचास लाख रुपये का इनाम था। राजक्का वर्ष 2010 में सुकमा में 25 सीआरपीएफ जवान के बलिदान होने वाली मुठभेड़ में भी शामिल थी। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के पुरवती गांव में जन्मे माडवी हिडमा बस्तर क्षेत्र में कम उम्र में ही माओवादी केंद्रीय समिति के सदस्य बन गया था। उसे गुरिल्ला हमलों के रणनीतिकार के रूप में जाना जाता था। वह पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी के कमांडर और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का सदस्य भी रहा है। हिडमा 26 हमलों के मामले में मुख्य आरोपित था। आरोप है कि हिडमा ने सुरक्षा बलों पर हुए कई हमलों का नेतृत्व किया था। वह हिंदी, गोंडी, तेलुगु, कोया और बंगाली भाषाओं में पारंगत था। हिडमा के नेतृत्व में हुए नक्सली हमलों ने सुरक्षाबलों के मनोबल पर गहरा असर डाला और सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती पेश की। ये नक्सली हमले इस प्रकार से हैं...

ताडमेटला नक्सली हमला (6 अप्रैल 2010): सुकमा जिले के ताड़मेटला में यह हमला तब हुआ जब सुरक्षाबलों की एक बड़ी टुकड़ी ताडमेटला जंगल में गश्त कर रही थी। नक्सलियों की ओर से घात लगाकर किए गए इस हमले में सीआरपीएफ के 76 जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। यह नक्सली हमलों के इतिहास में सबसे घातक हमलों में से एक माना जाता है। हिडमा पर इस हमले की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का आरोप था।

करीब एक हजार नक्सलियों ने सीआरपीएफ जवानों को घेर लिया था। पांच अप्रैल को चिंतलनार सीआरपीएफ कैंप से करीब 150 जवान सर्चिंग के लिए जंगल गये हुए थे। जवान कई किलोमीटर पैदल चलने के बाद जब वापस लौट रहे थे तभी छह अप्रैल की सुबह छह बजे नक्सलियों और जवानों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। नक्सलियों ने ताड़मेटला और चिंतलनार के बीच सड़क पर लैंडमाइन बीछा रखा था और बीच में पड़ने वाली छोटी पुलिया को भी बम से उड़ा दिया था। शुरुआत में जवानों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया और आठ बड़े नक्सलियों को मार गिराया था। लेकिन पास की पहाड़ी से शुरू हुई गोलीबारी में जवान बुरी तरह फंस गए। इसमें 76 जवान शहादत को प्राप्त हुए। वहीं कई जवान घायल हुए थे।

झीरम घाटी नक्सली हमला (साल 2013): इस हमले में कई बड़े कांग्रेसी नेताओं सहित 31 लोग दिवंगत हो गये थे। इस हमले का मास्टर माइंड हिड़मा ही था। इस बड़े नरसंहार में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, उनके पुत्र, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल और बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा, उदय मूदलियार , योगेंद्र शर्मा समेत कई अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सहित 31 लोग दिवंगत हुए थे। दरभा घाटी के पास यह हमला एक राजनीतिक काफिले पर किया गया था और इसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था।

सुकमा नक्सली हमला (साल 2017): सुकमा जिले में हुए इस हमले में सीआरपीएफ के 25 जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। यह हमला भी एक घात लगाकर किया गया था, जिसमें नक्सलियों ने बारूदी सुरंग (आईईडी) का इस्तेमाल किया था। इस घटना ने सुरक्षाबलों की तैयारी और रणनीति पर सवाल खड़े किये थे।

सुकमा नक्सली हमला (वर्ष 2021): अप्रैल 2021 में सुकमा जिले के जगरगुंडा इलाके में हुई इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के 22 वीरगति को प्राप्त हुए थे। यह पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षाबलों के लिए सबसे बड़ा नुकसान था। नक्सलियों ने बारूदी सुरंगों और हथियारों का इस्तेमाल कर सुरक्षाबलों को भारी नुकसान पहुंचाया था। इस हमले के पीछे भी हिडमा गिरोह का हाथ होने की आशंका जताई गई थी।

### फसल बीमा...

पारदर्शी और अधिक व्यावहारिक हैं, जिनसे दावे समय से और तकनीक-आधारित तरीके से तय हो सकेंगे। इन प्रावधानों से ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, उत्तराखंड तथा पूर्वोत्तर के किसानों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। इन राज्यों में जंगली जानवरों के फसल को नुकसान पहुंचाना एक प्रमुख समस्या है। इसके अलावा धान जलभराव कवरेज से ओडिशा, असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तराखंड के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ होगा। मंत्रालय ने कहा है कि इन दोनों जोखिमों को शामिल किए जाने से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और अधिक समावेशी, उत्तरदायी और किसान हितैषी बन सकेगी।

### सीआईसी चयन...

उसे चुनौती दे सकते हैं। लेकिन इस चरण पर खुलासा करने के प्रतिकूल परिणाम हो सकते है। न्यायालय ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के सचिव को रिक्तियों को भरने में लगातार हो रही देरी के लिए तलब करने से भी इनकार कर दिया, जबकि पहले उसकी तरफ से आश्वासन दिया गया था कि भर्ती प्रक्रिया अप्रैल 2025 तक पूरी कर ली जाएगी। पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज को निर्देश दिया कि वे न्यायालय की चिंताओं से डीओपीटी को अवगत कराएँ और उपयुक्त निर्देशों के साथ वापस आएँ। न्यायालय ने कहा, ''हमें इस बात पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है कि सक्षम प्राधिकारी रिक्तियों को भरने के लिए आवश्यक पहल करेगा। पीठ को अवगत कराया गया कि केंद्र के पहले के आश्वासनों के बावजूद केंद्रीय सूचना आयोग केवल दो सूचना आयुक्तों के साथ काम कर रहा है जिससे मुख्य सूचना आयुक्त का पद खाली है। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि आयोग के समक्ष 26,800 से अधिक अपीलें और शिकायतें लंबित हैं। न्यायालय को यह भी अवगत कराया गया कि कई राज्य सूचना आयोग या तो निष्क्रिय हैं या भारी कमी के साथ काम कर रहे हैं। झारखंड और हिमाचल प्रदेश में आयोग लंबे समय से रिक्तियों के कारण निष्क्रिय हैं जबकि तमिलनाडु में एक पद राज्यपाल के अनुमोदन के लिए लंबित है। दूसरी ओर राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक ने अधिकांश रिक्तियों को भर दिया है और लगभग पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। तमिलनाडु की स्थिति को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने निर्देश दिया कि रिक्तियों को भरने के लिए जल्द से जल्द आवश्यक अनुमोदन प्रदान किया जाए और राज्य को लंबित मामलों को हल करने के लिए आयुक्तों की स्वीकृत संख्या बढ़ाने पर विचार करने को कहा। पीठ ने मध्य प्रदेश में सात रिक्त पदों को देखते हुये मुख्य सचिव को नियुक्ति प्रक्रिया तुरंत शुरू करने और अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया। इसके साथ ही चेतावनी दी कि यदि कोई प्रगति नहीं होती है तो अधिकारी को उपस्थित रहने की आवश्यकता हो सकती है। छत्तीसगढ़ के मामले में राज्य ने 11 नवंबर को भर्ती प्रक्रिया पर उच्च न्यायालय द्वारा लगायी गयी रोक हटने के बाद आगे बढ़ने के लिए छह सप्ताह का समय माँगा। याचिकाओं में तर्क दिया गया है कि रिक्तियों को भरने में विफलता और नियुक्ति प्रक्रिया में निरंतर अस्पष्टता सूचना के अधिकार अधिनियम को कमजोर करती है, जिससे अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत सूचना के संवैधानिक अधिकार को कमजोर किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि केंद्र और कई राज्य कार्यशील और प्रभावी सूचना आयोगों को सुनिश्चित करने के लिए गंभीर नहीं हैं और ''जब तक यह न्यायालय सख्ती नहीं करता, तब तक कुछ नहीं होने वाला है। न्यायालय ने मामले की सुनवाई स्थगित करते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल को निर्देश दिया कि वे मामले को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से पहले, रिक्तियों को भरने की समय-सीमा और उठाये गये कदमों के बारे में केंद्र से निर्देश लेकर वापस आएँ।

### सोनभद्र खनन...

टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर बताया की अब वहाँ किसी के भी दबे होने की कोई आशंका नहीं है। एनडीआरएफ की टीम ने पूरे मलबे को दो बार पूरी तरह से हटा कर देख लिया है। अब वहाँ किसी के नहीं होने की संभावना के कारण राहत बचाव कार्य बंद किया जा रहा है।

### अल-फलाह विवि...

रही है। हम वित्त और प्रशासन की देखरेख करने वाले प्रमुख अधिकारियों की जांच कर रहे हैं। जांचकर्ताओं ने संस्थान के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से मान्यता प्राप्त होने के दावों में पहली नजर में विसंगतियां पायी हैं। इन पहलुओं की अब संबंधित नियामक प्राधिकरणों से पुष्टि की जा रही है। पुलिस प्राथमिकी के आधार पर शुरू हुई ईडी की जांच अब आतंकवाद से जुड़ी जांच से बढ़कर एक जटिल वित्तीय धोखाधड़ी और धनशोधन के मामले में बदल गई है, जिससे संस्थान के वित्तीय अपराधों और विस्फोट के आरोपियों की गतिविधियों के बीच गहरी सांठगांठ का संकेत मिलता है।

### आतंकवाद को लेकर...

अभिव्यक्तियों के प्रति शून्य सहिष्णुता प्रदर्शित करे। इसमें कोई औचित्य नहीं हो सकता, कोई अनदेखी नहीं हो सकती, और कोई लीपापोती नहीं हो सकती। जैसा कि भारत ने सिद्ध किया है, हमें आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है और हम इसका प्रयोग करेंगे।'' डा. जयशंकर ने एससीओ की कार्यप्रणाली में सुधार की वकालत करते हुए कहा कि संगठन निरंतर विकसित हो रहा है और भारत इसके सुधार-उन्मुख एजेंडे का पुरज़ोर समर्थन करता है। उन्होंने कहा,'' हम सभी मानते हैं कि एससीओ को समकालीन परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाना होगा। यह नई सोच और नए सहयोगों में परिलक्षित होना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि भारत संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियों से निपटने वाले केंद्रों का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा ,'' जैसे-जैसे संगठन अधिक विविध होता जा रहा है, एससीओ को और अधिक लचीला और अनुकूलनशील होना होगा। इस उद्देश्य से, अंग्रेजी को एससीओ की आधिकारिक भाषा बनाने के लंबे समय से विलंबित निर्णय को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।'' उन्होंने कहा कि भारत की पहल पर स्टार्टअप और नवाचार पर एससीओ विशेष कार्य समूह और एससीओ स्टार्ट-अप फोरम अच्छे उदाहरण हैं। इनका उद्देश्य नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है, विशेष रूप से युवा पीढ़ी को लक्षित करना। विदेश मंत्री ने मौजूदा वैश्विक आर्थिक स्थिति को अनिश्चित और अस्थिर बताते हुए कहा कि मांग-पक्ष की जटिलताओं के कारण आपूर्ति-पक्ष के जोखिम और बढ़ गए हैं। इसे देखते हुए जोखिम कम करने और विविधीकरण की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने कहा, '' यह सबसे अच्छा तभी होगा जब हममें से अधिक से अधिक लोग यथासंभव व्यापक आर्थिक संबंध स्थापित करें। इसके लिए यह आवश्यक है कि यह प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायसंगत हो। आप में से कई लोगों के साथ मुक्त व्यापार व्यवस्थाएं स्थापित करने के भारत के प्रयास प्रासंगिक हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत ने एससीओ सदस्यों के साथ दीर्घकालिक ऐतिहासिक संबंधों के मद्देनजर तियानजिन एससीओ शिखर सम्मेलन में एक एससीओ सभ्यता संवाद मंच शुरू करने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा , '' सभ्य राष्ट्र के रूप में भारत का दृढ़ विश्वास है कि लोगों के बीच आदान-प्रदान किसी भी वास्तविक संबंध का मूल है। हमारे बुद्धिजीवियों, कलाकारों, खिलाड़ियों और सांस्कृतिक हस्तियों के बीच बेहतर संपर्क को सुगम बनाने से एससीओ में गहरी समझ का मार्ग प्रशस्त होगा।'' विदेश मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, महामारियों और संघर्षों के दौर में मानवीय सहयोग महत्वपूर्ण है और भारत इस दिशा में कदम उठा रहा है। अंत में उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि एससीओ को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल होना चाहिए, एक विस्तृत एजेंडा विकसित करना चाहिए और अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करना चाहिए। भारत इन उद्देश्यों को हासिल करने में सकारात्मक और पूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

### अब प्रदेश को अपराध...

पुलिस ट्रेनिंग की क्षमता दस गुने से अधिक बढ़ चुकी है। अभी जितनी भर्ती हुई, सबको ट्रेनिंग राज्य के ही सेंटर्स से मिल रही है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कमिश्नरेट सिस्टम की मांग 50 साल पुरानी थी। 2020 में उनकी सरकार ने इसे पूरा किया। प्रदेश के सात जिलों में कमिश्नरेट सिस्टम लागू हो चुका है। उन्होंने कहा इसके साथ ही सरकार ने 17 नगर निगम और नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा को सेफ सिटी बनाने का कार्य किया है। 13 लाख से अधिक सीसी कैमरे लगाकर महानगरों को सुरक्षित किया गया है। सीसी कैमरों की उपयोगिता समझाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निगरानी प्रणाली से घटना के कुछ ही घंटे में अपराधी शिकंजे में होगा। वह लंगड़ाते दिखेगा। सबको सुरक्षा और सबको सम्मान के भाव से काम करने वाले आज के यूपी में अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने पीएसी की बटालियन को समाप्त करने की कोशिश की। उनकी सरकार ने इसे बचाया है। इसके साथ ही एसएसएफ, एसडीआरएफ के साथ पीएसी की तीन महिला बटालियन स्थापित की। इसमें गोरखपुर में पीएसी की महिला बटालियन वीरांगना झलकारी बाई, लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी और बदायूं में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के नाम पर स्थापित हो रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने पांच जिलों बलरामपुर, जालौन, मिर्ज़ापुर, शामली और बिजनौर में नई पीएसी बटालियन बनाने का भी कार्य किया। दस जिलों में अत्याधुनिक पुलिस लाइन बनाने के लिए धनराशि दी। उच्चीकृत आरएफएसएल के लोकार्पण समारोह को सांसद रविकिशन ने भी संबोधित किया। स्वागत संबोधन में एडीजी तकनीकी सेवाएं नवीन अरोड़ा ने पुलिस महकमे में तकनीकी उन्नयन का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए मुख्यमंत्री को पुलिसिंग में नवोन्मेष का मार्गदर्शक बताया। आभार ज्ञापन डीआईजी तकनीकी सेवाएं आनंद कुलकर्णी ने किया। इस अवसर पर विधायक फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ला, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता सहित प्रशासन एवं पुलिस के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।

# डॉ. डी.एन. मिश्रा को मिला 'बेहतर शिक्षाविद' अवार्ड

**■ कानूनी शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान का मिला सम्मान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नवादा। नवादा जिले के लिए गर्व का विषय है कि वारसलीगंज थाना क्षेत्र के कोचगाव ग्राम निवासी तथा नवादा विधि महाविद्याल के प्राचार्य एवं मगध विश्वविद्यालय विधि विभाग के डीन डॉ डी.एन. मिश्रा को झारखंड सरकार की ओर से 'बेहतर शिक्षाविद' अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि रांची में आयोजित एक भव्य समारोह में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री चंद्र किशोर सिंह ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। नवादा के शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विधि छात्र-छात्राओं ने डॉ. मिश्रा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल की, बल्कि पिछड़े क्षेत्रों के युवाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुरस्कार मिलने की खबर से नवादा जिले में खुशी की लहर है और बुद्धिजीवी समाज ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। नवादा विधि महाविद्यालय ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सिविल कोर्ट के अधिवक्ता डॉ. साकेत बिहारी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि डॉ. मिश्रा ने कानूनी शिक्षा के स्तर को ऊँचाइयों तक पहुँचाने में अद्भुत योगदान दिया है। उन्होंने कहा– डॉ. डी.एन. मिश्रा ने अपने अथक परिश्रम और दूरदर्शी सोच के बल पर नवादा जैसे छोटे जिले में भी विधि महाविद्यालय की स्थापना और संचालन को सफल बनाया। आज यहां एल एल एम तक की शिक्षा उपलब्ध होना उनके प्रयासों का ही परिणाम है। वे निश्चित रूप से बधाई और सम्मान के पात्र हैं। वहीं, कॉलेज प्रबंधन से जुड़े संतोष कुमार ने बताया कि जल्द ही नवादा विधि महाविद्यालय परिवार की ओर से एक अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें डॉ. मिश्रा का औपचारिक स्वागत और सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रों और शिक्षकों के बीच डॉ. मिश्रा एक प्रेरणास्रोत के रूप में स्थापित हैं और उनकी उपलब्धि से कॉलेज के गौरव में और वृद्धि हुई है। डॉ. मिश्रा को सम्मान मिलने पर स्थानीय लोगों, सामाजिक संगठनों एवं पूर्व छात्रों ने भी खुशी व्यक्त की है। उनका कहना है कि ऐसे सम्मान से जिले की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और शिक्षा जगत में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नवादा के शिक्षाविदों ने आशा व्यक्त की है कि डॉ. मिश्रा आगे भी शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और युवा पीढ़ी को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने का कार्य जारी रखेंगे।

# भारत-पाक सीमा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से बीएसएफ ने पकड़ी ड्रोन, हेरोइन व गोला-बारूद की बड़ी खेप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने खुफिया सूचना पर आधारित कार्रवाइयों के दौरान ड्रोन, हेरोइन और गोला-बारूद की बड़ी खेप बरामद कर एक बार फिर तस्करी नेटवर्क पर सख्त प्रहार किया है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार अमृतसर, तरन तारन और फिरोजपुर सेक्टर में अलग-अलग स्थानों से तस्करी की कई कोशिशों को नाकाम किया गया। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार अमृतसर सेक्टर में तैनात जवानों ने निगरानी के दौरान डीजेआई मैविक 3 क्लासिक मॉडल का ड्रोन पकड़ा। प्राथमिक जांच में सामने आया कि ड्रोन का इस्तेमाल पाकिस्तान की ओर से प्रतिबंधित सामग्री भेजने के लिए किया जाता था। इसके बाद तरनतारन जिले में गश्ती कर रही टुकड़ी ने खेतों की ओर संदिग्ध हलचल दिखने पर इलाके को घेरा और तलाशी के दौरान 548 ग्राम हेरोइन बरामद की। वहीं, फिरोजपुर सेक्टर में बीएसएफ ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए बाड़ के पास से 5 पैकेटों में कुल 2.649 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पैकेटों पर अक्सर इस्तेमाल होने वाले पाकिस्तान आधारित ड्रग नेटवर्क के पहचान चिह्न पाए गए। इसी कड़ी में बीएसएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में मुक्तियावाला क्षेत्र के पास से 9एमएम के 50 राउंड कारतूस भी बरामद किए गए। यह आशंका जताई जा रही है कि यह कारतूस किसी तस्करी रूट के माध्यम से भारत के अंदर गैंगस्टरों या तस्करी गिरोहों तक पहुंचाए जाने थे। बीएसएफ ने बताया कि हाल के दिनों में सीमा पर ड्रोन गतिविधियों में वृद्धि हुई है लेकिन जवानों की सतर्कता और आधुनिक तकनीक के प्रयोग से इन प्रयासों को लगातार नाकाम किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### चंडीगढ़ में कूड़ा फेंकने वालों पर ढोल बजाकर कार्रवाई 13,401 रुपये जुर्माना वीडियो वायरल

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम ने शहर में सड़क पर कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ अनोखी कार्रवाई करते हुए मनीमाजरा क्षेत्र में ढोल बजाकर उन्हें घरों से बाहर बुलाया और उन पर जुर्माना लगाया। स्वच्छता निरीक्षक दविंदर रोहिल्ला के नेतृत्व में वार्ड-5 (मोरी गेट) और वार्ड-6 (गोविंदपुरा) में की गयी इस कार्रवाई के दौरान प्रत्येक व्यक्ति से 13,401 रुपये का चालान किया गया। निगम कर्मियों ने फेंका गया कचरा भी वापस उसी घर मालिक को सौंप दिया। इस दौरान बनायी गयी वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। यह पहली बार है, जब नगर निगम ने इस प्रकार की कार्रवाई की है। निगम अधिकारियों का कहना है कि इसका उद्देश्य लोगों को साफ-सफाई के प्रति जिम्मेदार बनाना है। इस बीच, वरिष्ठ उप महापौर जसबीर सिंह बंटी ने इस कदम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है, लेकिन नगर निगम को लोगों को जागरूक करने पर अधिक जोर देना चाहिए। श्री बंटी ने सुझाव दिया कि निगम को घर-घर जाकर लोगों को समझाना चाहिए और उनसे सफाई संबंधी फोटो मंगवाने चाहिए, ताकि समस्या का समाधान सकारात्मक तरीके से हो सके।

### अमृतसर में बस स्टैंड पर बस कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर बस अड्डा पर मंगलवार सुबह, बस कर्मचारियों के बीच यात्रियों को अपनी बस में बैठाने को लेकर झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक बस के कर्मचारी ने दूसरी बस के कंडक्टर की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक गगनदीप सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान कहलों बस सर्विस के कंडक्टर मक्खन सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि बस कर्मचारी को चार गोलियां मारी गयी हैं। पुलिस ने मौके से छह गोलियों के खोल बरामद किये हैं और सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि झगड़ा इस बात पर हुआ कि यात्रियों को बस स्टैंड से पहले कौन उठाएगा। गोलीबारी के बाद आरोपी कर्मचारी भाग गया, जिसकी तलाश तेज कर दी गयी है। घायल युवक को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो अलग-अलग प्राइवेट बसों के मुलाजिमों के बीच काफी देर से कहासुनी चल रही थी। मामला उस समय बिगड़ गया, जब एक पक्ष ने गुस्से में हथियार निकाल लिया और फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में कहलों बस के मुलाजिम माखन को करीब चार गोलियां लगीं। वह मौके पर ही गिर पड़ा और दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी।

### भगवान नारायण की बदरीशपुरी में 481 करोड़ के मास्टर प्लान का दिखने लगा स्वरूप

**देहरादून।** काशी विश्वनाथ, उज्जैन महाकालेश्वर अयोध्या में राम मंदिर, बाबा केदारनाथ धाम के बाद बदरीनाथ की बदरीशपुरी को फिर से सजाया संवारा जा रहा है। खास बात यह कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार इस प्रोजेक्ट की समीक्षा कर रहे है। दरअसल, बदरीनाथ में मास्टरप्लान के तहत संतुलित व समग्र विकास योजना पर काम हो रहा है। इससे यहां धार्मिक, पर्यावरणीय और सामाजिक दृष्टिकोण से स्वास्थ्यपूर्ण तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। इस योजना के लिए 481 करोड़ का बजट रखा गया है। इससे इस स्थल को एक स्मार्ट आध्यात्मिक सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत मंदिर परिसर के पुनर्गठन, जाम कम करने के उपाय, पर्यावरण संरक्षण, सड़क, पैदल मार्ग और सार्वजनिक उद्यानों का विकास शामिल हैं। परियोजना के तहत अलकनंदा नदी के किनारे एक नदीफ्रंट और प्लाज़ा का निर्माण, बिजली, पानी और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं का उन्नयन किया जा रहा है, मास्टरप्लान में भूमि उपयोग और भवन निर्माण नियमों के कड़ाई से पालन, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और भूकंपीय सुरक्षा के उपाय भी शामिल किए गए हैं। इस योजना के तहत स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजन, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर अनुभव प्रदायन पर विशेष ध्यान दिया गया है। अगले 50 सालों में तीर्थ यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए परियोजना का भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचा तीन चरणों में पूरा किया जाएगा, जो 85 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला है। मास्टर प्लान के तहत बदरी नगरी के बाजार को व्यवस्थित किया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को स्थानीय उत्पादों की खरीदारी के लिए आकर्षित हो सकें। इसका एक फायदा और होने जा रहा है कि धाम परिसर तक जाने वाला मार्ग भी चौड़ा हो जाएगा। श्रद्धालुओं के रहने के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। केंद्र सरकार आने वाले समय में रेल प्रोजेक्ट के कर्णप्रयाग तक पहुंच जाने के बाद द्वितीय फ़ेस में रेल को और आगे पहुंचाने की संभावनाओं को भी तलाश रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के दौरान बदरी और केदार धाम के विकास के बारे में जरूर चर्चा हुई। पीएमओ लगातार इस प्रोजेक्ट की समीक्षा कर रहा है। साथ ही हमारी सरकार भी इस पर लगातार विशेष ध्यान दे रही है।

### उत्तराखंड: द्वितीय केदार मद्महेश्वर मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**रूद्रप्रयाग/उखीमठ।** द्वितीय केदार मदमहेश्वर के कपाट मंगलवार प्रातः शीतकाल के मार्गशीर्ष कृष्ण चतुर्दशी स्वाति नक्षत्र के शुभ मुहूर्त में बंद हो गए। साढ़े तीन सौ से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के मौके पर साक्षी बने। कपाट बंद होने के बाद मदमहेश्वर की चल विग्रह डोली भंडार निरीक्षण और मंदिर की परिक्रमा के पश्चात ढ़ोल-दमाऊं के साथ प्रथम पड़ाव गौंडार के लिए प्रस्थान कर गई। तीन दिवसीय मदमहेश्वर मेला 20 नवंबर से शुरू हो रहा है। कपाट बंद होने की प्रक्रिया के अंतर्गत ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर खुला श्रद्धालुओं ने दर्शन किये पूजा-अर्चना अर्चना के बाद 7 बजे से कपाट बंद ही प्रक्रिया शुरू हो गयी। इसके पश्चात पुजारी शिवलिंग ने बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी/ कार्यपालक मजिस्ट्रेट विजय प्रसाद थपलियाल, बीकेटीसी सदस्य प्रह्लाद पुष्पवान एवं पंच गौंडारी हकहकूकधारियों की उपस्थिति में मदमहेश्वर के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप दिया। इसके बाद प्रातः 8 बजे मंदिर के कपाट मदमहेश्वर के जयघोष के साथ शीतकाल के बंद हो गए। मंदिर को फूलों से सजाया गया था। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने अपने संदेश में द्वितीय केदार मदमहेश्वर मंदिर के कपाट बंद होने के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी।

# मुख्यमंत्री ने आजादपुर में अत्याधुनिक बस टर्मिनल और 40 नई ई-बसें दिल्लीवासियों को किया समर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को आजादपुर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त अपग्रेडेड बस टर्मिनल दिल्लीवासियों की सेवा में समर्पित किया। इस कार्यक्रम में 40 नई ई-बसों को हरी झंडी दिखाकर जनता की सेवा में समर्पित किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह नया टर्मिनल राजधानी के सार्वजनिक परिवहन को अधिक तेज, सुरक्षित और पैसेंजर फ्रेंडली बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेखा गुप्ता ने बताया कि यहां से 21 प्रमुख रूटों पर 116 बसें संचालित होंगी। बस पास सेक्शन, बेबी फीडिंग रूम, आधुनिक प्रतीक्षालय और सुरक्षित, कवर्ड वॉक-वे जैसी सुविधाएं यात्रियों के आराम और सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए इस टर्मिनल को आजादपुर मेट्रो स्टेशन से फुट ओवर ब्रिज के माध्यम से सीधा कनेक्ट किया गया है, जिससे इंटर-मोडल कनेक्टिविटी और भी मजबूत होगी। कार्यक्रम में 40 नई ई-बसों को हरी झंडी दिखाकर जनता की सेवा में समर्पित किया। दिल्ली सरकार लगातार डीटीसी बेड़े में ई-बसों को शामिल कर रही है ताकि दिल्ली का सार्वजनिक परिवहन अधिक स्वच्छ, पर्यावरण-अनुकूल बने और वायु प्रदूषण नियंत्रण के हमारे प्रयास और सशक्त हों। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट सहयोगी डॉ. पंकज सिंह तथा विधायक राज कुमार भाटिया उपस्थित रहे।

### आम आवाम ईं कुमार शैलेंद्र को मंत्री बनाने की कर रही मांग: प्रो गौतम

**भागलपुर।** नवगछिया भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो गौतम ने मंगलवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि बिहपुर की आम आवाम ईं कुमार शैलेंद्र को मंत्री बनाने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि विधायक ई शैलेंद्र की छवि ईमानदार और संगठनकर्ता के रूप में व्याप्त है। शीर्ष नेतृत्व और बिहार में ई शैलेंद्र को विकास पुरुष और बेजोड़ संगठनकर्ता के रूप में सुविख्यात है। चुनाव के दौरान जब कार्यकर्ता गांव गांव में प्रचार के लिए घुम रहे थे तो आम आवाम में इस बात से काफी उत्साह था कि इस बार हमलोग विधायक के साथ साथ मंत्री का भी चुनाव कर रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद मंत्री बनाने की मांग और जोर पकड़ता जा रहा है। प्रो गौतम ने कहा कि जिस तरह विरोधी पूरी ताकत चुनाव हराने में ई शैलेंद्र को लगे थे, किंतु ई शैलेंद्र अपने कार्यकर्ता एवं अपने संगठन कौशल से विरोधी के जाल को काटते हुए अजेय बहुमत से चुनाव विपरीत परिस्थितियों में जीतने में कामयाब हुए। जनता का आशीर्वाद हासिल किए जैसा कि आज तक बिहपुर विधानसभा में आज तक कोई भी बिहपुर विधानसभा में इतने बड़े अंतर से चुनाव नहीं जीत पाए थे।

# मिथिला कला उत्सव 2025 का मधुबनी में होगा आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। कला और साहित्य की अग्रणी अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के उत्तर बिहार प्रांत द्वारा मिथिला कला उत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। आगामी 14 दिसंबर 2025 को मधुबनी स्थित रीजनल सेकेंडरी स्कूल में इसका आयोजन होगा। इस कला उत्सव का विषय 'कुटुंब प्रबोधन' ''समृद्ध राष्ट्रक आधार अपन संयुक्त परिवार'' निर्धारित किया है, जो वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में अत्यंत सार्थक और समयानुकूल माना जा रहा है। इस आशय की विस्तृत जानकारी संस्कार भारती, उत्तर बिहार के प्रांतीय महामंत्री सुरभित दत्त द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। उन्होंने बताया कि संस्कार भारती उत्तर बिहार प्रांत द्वारा विगत वर्षों में क्रांतितीर्थ और पूर्णिया में मिथिला कला उत्सव के प्रथम संस्करण का सफल आयोजन किया गया था। इन आयोजनों में पारंपरिक कला, और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन को नई गति मिली थी। इन्हीं उपलब्धियों के क्रम को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष कला की भूमि मधुबनी में मिथिला कला उत्सव 2025 का आयोजन करने जा रही है। मधुबनी, जो स्वयं मिथिला चित्रकारी, संगीत, लोक-संस्कृति और शिल्पकला का प्राण-केन्द्र माना जाता है, इस उत्सव के आयोजन से एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक सरोकारों का केंद्र बनेगा। उत्सव में मिथिला क्षेत्र के 150 से अधिक ख्यातिप्राप्त कला साधकों के जुटने की संभावना है।

# डीआरएम किरेंद्र नराह ने किया कटिहार-पूर्णिया रेलखंड का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। कटिहार रेलमंडल अंतर्गत पूर्णिया सेक्शन में डीआरएम किरेंद्र नराह ने यात्री सुविधाओं और संचालन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से निरीक्षण करते हुए कई दिशा निर्देश दिए। इस संबंध में कटिहार रेलमंडल के पीआरओ सह सिनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने बताया कि डीआरएम किरेंद्र नराह के कुशल नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय निरीक्षण दल ने पूर्णिया एवं रानीपतरा रेलवे स्टेशनों का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने दोनों स्टेशनों के स्टेशन परिसर, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, यात्री सुविधाएं तथा परिचालन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं का गहन अवलोकन किया।



डीआरएम किरेंद्र नराह ने रानीपतरा स्टेशन पर अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने यात्रियों कोऔर बेहतर एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण दल ने मार्चेंट रूम, लैबर रूम, प्रतीक्षालयों एवं अन्य सेवा कक्षों का भी निरीक्षण किया तथा उनकी वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए सुधार के बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए उपलब्ध संसाधनों एवं सुविधाओं के विस्तार पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा पूर्णिया स्टेशन पर टीम ने गुड्स शेड, सर्कुलेटिंग एरिया तथा रेल क्षेत्र स्थित कई स्थानों का निरीक्षण किया और स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा उपाय एवं संरचनात्मक सुधारों से संबंधित निर्देश दिए । सीनियर डीसीएम ने बताया कि दोनों स्टेशनों को यात्रियों और कर्मचारियों के लिए और अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने का लक्ष्य उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि यात्री सुविधाओं से जुड़े कार्यों में निरंतर सुधार, पारदर्शिता और त्वरित क्रियान्वयन को सर्वोच्च महत्व दिया जा रहा है।


# चुनाव में हार की प्रशांत किशोर ने ली जिम्मेवारी

**■ कहा – महात्मा गांधी भीतहरवा आश्रम में एक दिवसीय उपवास कर करेंगे प्रायश्चित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद मंगलवार को जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि चुनाव में हार की जिम्मेवारी वह लेते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि नई सरकार बिहार के लोगों को उनके सपने का प्रदेश देगी जैसा कि उन लोगों ने चुनाव में वादा किया था। उन्होंने कहा कि बिहार में व्यवस्था परिवर्तन करने की लोगों से किए गए वादे को पूरा नहीं कर पाने के कारण प्रायश्चित करेंगे और महात्मा गांधी भीतहरवा आश्रम में एक दिन का उपवास रखेंगे। उन्होंने कहा कि गलती हुई होगी पर कोई गुनाह नहीं किया है। बिहार में राजनीतिक दलों ने जातियों की राजनीति, हिंदू मुस्लिम की राजनीति और गरीब लोगों को गुमराह कर वोट लेने की राजनीति की है। लेकिन हमने किसी को गुमराह कर के वोट लेने का गुनाह नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जब तक आप छोड़ेंगे नहीं, आप हार नहीं सकते। बिहार को सुधारने की जिद को पूरा करने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे। पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में पहली बार ऐसा हुआ है कि चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए सरकार ने योजनाओं के माध्यम से पैसे दिए। उन्होंने जोड़ देकर कहा कि जिन योजनाओं के पैसे चुनाव के पूर्व दिए गए उनकी आगे की किश्त भी छह महीने के अंदर पूरा करें। उन्होंने कहा कि जदयू को 25 सीट नहीं आने वाली बात पर कायम हैं। उन्होंने कहा कि 3 साल गाँव गाँव घूमने के बाद जो आकलन था उसमे नीतीश कुमार को वोट नहीं मिलना चाहिए था। लेकिन सरकारी पैसे का जिस प्रकार वितरण हुआ उससे उन्होंने वोट पाया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063